**सुविचार**
कार्य उसी का सिद्ध होता है जो समय को विचार कर कार्य करता है। वह खिलाड़ी कभी नहीं हारता जो दांव पर विचार कर खेलता है।
वृंद

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

शारदीय नवरात्र : छठा दिन
कात्यायनी दुर्गा का ध्यान
चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।। कात्यायनी शुभं दद्याद देवी दानवघातिनी।।


Ranchi ● Friday, 20 October 2023 ● Year : 01 ● Issue : 273 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 62,622.24 |
| निफ्टी | : | 18,534.40 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,740 |
| चांदी | : | 76.08 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### आप सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी पर फैसला सुरक्षित

**NEW DELHI :** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।

### जिला जज करेंगे ज्ञानवापी मामले की सुनवाई

**VARANASI :** ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यासजी के तहखाने को जिलाधिकारी को सौंपने के मामले की सुनवाई जिला जज की अदालत में होगी। जिला जज ने व्यास परिवार का आवेदन मंजूर करते हुए गुरुवार को कहा कि इस केस को सिविल जज सीनियर डिवीजन से वापस लेकर जिला जज की अदालत में सुना जाएगा।

### सांसदी-घर छीना, क्योंकि भाजपा के सामने खड़ा हूं

**TELANGANA :** तेलंगाना दौरे पर राहुल ने विजयभेरी यात्रा में हिस्सा लिया। राहुल ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- कि मैं भाजपा के सामने खड़ा हूं। इसलिए मेरी सांसदी और घर छीन लिया गया। राहुल ने आगे कहा कि तेलंगाना से केसीआर और केंद्र से भाजपा की सरकार को हटाना है। राहुल ने कहा कि देश में भाजपा विपक्ष के नेताओं के पीछे सीबीआई, ईडी, आईटी लगाती है। भाजपा विपक्ष को डराने के लिए उन पर केस डालती है।

### भारत के स्किल्ड युवाओं की डिमांड बढ़ रही: पीएम

**MUMBAI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार 19 अक्टूबर को कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत के स्किल्ड युवाओं की डिमांड बढ़ रही है। बहुत से देश ऐसे हैं, जहां सीनियर सिटीजन्स की संख्या बहुत ज्यादा है और बुजर्गों की संख्या बढ़ रही है। वहां ट्रेंड युवा बहुत मुश्किल से मिल रहे हैं। इस बारे में किए गए सर्वे से पता चला है कि दुनिया के 16 देश करीब 40 लाख स्किल्ड युवाओं को अपने देश में नौकरी देना चाहते हैं। इन देशों में स्किल्ड प्रोफेशनल्स की कमी है। कंस्ट्रक्शन सेक्टर, टूरिज्म इंडस्ट्री, हॉस्पिटलिटी और ट्रांसपोर्ट जैसे बहुत सारे सेक्टर हैं, जहां आज विदेशों में बहुत डिमांड है।

# भगवा ब्रिगेड का मास्टर स्ट्रोक : रघुवर 'राज' अब ओडिशा वाया दिल्ली



**EXCLUSIVE**

**SUHAIB ANSARI @ RANCHI :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को पड़ोसी राज्य ओडिशा का राज्यपाल बनाए जाने की घोषणा के साथ ही राज्य में राजनीतिक चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। झारखंड की राजनीति में इसे बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इस फैसले को भगवा ब्रिगेड की बड़ी स्ट्रेटजी के रूप में परिभाषित किया जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों की माने तो यह फैसला शत-प्रतिशत आगामी चुनाव को ध्यान में रखकर ही लिया गया है। चुनावी रणनीतिकार केंद्र सरकार के इस फैसले को कई अलग-अलग बिंदुओं के जरिए परिभाषित करने का प्रयास कर रहे हैं।

पेज 3 भी देखें।

## सियासत : पांच बिंदुओं में समझिए राज्यपाल बनाए जाने के मायने-मतलब

### 1. क्या लोकसभा चुनाव से पहले सारे विरोध के स्वर खत्म हो गए?

रघुवर दास के राज्यपाल बनाए जाने के बाद यह तर्क दिया जा रहा है कि इससे पार्टी अपने नाराज नेताओं के एक गुट को संतुष्ट करने में सफल रहेगी। लोकसभा चुनाव से पहले पूरी पार्टी संगठित दिखने लगेगी। इसका असर चुनाव परिणाम पर पड़ेगा। ऐसा कहा जाता है कि रघुवर दास से मतभेद के कारण भाजपा के कई वरिष्ठ नेता पार्टी से दूर हो गए थे। कुछ विश्लेषकों का कहना है कि वर्तमान में लोकसभा की तीन सीटों पर रघुवर दास का दबाव पार्टी के उम्मीदवार चयन में आड़े आ रहा था। इसमें जमशेदपुर, चतरा और धनबाद की सीटें शामिल थीं। इसमें से एक सीट पर खुद रघुवर दास की दावेदारी मानी जा रही थी। वहीं दो सीटों पर उनकी पसंद की उम्मीदवार के चयन का दबाव था।

### 2. क्या मरांडी का रास्ता हो गया साफ



रघुवर दास को राज्यपाल बनाए जाने के साथ ही प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का रास्ता साफ होने का तर्क दिया जा रहा है। आने वाले लोकसभा चुनाव में वह पार्टी हित में कोई भी निर्णय लेने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र हो गये हैं। चुनाव के बाद परिणाम को लेकर वह पार्टी में किसी तरह के असंतोष अथवा गुटबाजी का तर्क केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष नहीं रख सकेंगें। अगर लोकसभा चुनाव में पार्टी वर्ष 2019 का अपना प्रदर्शन कायम रखती है अथवा परिणाम और बेहतर आते हैं तो इससे मरांडी का कद बढ़ेगा। इससे पार्टी विधानसभा चुनाव में नेतृत्व को लेकर किसी तरह के असमंजस अथवा दुविधा में नहीं रहेगी।

### 3. क्या सरयू की होगी घर वापसी



प्रदेश भाजपा की सक्रिय राजनीति से रघुवर दास के दूर होने के बाद यह भी कयास लगाये जा रहे हैं कि अब सरयू राय की भाजपा में फिर घर वापसी आसान हो जाएगी। पिछले विधानसभा चुनाव में पार्टी के इन दोनों बड़े नेताओं की तकरार से संगठन को बड़ा राजनीतिक नुकसान हुआ था। एक तरफ जहां पार्टी सत्ता में वापसी नहीं कर सकी वहीं पूरे कोल्हान प्रमंडल के तीन जिलों की विधानसभा सीटों पर पार्टी का खाता नहीं खुल सका था। तत्कालीन मुख्यमंत्री को हार का मुंह देखना पड़ा। ऐसा माना जा रहा है कि जमशेदपुर पूर्वी से मौजूदा विधायक सरयू राय धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं। रघुवर दास के प्रदेश राजनीति में सक्रिय रहने तक सरयू राय की वापसी लगभग असंभव बनी हुई थी। पार्टी का केंद्र नेतृत्व किसी भी कीमत पर अपने बड़े ओबीसी नेता को नाराज कर सरयू को फिर से भगवा गमछा पहनने का जोखिम नहीं ले सकता था। रघुवर के प्रदेश राजनीति से हटाने के बाद पार्टी के पास सरयू राय को देने के लिए कई विकल्प बन गये हैं।

### 4. क्या रघुवर खेमा हो गया पूरी तरह से संतुष्ट

प्रदेश भाजपा में रघुवर दास के खेमे में माने जाने वाले विधायकों को पार्टी ने हाल ही में उचित सम्मान दिया है। हाल ही में अमर बाउरी को पार्टी के विधायक दल का नेता बनाया गया वहीं जेपी भाई पटेल को सचेतक का दायित्व दिया गया। यह दोनों पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के नजदीकी लोगों में माने जाते हैं। इसके साथ ही रघुवर दास को चुनावी हार के बावजूद शासन सत्ता में दोबारा स्थापित कर दिया गया है। संभावना जताई जा रही है कि रघुवर दास का खेमा इस एडजस्टमेंट से पूरी तरह से संतुष्ट हो जाएगा। रघुवर को नई जिम्मेदारी देकर भाजपा ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में मास्टर स्ट्रोक खेला है। पार्टी छत्तीसगढ़ की जनता के बीच एक सकारात्मक संदेश देने में सफल हो सकती हैं। छत्तीसगढ़ के लोग रघुवर दास को अपने राज्य का निवासी मानते हैं। इससे बड़ा वोट बैंक पार्टी के पक्ष में लामबंद हो सकता है।

### 5. क्या जमशेदपुर की स्थानीय राजनीति में आएगा बड़ा बदलाव

रघुवर दास के राज्यपाल बनाए जाने के बाद यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि जमशेदपुर की स्थानीय राजनीति में बड़ा बदलाव आ सकता है। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र रघुवर दास की परंपरागत सीट रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में रघुवर दास चुनाव हार गए थे। आगामी विधानसभा चुनाव में वह फिर इस सीट से निर्विवाद उम्मीदवार बन सकते थे। ऐसे में अगर वर्ष 2024 तक रघुवर दास राज्यपाल बने रहते हैं तो इस विधानसभा सीट पर दूसरे उम्मीदवारों को मौका मिल सकता है। भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले और हिंदुओं के फायर ब्रांड नेता बनकर उभरे अभय सिंह में से किसी एक की लॉटरी लग सकती है। सरयू राय ने पहले ही यह संकेत दे दिया है कि रघुवर दास के अलावा अगर भाजपा किसी दूसरे प्रत्याशी को जमशेदपुर पूर्वी सीट पर मौका देती है तो वह सीट छोड़ सकते हैं।

## नई जिम्मेदारी पर बोले रघुवर दास- किसी बात का मलाल नहीं

**JAMSHEDPUR :** ओडिशा के राज्यपाल बनाये जाने के बाद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बड़ा बयान दिया है। दास ने कहा है कि उन्हें किसी बात का मलाल नहीं है। भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व ने मुझे मंडलाध्यक्ष, विधायक, प्रदेशाध्यक्ष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और झारखंड का मुख्यमंत्री बनाने के बाद अब राज्यपाल बनाया। मुझे पार्टी ने जब जो जिम्मेदारी दी गई मैंने उसका निर्वहन ईमानदारी से किया। सीएम रहते झारखंड में पांच साल तक एक बेदाग, जिम्मेदार, ईमानदार और जनता के प्रति जवाबदेह सरकार मैंने चलायी।

## रांची स्मार्ट सिटी को मिला नवरात्रि गिफ्ट, खुलेगा
# अपोलो हॉस्पिटल

- रांची नगर निगम और अपोलो हॉस्पिटल, चेन्नई के बीच सब लीज डीड पर हुआ हस्ताक्षर
- राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बना रही राज्य सरकार : मुख्यमंत्री

**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है, ताकि आम जनता को बेहतर और आधुनिक चिकित्सीय सुविधाएं मिल सके। इसी कड़ी में गुरुवार को रांची स्मार्ट सिटी के एरिया बेस्ड डेवलपमेंट क्षेत्र में अपोलो मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निर्माण के लिए रांची नगर निगम और अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड, चेन्नई के बीच सब लीज डीड पर हस्ताक्षर किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था बहुत बेहतर नहीं रही है। ऐसे में वर्ष 2019 में सरकार के गठन के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में लगातार काम हो रहा है। इस कड़ी में सरकारी अस्पतालों में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है।चिकित्सकों एवं पारा मेडिकल कर्मियों की नियुक्तियां हो रही है। निजी क्षेत्र के अस्पताल यहां स्थापित हों, इसके लिए भी लगातार प्रयास हो रहे हैं, ताकि लोगों को बेहतर इलाज के लिए राज्य के बाहर और बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़े।



डीड साइन करने के बाद सीएम हेमंत, अपोलो हॉस्पिटल व निगम की टीम।

### 250 बेड का बनेगा मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल

अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज के द्वारा रांची स्मार्ट सिटी परिसर में लगभग 2.75 एकड़ जमीन में 250 बेड वाले मल्टी सुपर स्पेश्यलिटी हॉस्पिटल का निर्माण किया जाएगा। यहां विशेष रूप से कार्डियोलॉजी, ऑथोपीडिक, गायनोकॉलोजी, जनरल सर्जरी, जनरल मेडिसिन, पीडियाट्रिक्स, ईएनटी सेवा प्रदान की जायेगी। इसके अलावा इमरजेंसी सेवा, रेडियोलोजी, पैथोलॉजी, डाइटरी सर्विसेस की भी व्यवस्था यहां होगी।

### डेढ़ लाख लोग सीधे तौर पर होंगे लाभान्वित

रांची स्मार्ट सिटी परिसर में कई इंस्टीट्यूशंस, स्कूल, कॉलेज, पांच सितारा समेत कई होटल मॉल, ऑफिस तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का निर्माण होना है। साथ ही एक मेडिकल कॉलेज का भी निर्माण निर्धारित है। इसके अलावा यहां लगभग 16 हजार आवासीय इकाई होंगे और अनुमानित है कि लगभग डेढ़ लाख की जनसंख्या इस विकसित क्षेत्र में निवास करेगी, जो इस परियोजना से सीधे रूप से लाभान्वित होगी।

### मुख्यमंत्री ने पत्नी के साथ आरआर स्पोर्टिंग क्लब पूजा पंडाल का किया उद्घाटन

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शारदीय नवरात्र की पंचमी पर गुरुवार को आरआर स्पोर्टिंग क्लब पूजा पंडाल, रातू रोड और पंच मंदिर पूजा पंडाल, हरमू का अनावरण किया। मौके पर उन्होंने अपनी पत्नी कल्पना सोरेन संग माता रानी के दरबार में शीश नवा कर राज्य और राज्यवासियों की उन्नति, सुख-समृद्धि, शांति, अमन-चैन की कामना की। सीएम ने लोगों को नवरात्रि की बधाई और शुभकामनाएं दी और कहा- आप सभी पूरे हर्षोल्लास के साथ इस त्योहार को मनाएं।



## इटकी में तीन युवकों को मारी गोली, भर्ती
### तीन बाइक पर सवार होकर आए छह अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम



- अपराधियों ने की छह राउंड से ज्यादा फायरिंग
- दीपक को पेट के पास, भोमा को कान के पास और नरेश को पेट में लगी गोली

**CRIME REPORTER RANCHI :** राजधानी रांची में दुर्गा पूजा की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए अपराधियों ने इटकी थाना क्षेत्र के गड़गांव में गुरुवार की देर शाम तीन लोगों को गोली मार दी है। जानकारी के अनुसार, दीपक सिंह, भोमा सिंह और नरेश नाम नामक युवकों को अपराधियों ने सरेशाम गोली मारी है। तीनों को घायल अवस्था में इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां तीनों की हालत गंभीर बनी हुई है। इटकी के गड़गांव के रहने वाले दीपक और भोमा सिंह इटकी के भंडरा निवासी नरेश के साथ गड़गांव चौक के पास गुरुवार की शाम एक दुकान के बाहर बैठे हुए थे। इसी दौरान तीन बाइक पर सवार छह अपराधी मौके पर पहुंचे और दीपक, भोमा और नरेश को निशाना बना कर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। अपराधियों ने छह राउंड से ज्यादा फायरिंग की, जिसमें दीपक को पेट के पास, भोमा को कान के पास और नरेश को पेट में गोली लगी है। फायरिंग के बाद स्थानीय लोगों को अपनी और आते देख सभी अपराधी मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने आनन फानन में तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया।

## ईडी ने शराब कारोबारी योगेंद्र को किया गिरफ्तार

**CRIME REPORTER RANCHI :** झारखंड शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को गुरुवार की देर शाम गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में ईडी ने बीते 23 अगस्त को 34 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। उन ठिकानों में योगेंद्र तिवारी के देवघर स्थित होटल सिद्धार्थ के सामने स्थित गोदाम, बोम्पास टाउन स्थित डॉ। राजीव पांडेय अस्पताल के पास स्थित आवास, हरमू हाउसिंग कॉलोनी के डी-2 स्थित मेसर्स संथाल परगना बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड और जामताड़ा के दो ठिकानों पर छापेमारी की गई थी। शराब घोटाला मामले में योगेंद्र तिवारी बीते 26 अगस्त की दोपहर ईडी के रांची जोनल ऑफिस पहुंचे थे। इसके बाद ईडी के अधिकारियों ने घंटों योगेंद्र तिवारी से पूछताछ की थी। इसके बाद ईडी ने बीते 11 सितंबर को शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी से दिनभर पूछताछ की थी। ईडी को छानबीन में यह जानकारी मिली है कि जेल में बंद प्रेम प्रकाश व योगेंद्र तिवारी के बीच पुरानी शराब नीति के तहत शराब की बिक्री के दौरान रुपयों का लेन-देन हुआ था। प्रेम प्रकाश पहले 1000 करोड़ के अवैध खनन और उसके बाद जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार हैं।


योगेंद्र तिवारी।

### महाराष्ट्र में स्लो पॉइज़न देकर 5 लोगों की हत्या

**MUMBAI :** महाराष्ट्र के गडचिरोली में एक महीने के अंदर एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने बुधवार (18 अक्टूबर) को घर की बहू और एक महिला रिश्तेदार को गिरफ्तार किया है। दोनों पिछले एक महीने से सभी को खाने-पीने की चीजों में स्लो पॉइज़न दे रही थीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आरोपी महिलाएं संघमित्रा कुम्भारे (22) और रोजा रमटेके (36) हैं। मृतकों की पहचान संघमित्रा के पति रोशन कुम्भारे, शंकर कुम्भारे (ससुर), विजया (सास), कोमल (ननद) और वर्षा उराडे (सास की बहन) के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि अकोला की रहने वाली संघमित्रा का रोशन के साथ प्रेम-प्रंसग था। संघमित्रा के घरवाले दोनों के रिश्ते के खिलाफ थे। दिसंबर 2022 में संघमित्रा ने घर से भागकर रोशन से शादी कर ली। शादी के बाद संघमित्रा गडचिरोली में अपने ससुरालवालों के साथ रहने लगी। हालांकि रोशन उसके साथ मारपीट करने लगा। उसके घरवाले भी संघमित्रा के साथ बुरा व्यवहार करते थे।

**इजराइल पर 2 तरफ से हमला, लेबनान बॉर्डर पर 10 हजार लड़ाके एक्टिव, गाजा में अब तक 3785 लोगों की मौत**

# हमास और हिजबुल्लाह ने इजराइल पर दागे रॉकेट




**AGENCY TEL AVIV-YAFO :** इजराइल और हमास की जंग का गुरुवार 13वां दिन था। इजराइल पर दो तरफ से हमलों का डर था और यह सच साबित हुआ। इजराइल पर नॉर्थ से हिजबुल्लाह रॉकेट और मिसाइलें दाग रहा है तो साउथ से हमास। लेबनान बॉर्डर पर मौजूद इजराइल के आखिरी शहर मैटुला में हिजबुल्लाह के करीब 10 हजार लड़ाके एक्टिव हैं। इनके पास एंटी टैंक मिसाइलें तक हैं। एक तरफ गाजा फ्रंट खुला है, तो दूसरी तरफ लेबनान से भी खतरा बढ़ रहा है। हिजबुल्लाह शिया मिलिशिया ग्रुप है, जबकि हमास सुन्नी मिलिशिया गुट है। अगर ये फ्रंट भी जंग में तब्दील होता है तो इसका मतलब ये हुआ कि इजराइल की मुश्किलें कई गुना बढ़ जाएंगी। न्यूयॉर्क टाइम्स ने हमास के कब्जे वाले गाजा के हेल्थ डिपार्टमेंट के हवाले से बताया है कि गाजा में अब तक कुल 3785 लोग मारे गए हैं। इनमें 1524 बच्चे और 120 बुजुर्ग हैं। 12 हजार 493 लोग घायल हैं। इनमें चार हजार बच्चे हैं। दूसरी तरफ, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री गुरुवार को तेल अवीव पहुंचे और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की। सुनक ने इजराइल को पूरे समर्थन और मदद का भरोसा दिलाया। इजराइल डिफेंस फोर्सेज के प्रवक्ता एडमिरल डेनियल हगारी ने कहा है कि हम इस बात संभावना को खारिज नहीं कर सकते हैं कि अभी हमास के लड़ाके हमारे देश में मौजूद हैं।



> फिलिस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति महामहिम से बात की। महमूद अब्बास गाजा के अल अहली अस्पताल में नागरिकों की मौत पर अपनी संवेदना व्यक्त की। हम फि लिस्तीनी लोगों के लिए मानवीय सहायता भेजना जारी रखेंगे। क्षेत्र में आतंकवाद, हिंसा और बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर अपनी गहरी चिंता साझा की। इजराइल-फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत की लंबे समय से चली आ रही सैद्धांतिक स्थिति को दोहराया।
>
> **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री भारत।**

रेडियेशन थेरेपी कैंसर की चिकित्सा का एक तरीका है जिसमें आयोनाइजिंग रेडियेशन नामक कणों का इस्तेमाल कैंसर के सेल्स को क्षति पहुंचाने के लिए होता है।

## नए सेल्स नहीं बनने देती
# रेडियेशन थेरेपी



आयोनाइजिंग रेडियेशन कैंसर के सेल्स पर प्रहार करती है और उसके आनुवांशिक तत्व को नुकसान पहुंचा कर नए सेल्स को बनने नहीं देती । रेडियेशन थेरेपी के दौरान कैंसर के सेल्स के आसपास के सामान्य सेल्स को भी क्षति पहुंचती है लेकिन यह समय के साथ ठीक हो जाते हैं। रेडियेशन थेरेपी बाह्य रूप से एक्स रे बीम्स के रूप में गामा रेज या सब एटामिक पार्टिकल्स के रूप में दी जाती है। बाह्य रूप से रेडियेशन देने की प्रक्रिया में 5 से 15 मिनट लगते हैं और इसमें दर्द नहीं होता।

### कुछ नए तरीके

चिकित्सा कितनी बार दी जानी है यह हर व्यक्ति के लिए अलग अलग होता है। कुछ स्थितियों में चिकित्सा में कई हफ्ते लग जाते हैं। आंतरिक रूप से भी रेडियेशन दिया जाता है। ऐसे में रेडियोऐक्टिव पदार्थों को शरीर की कैविटी के रख दिया जाता है या फिर ट्यूमर के सेल्स के अन्दर रखा जाता है। रेडियेशन थेरेपी के प्रभाव को बढ़ाने के लिए अपनाये जाने वाले कुछ नए तरीके हैं –

- कनफार्मल बीम तकनीक: कई बीम से एक ही समय रेडियेशन भी ली जा सकती है। ऐसा करने से रेडियेशन ट्यूमर के सेल्स पर एकत्रित हो जाता है और सामान्य टिश्यूज को कम प्रभावित करता है।
- इन्ट्राआपरेटिव रेडियेशन थेरेपी : सर्जरी के दौरान ट्यूमर पर रेडियेशन दी जाती है।
- रेडियेसेंसिटाइजर्स: यह ड्रग्स कैंसर के सेल्स पर रेडियेशन के प्रभाव को बढ़ाते हैं।
- रेडियोप्रोटेक्टर्स: यह ड्रग्स सामान्य सेल्स को रेडियेशन के द्वारा हुई क्षति से बचाते हैं जबकि आसपास के कैंसर के सेल्स क्षतिग्रस्त हो चुके होते हैं।
- रेडियोइम्यूनोथेरेपी: रेडियोएक्टिव पदार्थ एण्टीबाडीज से जुड़े होते हैं जो कि रक्षात्मक रासायन होते हैं और प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा बनाये जाते हैं। यह एण्टीबाडीज कैंसर के सेल्स को प्रभावित करते हैं । हमारे शरीर के एण्टीबाडीज नान कैंसरस, स्वस्थ सेल्स को प्रभावित नहीं करते हैं इसलिए इससे ट्यूमर के बाहर रेडियेशन से होने वाली क्षति का खतरा कम होता है ।

### रोग की चिकित्सा

बाह्य / एक्सटर्नल रेडियेशन थेरेपी शुरू करने से पहले रेडियेशन विशेषज्ञ चिकित्सा की योजना बनाता है। वह यह भी निर्धारित करता है कि मरीज़ को किस प्रकार की रेडियेशन और कितने सेशन देने हैं । आप शुरूआती सेशन में भाग ले सकते हैं। चिकित्सक सबसे पहले उस जगह पर निशान बनाता है जहां पर कि रेडियेशन चिकित्सा देनी होती है।




चिकित्सकीय क्षेत्र पर निशान अंकित करने के लिए आजकल छोटे गोल्ड सीड्स का इस्तेमाल किया जाता है जिन्हें कि फिड्यूकल्स कहते हैं। एक चिकित्सकीय सेशन से दूसरे चिकित्सकीय सेशन में जाने के लिए ट्यूमर पर रेडियेशन की बीम देने पर ज्यादा सावधानी की आवश्यकता होती है। इससे रेडिसेशन के फैलने का खतरा और सामान्य सेल्स को क्षति पहुंचने का खतरा कम हो जाता है।

चिकित्सा के दौरान मरीज को अस्पताल का गाउन पहनने की आवश्यकता होती है। रेडियेशन थेरेपी के कमरे में आपको या तो चिकित्सा की टेबल पर लेटना होता है या विशेष कुर्सी पर बैठना होता है। आपकी त्वचा पर बनाये निशान से चिकित्सक उस जगह को निर्धारित कर सकेगा जहां पर रेडियेशन देनी है और शरीर के दूसरे भागों पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ेगा ।थेरेपी लेने के दौरान आपका एक ही स्थिति में पड़े रहना जरूरी है। इसी कारण से आपके शरीर को एक सांचे में रखा जाता है। एक बार जबकि आप चिकित्सा के लिए तैयार हो जाते हैं तो रेडियेशन आनकोलाजिस्ट कमरे से बाहर निकलकर पास के कंट्रोल रूम में चला जाता है । यहां से चिकित्सक ट्रीटमेंट मशीन का प्रयोग कर एक खास खिड़की से आपकी निगरानी करता है। रेडियेशन थेरेपी के दौरान आप चिकित्सकीय मशीन की आवाज़ सुन सकते हैं और यह मशीन आपके इर्द गिर्द घूमती है । यह चिकित्सा 1 से 5 मिनट तक होती है और इसमें किसी प्रकार का दर्द भी नहीं होता । ट्रीटमेंट के कमरे में आपको 5 से 15 मिनट तक का समय लगता है । सामान्यत: यह चिकित्सा एक हफ्ते से कई हफ्तों तक की जाती है । अगर आप आंतरिक रेडियेशन थेरेपी करा रहे हैं तो आपकी चिकितसा थोड़ा अलग तरीके से होती है ।

### ब्रैकी थेरेपी

एक तरीका है ब्रैकीथेरेपी जिसे कि इन्टरस्टीशियल रेडियेशन थेरेपी भी कहते हैं । अगर आप यह प्रक्रिया करा रहे हैं तो आपको एनेस्थीसिया दिया जाता है तारों में मौजूद रेडियोएक्टिव पदार्थ या छोटे ट्यूब में पड़ा रेडियोएक्टिव पदार्थ मरीज के शरीर में ट्यूमर के स्थान पर सीधा आरोपित कर दिया जाता है। यह रेडियोएक्टिव आरोपण शरीर के अंदर रहता है या इसे कुछ समय बाद शरीर से निकाल दिया जाता है और यह बात भी कैंसर के प्रकार पर निर्भर करती है।

दूसरी प्रक्रिया जिसे कि इन्ट्राकैविटरी थेरेपी कहते हैं इसमें आपको जनरल या लोकल एनेस्थेटिक दिया जाता है और रेडियोएक्टिव पदार्थ को सीधा शरीर की कैविटी में आरोपित कर दिया जाता है। बाद में इसे निकाल भी दिया जाता है। पुराने समय से आज तक दोनों ही प्रकार की रेडियेशन थेरेपी में बदलाव आये हैं। जैसे कि रेडियेशन का स्रोत प्रोटोन भी हो सकते हैं। इस तकनीक में रेडियेशन बीम को सीधा मरीज पर केंद्रित किया जाता है। इससे अधिक मात्रा में रेडियेशन टिश्यूज तक पहुंच जाती है और यह सामान्य सेल्स को कम नुकसान पहुंचाती है ।

वितरण की नयी तकनीक को देखते हुए एक्स रे इमेजिंग तकनीक का प्रयोग भी विस्तार से हो रहा है । ऐसे दो तरीके हैं–

- थ्री डाइमेंशनल कनफार्मल रेडियेशन और इन्टेंसिटी माडुलेटेड रेडियेशन : इसका ध्येय है ट्यूमर सेल्स में रेडियेशन की सही मात्रा देना जिससे कि सामान्य सेल्स को किसी प्रकार की क्षति ना पहुंचे ।
- साइबरनाइफ थेरेपी अधिक मात्रा में रेडियेशन थेरेपी देती है और इसे छोटे अंतराल पर देना होता है। ऐसे में बहुत ही सटीक मात्रा में रेडियेशन की डोज देनी होती है। कुछ स्थितियों में रेडियेशन चिकित्सा में कुछ हफ्ते लग जाते हैं और बीमारी ठीक हो जाती है।



### बीमारी का पूर्वानुमान

चिकित्सक कुछ शरीरिक जांच, स्कैन, एक्स रे, रक्त जांच करके रेडियेशन थेरेपी का पता लगाने की कोशिश करेंगे । आपके निश्चित प्रकार की फोलो अप और जांच से यह पता चलेगा कि रेडियेशन थेरेपी की आवश्यकता है या नहीं । इस जांच से ट्यूमर की सथिति का पता चलेगा और यह भी पता चलेगा कि कैंसर कितना फैल चुका है।

रेडियेशन थेरेपी के बहुत से दूसरे अतिरिक्त प्रभाव हैं जो कि शरीर के उस क्षेत्र पर निर्भर करते हैं जिनकी चिकित्सा की जानी है। रेडियेशन थेरेपी के प्रभाव कुछ इस प्रकार से हो सकते हैं जैसे कि थकान होना, बालों का झड़ना, त्वचा के रंग में परिवर्तन, भूख ना लगना, उलटियां आना, इन्फर्टिलिटी, स्टेरिलिटी, वैजाइनल ड्राइनेस। रेडियेशन थेरेपी से दूसरे प्रकार के कैंसर का भी डर रहता है।



# पथरी के दर्द से
## राहत दिलाएं यें नुस्खे



पथरी हमारे शरीर में खुद ही बननी शुरू हो जाती है, इसके बनने में उम्र की सीमा नहीं होती ।पहले जब ये छोटे–छोटे कंकर के रूप में फिर जब यें बड़ी हो जाती है ,इसके दर्द को बर्दाशत करना बहुत मुश्किल हो जाता है। पथरी हमारे शरीर में खुद ही बननी शुरू हो जाती है जैसे पित्त की पथरी,गुर्दे की पथरी और भी किसी भी जगह यें आकार में पहले छोटी बाद मे आकार मे बढ़नी शुरू हो जाती है। कुछ घरेलु नुस्खों की सहायता से आप इस पथरी के दर्द से राहत पा सकते है।

- पथरी होने पर नारियल का पानी पीना लाभदायक होता है।
- आंवले का चूर्ण तैयार करके मूली के साथ सेवन करने से पथरी से राहत पाई जा सकती है।
- जीरे और चीनी को अच्छी तरह पीसकर इस मिश्रण का सेवन ठंडे पानी से करने से पथरी से राहत पाई जा सकती है।
- आम के पत्तों को सुखाकर उनको अच्छी तरह पीसकर रोज इनका सेवन करने से लाभ मिलता है।
- पथरी होने पर चाय,कॉफी का सेवन अधिक नहीं करना चाहिए दर्द ज्यादा होने लगता है।
- तुलसी के बीज और दूध का सेवन करने से पथरी से राहत पाई जा सकती है।
- तुलसी के पत्तों को रोजाना चबाने से इससे राहत पाई जा सकती है।
- प्याज का सेवन करने से गुर्दे की पथरी से राहत मिलती है और हो सके तो प्याज के ताजा रस का सेवन करना गुर्दे की पथरी के लिए बहुत लाभदायक साबित हुआ है।
- अंगूर का सेवन करने से गुर्दे की पथरी से निजात पाई जा सकती है।

## ऐसा–वेसा मत समझना बड़े काम का है ये
# टमाटर

जो व्यक्ति सप्ताह में दस से ज्यादा टमाटर खाता है उसे प्रोस्टेट कैंसर होने का खतरा 18 प्रतिशत कम रहता है। यह जानकारी एक अनुसंधान में सामने आई है। इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए ब्रिस्टोल विश्वविद्यालय और आक्सफोर्ड




विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित 50 और 69 वर्ष की उम्र के 1,806 लोगों की खुराक और जीवनशैली पर ध्यान दिया और उसकी 12005 कैंसर मुक्त लोगों के साथ तुलना की।

अध्ययन में प्रोस्टेट कैंसर की 'आहारीय तालिका' विकसित की जिसमें आहारीय अवयवों सेलेनियम, कैलसियम और वैसे खाद्य पदार्थ जिसमें लाइकोपिन की प्रचुरता होती है, शामिल किया गया। यह पाया गया कि जिन लोगों ने इन तीन आहारीय अवयवों को खाने में शामिल किया उनमें प्रोस्टेट कैंसर की आशंका कम पाई गई। टमाटर और उसके उत्पाद जैसे टमाटर का जूस और पकाए हुए बीन सबसे ज्यादा गुणकारी पाए गए। 10 भाग से ज्यादा खाने वाले पुरुषों में बीमारी होने का खतरा 18 प्रतिशत कम पाया गया।

# मोटापा और मद्यपान से गंभीर बीमारी का खतरा


जानकारी



विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अपने ताजा शोध में कहा है कि 75 साल की उम्र होने तक औसत यूरोपीय महिलाओं की तुलना में ब्रिटिश महिलाओं में कैंसर की बीमारी विकसित होने का ज्यादा खतरा होता है। स्काई न्यूज के अनुसार एक औसत के मुताबिक यूरोप में 75 साल की उम्र तक पहुंचने वाली प्रत्येक पांचवी महिला कैंसर से पीड़ित हो जाएंगी। दूसरी ओर ब्रिटेन में करीब एक चौथाई महिलाएं कैंसर से पीड़ित होंगी। ऐसा इसलिए है कि ब्रिटेन में मोटापे और मद्यपान करने की दर बढ़ती जा रही है। वैसे शोधकर्ताओं का कहना है कि लोगों के कैंसर की बीमारी के चपेट में आने में आनुवांशिकी की एक बड़ी भूमिका होती है। उनका विश्वास है कि यदि लोग स्वास्थ्यवर्धक भोजन लें व व्यायाम करें तो सामान्य प्रकार के कैंसर की कई बीमारियों से बचा जा सकता है। शारीरिक रूप से सक्रिय रहने और स्वास्थ्यवर्धक शाकाहारी भोजन लेने, कम नमक खाने और लाल व प्रसंस्कृत मांस न लेने से कैंसर की बीमारियों में कमी आ सकती है। महिलाओं में स्तन कैंसर सबसे सामान्य है। विशेषज्ञों का कहना है कि जीवनशैली में बदलाव करके स्तन कैंसर के 10 में से करीब चार मामलों में जान बचाई जा सकती है। विश्व कैंसर अनुसंधान कोष (डब्ल्यूसीआरएफ) के रिचर्ड ईवान्स कहते हैं, एक देश के रूप में हम यूरोपीय औसत के मुकाबले कहीं ज्यादा मोटापाग्रस्त हो रहे हैं और हम ज्यादा शराब पीते हैं। इसलिए इस तरह के परिणाम सामने आना कोई आश्चर्य नहीं है। ब्रिटेन के कैंसर अनुसंधान केंद्र के प्रमुख पॉल मॉस का कहना है, जब खान–पान की बात आती है तो हम दिल की बीमारियों के विषय में ज्यादा सोचते हैं लेकिन कैंसर के खतरे के विषय में ज्यादा नहीं सोचते।

# आपके फेफड़े के लिए गुड है Good Cholesterol

हालिया अध्ययन में यह बात सामने आई है कि फेफड़े के उच्च रक्तचाप के इलाज में गुड कोलेस्ट्रॉल यानी उच्च घनत्व वाले लिपोप्रोटीन (एचडीएल) कारगर भूमिका निभाते हैं। चूहों पर किए गए अध्ययन में शोधकर्ताओं ने खुलासा किया कि गुड कोलेस्ट्रॉल फेफड़े के रक्तचाप के दौरान शरीर में



ऑक्सीकृत लिपिड के उत्पादन को कम करता है। साथ ही यह भी पाया गया कि ऑक्सीकृत लिपिड के कम बनने से फेफड़े और दिल की कार्यशैली में सुधार होता है।

लॉस एंजेलिस के कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय के डेविड गेफेन स्कूल ऑफ मेडिसिन में ज्ञानेन्द्रिय विज्ञान के प्रोफेसर डॉ.मंसोर एगबाली ने कहा, ''एचडीएल कोलेस्ट्रॉल ऑक्सीकृत लिपिड की मात्रा कम करने में सहायक है, इससे इलाज के विकास में मदद मिलेगी।'' उल्लेखनीय है कि फेफड़े का उच्च रक्तचाप एक गंभीर बीमारी है, जिसमें रोगी के फेफड़े की विभिन्य रक्त नलियां संकरी हो जाती है, जिसके कारण रक्तचाप बढ़ जाता है।




खुजली हमारे शरीर के किसी भी भाग में हो परेशानी का कारण बन सकती है ।यें किसी भी तरह की संक्रमण के कारण पैदा हो सकती है और हमारा सारा ध्यान इस खुजली में ही लगा रहता है। हम इस खुजली से राहत पाने के लिए कई यत्न करते है ।कुछ

# पैरों में होने वाली खुजली से राहत दिलवाएं कुछ घरेलु उपाय

घरेलु उपायों का प्रयोग करके पैरों की खुजली से राहत पाई जा सकती है।

- सबसे पहले पैरों की सफाई की तरफ विशेष ध्यान दें,पैरों को धोने के बाद जल्दी–जल्दी मोज़े नहीं पहनने चाहिए,पहले पैरों को अच्छी तरह सुखाकर फिर मोज़े पहनने चाहिए ।इससे न तो पैरों में बदबू पैदा होगी और न ही पैरों में खुजली की समस्या पैदा होगी।
- पैरों को साफ करने के लिए एक टब में गुनगुने पानी में थोड़ा नमक डालकर पैरों को टब के बीच में रखें,फिर थोड़ी देर के बाद पैरों को निकालकर किसी कपड़े से अच्छी तरह साफ करने से खुजली की समस्या से राहत पाई जा सकती है।
- पैरों में खुजली होने पर सफेद सिरका प्रयोग करने से राहत पाई जा सकती है।
- पैरों को साफ करके उस पर एलोवेरा जैल का प्रयोग करने से खुजली से राहत पाई जा सकती है।
- रात को सोने से पहले रोज़ाना पैरों को अच्छी तरह साफ करके इस पर अच्छे मॉइस्चराइजर से मसाज़ करने से पैरों मे रूखापन खत्म हो जाता है और खुजली की समस्या से राहत मिलती है।
- टब में गुनगुना पानी लेकर उसमें नींबू का रस मिलाकर पैरों को पानी के बीच में रखने से पैरों की खुजली समाप्त हो जाती है।
- बेंकिग सोडा का पेस्ट तैयार करके अपने पैरों में लगाने से पैरों की खुजली से राहत पाई जा सकती है।
- नीम की पत्तियों को पानी में डालकर उस पानी में पैरों को थोड़ी देर रखने से खुजली समाप्त हो जाती है।


सिदगोड़ा दुर्गापूजा पंडाल, जमशेदपुर।


बागबेड़ा रोड नंबर 4 दुर्गा पूजा पंडाल, जमशेदपुर।

# पंडालों के खुले पट, मां के दर्शन से निहाल हुईं आंखें, भक्तों का लगा तांता

## पंचमी पर लोगों ने सुख-समृद्धि, शांति, सद्भाव और अमन-चैन की कामना की

**PHOTON NEWS RANCHI :** शारदीय नवरात्र की पंचमी पर शहर के कई पूजा पंडालों के पट खुल गए। पट खुलते ही मां के दर्शन को भक्तों का तांता लग गया। गुरुवार की शाम आरआर स्पोर्टिंग क्लब, रातू रोड और पंच मंदिर हरमू रोड के पंडालों का राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन धर्मपत्नी कल्पना सोरेन संग माता रानी के दरबार में शीश नवाकर राज्य और राज्यवासियों की उन्नति, सुख - समृद्धि, शांति, सद्भाव, अमन-चैन और उत्तम स्वास्थ्य कामना की। मुख्यमंत्री ने लोगों को नवरात्रि की बधाई और शुभकामनाएं दी और कहा-आप सभी पूरे हर्षोल्लास के साथ इस त्योहार को मनाएं। यह त्योहार आप सबों के जीवन में खुशियां लेकर आए। उनके साथ बच्चे भी थे। रातू रोड में अनावरण के मौके पर राज्यसभा सदस्य डॉ. महुआ माजी व समिति के संरक्षक विक्की यादव, अध्यक्ष राहुल यादव, कोषाध्यक्ष रोहित यादव, उत्तम यादव आदि थे। वहीं, पंच मंदिर हरमू में विधायक नवीन जायसवाल सहित समिति के अध्यक्ष मनोज पांडेय, अरुण झा, इंद्रजीत यादव, अमिताभ मुखर्जी आदि मौजूद थे। अनावरण के बाद दोनों जगहों पर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। वैसे भक्तों की भीड़ तो संध्या से ही जुटने लगी थी। लोग पंडालों को निहार रहे थे। तरह-तरह की लाइटिंग के साथ थीम पर बने पंडालों को लोग मोबाइल में कैद रहे थे। जैसे ही मां का पट खुला, भक्तों की भीड़ दर्शन को बेताब हो उठी। गुरुवार को पंचमी थी। कई पंडाल खुल गए। वहीं, कुछ का शुक्रवार को खुलेगा। पर, शहर में भक्तों की भीड़ बढ़ने लगी है। रातू रोड, हरमू रोड, मेन रोड में जाम से लोग जूझते नजर आए। पंचमी के दिन ही ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त नजर आई। बकरी बाजार में तो धीरे-धीरे भक्तों का आने का क्रम शुरू हुआ। सात बजते-बजते काफी भीड़ बढ़ गई। वहीं, पंडाल के बाहर इतना जाम था कि वाहन रेंगते नजर आए।

बकरी बाजार दुर्गा पंडाल में मां की मूर्ति


ओसीसी क्लब दुर्गा पंडाल में मां की मूर्ति


रांची रेलवे स्टेशन दुर्गा पंडाल में मां की मूर्ति


### देवी के रुप हैं अलग-अलग पर सभी हैं पाप विनाशिनी

**RANCHI :** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू में नर्सरी सेक्शन में नवदुर्गा उत्सव मनाया गया। दुर्गा पूजा के अवसर पर देवी दुर्गा के नौ रुपों और उनके बारे में बताया गया। हिमालय की पुत्री रुप में जन्म लेने के कारण उनका नाम शैलपुत्री हुआ, ब्रह्मचारिणी रुप में सरलता, शांति और सौम्यता की पूजा होती है, अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित रुप चंद्रघंटा का है, कुष्मांडा रुप में यह माना जाता है कि उनकी मंद हंसी से ब्रह्मांड की उत्पति हुई, स्कंदमाता उपासक की सभी इच्छाएं पूरी करती हैं, कात्यायनी रुप में वे भव्य दिव्य स्वरूप वाली जानी जाती हैं, कालरात्रि सभी कष्टों को दूर करती हैं, महागौरी सुख, समृद्धि और आरोग्य प्रदान करती हैं और सिद्धिदात्री समस्त सिद्धियों को फलीभूत करती हैं।

## रांची रेलवे स्टेशन का 100 फीट लंबा पंडाल बेटी संरक्षण का दे रहा संदेश

**RANCHI :** रांची रेलवे स्टेशन का पूजा पंडाल इस बार बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के थीम पर बनाया गया है। 100 फीट लंबे और 30 फीट ऊंचे पंडाल में मां दुर्गा भारत माता के स्वरूप में श्रद्धालुओं पर आशीष लुटायेंगी। पंडाल में 25 हजार प्लास्टिक के बल्ब, थमोर्कोल एवं फाइबर से निर्मित पंडाल में बेटी बचाओ का संदेश दिया गया है। पंडाल के मुख्य द्वार पर लोहे से निर्मित 20 फीट की घड़ी का निर्माण किया गया है। 12 फीट ऊंची प्रतिमा में मां दुर्गा को महिषासुर का वध करते दिखाया गया है। गुरुवार को शाम सात बजे पंडाल के उद्घाटन से पूर्व सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, निवर्तमान उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, पद्मश्री मुकुंद नायक, समिति के अध्यक्ष मुनचुन राय ने दुर्गा के वेष में पांच वर्षीय बच्ची के पैर धोये। पूजा कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद विधिवत फीता काटकर पंडाल का उद्घाटन किया।



चंद्र शेखर आजाद दुर्गा पंडाल में मां की मुर्ति


### राजधानीवासी पूजा पंडाल घूमने के साथ-साथ मेले का भी उठा सकेंगे आनंद



**RANCHI :** राजधानी में लोग पूजा पंडाल घूमने के साथ-साथ मेले का भी आनंद उठा सकते है। बकरी बाजार, ओसीसी क्लब, राजस्थान मित्र मंडल, हरमू पंच मंदिर, मेकान में लोगों के मनोरंजन के लिए मेला लगाया गया है। बकरी बाजार में सबसे बड़ा मेला लगाया जा चुका है। मेले में बड़ो से लेकर बच्चों के मनोरंजन के लिए दर्जनों झूले लगाए गए है। बड़ो के लिए मौत का कुंआ, जाइंट व्हील, ब्रेक डांस, शूटिंग गेम, नाव सहित अन्य झूले लगाए गए है। वहीं बच्चों के लिए हेलिकाप्टर, मिक्की माउस, ड्रेगेन ट्रेन, कार व जीप सर्वीस, टोरा-टोरा व चुनमुनी झूला लगाया गया है।

## QUICK BYTES

### हाइवा ने बस को पीछे से मारी टक्कर



**ROURKELA :** राउरकेला से देवगांव जा रही बस गुरुवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। बस के पिछले हिस्से से हाईवा टकराने से कुछ यात्रियों को चोटें आईं है। हालांकि, बड़ी दुर्घटना टल गई है। आज डेढ़ बजे बस (ओडी14-एसी-3373) राउरकेला से निकलकर हॉकी चौक होते हुए देवगांव की ओर जा रही थी। बस तरकेरा पंपहाउस के पास यात्रियों को उतारने के लिए रुकी। इसी दौरान उसी दिशा में तेज गति से जा रहे एक हाइवा (ओडी16-ई-5976) ने बस में पीछे से टक्कर मार दी। हाइवा का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया जबकि बस का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया।

### रेलवे साइडिंग पर एक व्यापारी के वाहन पर गोली चली, 3 हिरासत में, तीन बाइक जब्त



**SUNDARGARH :** सुंदरगढ़ जिले के कोइड़ा ब्लॉक के बलांग थाना अंतर्गत पटासाही रेलवे साइडिंग में बुधवार को गोलीबारी की घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। बताया गया है कि लूट के लिए व्यवसायी को गोली मारी गयी है। लेकिन व्यापारी भाग्य से बच गया। गोलीबारी की घटना में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है, जबकि तीन लोग फरार हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विक्की साहू नामक व्यवसायी प्रतिनिधि अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी से जा रहे थे, तभी पतासाही रेलवे फाटक के पास 11 बजे तीन बाइक पर सवार 6 बदमाशों ने उनकी गाड़ी को रोकने की कोशिश की। यह देखकर विक्की भागने की कोशिश करता है, और गाड़ी तेज भगाने की कोशिश करता है। इसके बाद बदमाशों ने उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। गोली विक्की की गाड़ी में लगने से वह बाल-बाल बच गया। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तो बदमाश भाग गए। विक्की ने तुरंत घटना की जानकारी के बलांग पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लुटेरे को पकड़ने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस चांदीपोष इलाके से तीन लोगों को पकड़ने में सफल रही, जबकि अन्य तीन बदमाश फरार हैं। इस घटना में पुलिस ने तीन बाइक जब्त की है। पुलिस ने कहा कि जल्द ही अन्य बदमाशों को भी पकड़ लिया जाएगा।

### हाथी के हमले में एक ग्रामीण की मौत



**SUNDARGARH :** सुंदरगढ़ जिले में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। साल भर में जिले के विभिन्न हिस्सों में हाथियों चपट में आने के कारण कई जान-माल की हानि हुई है। जिले के बड़गां वन रेंज के फूलबाड़ी लखपाड़र में बुधवार की रात हाथी के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक बीरेन किसान है। देर रात शौच के लिए निकलने के दौरान हाथी के चपेट में आ गया। हाथी ने उसे सूढ़ से पकड़कर पटक दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। खबर पाकर वन विभाग मौके पर पहुंचा और शव को बरामद किया।एक हाथी एक महीने से अधिक समय से बड़गांव वन रेंज के विभिन्न क्षेत्रों में घूम रहा है। घरों को नष्ट कर चावल खा रहे हैं। गांव वालो का कहना है वन विभाग इस पर ध्यान दें।

### योगेंद्र निराला व विनोद डे को कोर्ट ने किया बरी



**JAMSHEDPUR :** कदमा गणेश पूजा मैदान में शहीद सांसद सुनील महतो की प्रतिमा स्थापित करने व पुलिस प्रशासन के साथ हाथापाई करने के मामले में दर्ज कांड संख्या 132/2008 में चाईबासा जिले के न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार की अदालत ने फैसला सुना दिया है। इस फैसले में योगेंद्र कुमार निराला पुर्व केन्द्रीय सदस्य झामुमो और विनोद डे जिला कार्यकारिणी सदस्य पूर्वी सिंहभूम झामुमो को साक्ष्य के आभाव में बाइज्जत बरी कर दिया गया है। इस मामले में पूर्व सांसद सुमन महतो, वर्तमान सांसद विद्युत वरण महतो, वर्तमान विधायक रामदास सोरेन व अन्य झामुमो नेताओं के भी नाम थे जिन्हें एक वर्ष पूर्व ही बरी कर दिया गया था। योगेंद्र कुमार निराला एवं बिनोद डे को मुख्य आरोपी मानकर मामला वर्ष 2023 तक चला। इसके बाद गुरुवार को साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने बरी कर दिया।

### पॉक्सो कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला : नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आरोपी को फांसी की सजा



**SUNDARGARH :** सुंदरगढ़ पॉक्सो कोर्ट ने सनसनीखेज दुष्कर्म और हत्या के एक मामले की सुनवाई के बाद आरोपी को मौत की सजा सुनाई है। अक्टूबर 2016 में, सुंदरगढ़ टाउन पुलिस स्टेशन की एक मामले में विशेष पॉक्सो अदालत के न्यायाधीश महेंद्र कुमार ने 4 वर्षीय लड़की को अपहरण, दुष्कर्म और हत्या का दोषी ठहराते हुए फांसी की सजा सुनाई। आरोपी संजीव केरकेटा ने बच्ची का उस वक्त अपहरण कर लिया जब वह अपनी मां के साथ सो रही थी। बाद में बच्चे को एक निमार्णाधीन बिल्डिंग में कुकर्म के बाद बच्ची की हत्या कर दी। अपहरण के तीन दिन बाद टाउन पुलिस ने बच्चे का शव बरामद किया। गुरुवार को कोर्ट ने आरोपी संजीव केरकेटा को फांसी की सजा सुनाई।

### राउरकेला में स्ट्रीट लाइट की हुई मरम्मत

**ROURKELA :** राउरकेला महानगर निगम ने गुरुवार को राउरकेला बंडामुंडा रोड पर खराब स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त कर लिया है। ज्ञात हो कि सोमवार को राउरकेला पुलिस मुख्यालय में आयोजित पूजा तैयारी बैठक के दौरान इस सड़क पर स्ट्रीट लाइट ठीक से नहीं जलने की शिकायत किया गया था। मेट्रोपॉलिटन कॉरपोरेशन की त्वरित कार्रवाई का सभी वर्गों ने स्वागत किया है। राउरकेला के कोइला गेट से बंडामुंडा तक मुख्य सड़क पर लगी स्ट्रीट लाइट की मरम्मत कर दी गयी है। जैसा कि केंद्रीय पूजा समिति (सीपीसी) की बैठक में प्रतिबद्धता व्यक्त की गई थी, राउरकेला नगर निगम (आरएमसी) ने इस मुद्दे को सुलझा लिया।

### नवरात्रि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक : जोगेंद्र



**RANCHI :** आजसू पार्टी के कांके विधानसभा क्षेत्र प्रभारी जोगेंद्र उरांव ने गुरुवार को नवरात्रि पर्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नवरात्रि हिन्दू धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है। नवरात्रि दो शब्दों से मिलकर बना है, नव यानी नया और रात्रि यानी रात। हिन्दू धर्म के सभी त्योहारों में जीवन जीने के आदर्शों का सार मिलता है। नवरात्रि का त्योहार भी ऐसे ही एक आदर्श का अर्थ बताता है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत को दशार्ता है। उन्होने लोगो से अपील किया कि त्योहार को शांति पूर्वक मिलजुल कर बनाए। कहीं कुछ दुर्घटना घटती है तो तुरंत प्रशासन को सूचना दें। उन्होने लोगो से अपील किया की विधि व्यवस्ता को बनाएं रखे।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

### झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को नई जिम्मेदारी मिलने के बाद जमशेदपुर में तेजी से बदलने वाला है चुनावी समीकरण

## जमशेदपुर में खुला भाजपा की राजनीति का नया चैप्टर : क्या नये नेतृत्व पर दाव लगाएगी पार्टी

**PAWAN SINGH @ JAMSHEDPUR**



राजनीति संभावनाओं का खेल है। एक दरवाजा बंद होने पर कई नई खिड़कियां खुल जाती हैं। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को ओडिशा के राज्यपाल पद की नई जिम्मेदारी मिलने के बाद जमशेदपुर में भगवा ब्रिगेड का नया चैप्टर खुलने वाला है। बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या जमशेदपुर शहर की दो विधानसभा सीटों पर भाजपा नये नेतृत्व को मौका देने पर विचार कर सकती हैं। इसमें दो युवा नेताओं का नाम सबसे अधिक चर्चा में है। कदमा शास्त्रीनगर में हुए बवाल के बाद लंबे समय तक जेल में रहे अभय सिंह कट्टर हिंदू राजनीति के नए पोस्टर ब्वॉय बनकर उभरे हैं। उन्हें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का करीबी माना जाता है। अभय सिंह पहले से जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके हैं। वहीं भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले दूसरे सशक्त कैंडिडेट माने जा रहे हैं। इन्हें केंद्रीय मंत्री सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा का नजदीकी माना जाता है। लेकिन काले की राह में एक और बड़ी चुनौती है। वे तकनीकी रूप से भाजपा में नहीं हैं। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान काले को पार्टी से निष्कासित करने की घोषणा कर दी गयी थी। हालांकि काले भावनात्मक रूप से तो भाजपा से उसी तरह जुड़े हैं जैसा जुड़ाव 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी से उनके निष्कासन के पहले तक था। तब सियासी हलकों में यही माना गया था कि रघुवर दास से साथ असहज हो गये सियासी रिश्तों की वजह से ही पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रहे काले को भाजपा ने बाहर का रास्ता दिखा दिया था। रघुवर के राज्य की सक्रिय राजनीति से अलग हो जाने के बाद काले के लिए भाजपा का दरवाजा खुलवाना पहली व सबसे बड़ी चुनौती है। भाजपा में प्रवेश मिल जाने के बाद विधानसभा चुनाव में टिकट के लिए काले ही दावेदारी प्रबल हो जाएगी क्योंकि उम्मीदवारी पाने के लिए जरूरी माने जानेवाली अधिकांश अहताएं काले के सियासी व सामाजिक-धार्मिक सक्रियता वाले बायोडाटा में वजनदार रूप में मौजूद हैं।

दूसरी ओर हाल में भाजपा में कई पूर्व नौकरशाहों के शामिल होने और उद्योगपतियों-कारोबारियों की सक्रियता बढ़े से संगठन के सामने उम्मीदवारों की लंबी लिस्ट हो सकती है। यह पार्टी को तय करना होगा कि पिछले विधानसभा चुनाव का सूखा आखिर किसके नाम पर चुनावी हरियाली में बदल सकता है।

### अगले विधानसभा चुनाव के लिए बन रहे ये समीकरण

**पहला समीकरण :** अब तक जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से अलग-अलग सिंबल पर चुनाव लड़ते आ रहे भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अभय सिंह को पार्टी जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से टिकट दे सकती है। **इसके पीछे तीन अहम कारण हैं :**

1. समुदाय विशेष के लोगों की संख्या अधिक होने के कारण जमशेदपुर पूर्वी की बजाय जमशेदपुर पश्चिम में वोटो का ध्रुवीकरण कहीं अधिक हो सकता है। इसका फायदा पार्टी को मिल सकता है। कुछ माह पहले हुए कदमा शास्त्रीनगर विवाद के मामले में जिस तरह अभय सिंह को जेल में रखा गया उससे एक बहुत बड़ा वर्ग आहत महसूस कर रहा है। जाहिर है इसका असर चुनाव में पड़ सकता है।
2. जमशेदपुर पश्चिम सीट के लिए पार्टी के पास सबसे अधिक टिकट के दावेदार हैं लेकिन रघुवर दास के राज्यपाल बन जाने के बाद सियासी समीकरण बदल जाएंगे। स्वाभाविक रूप में अपनी हिंदुत्व की धारदार छवि व मरांडी के करीबी सियासी रिश्तों की बदौलत अभय बाकी दावेदारों पर अभी से ही भारी दिखने लगे हैं।
3. जमशेदपुर पूर्वी में अभय सिंह का अपना वोट बैंक भी है। यह वोट बैंक वहां के पार्टी प्रत्याशी के काम आ सकता है। यह पार्टी के अपने वोट बैंक के अतिरिक्त अर्जित ऊर्जा होगी। अभय सिंह की बढ़ी हालिया लोकप्रियता का फायदा पार्टी एक साथ दोनों सीटों पर उठा सकती है।

**दूसरा समीकरण :** जमशेदपुर पूर्वी में पिछले कुछ समय से अमरप्रीत सिंह काले लगातार सक्रिय बने हुए हैं। पूर्वी में सिख समुदाय का बड़ा वोट बैंक है। अमरप्रीत सिंह काले को अर्जुन मुंडा के साथ-साथ जमशेदपुर पूर्वी के मौजूदा विधायक सरयू राय का भी आशीर्वाद प्राप्त हो सकता है। काले अपनी सामाजिक संस्था नमन के जरिए काफी युवाओं को लंबे समय से जोड़े का काम कर रहे हैं। इसका फायदा उन्हें चुनाव में बूथ मैनेजमेंट के स्तर तक मिल सकता है। लेकिन पहले ही बताया गया है कि काले के सामने अभी सबसे बड़ी चुनौती भाजपा में प्रवेश पाने की है।

**तीसरा समीकरण :** कास्ट सर्वे से देश में गरमा रहे सियासी माहौल में भाजपा के भीतर टिकट के लिए ओबीसी कार्ड खेलने की भी गुपचुप तरीके से तैयारी शुरू की जा चुकी है। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में इसे आजमाने का प्रयास किया जा रहा है। इस कार्ड के सहारे कुछ ऐसे नेताओं का नाम आगे किया जा रहा जो ओबीसी श्रेणी से संबंध रखते हैं और चुनावी संसाधन जुटाने में भी किसी अन्य तगड़े दावेदार से उन्नीस नहीं माने जाते। यदि ओबीसी कार्ड चला तो भाजपा जमशेदपुर में 2024 के विधानसभा चुनाव में भी वैसे ही चौंका सकती है जैसे 1995 के चुनाव में रघुवर दास को पहली बार प्रत्याशी बनाकर चौंकाया था।

# राजकीय सम्मान में फिर फजीहत!

## फायर करने आयी 11 राइफल में से सिर्फ दो गरजीं, बाकी ने साधी चुप्पी



पटना। राजकीय सम्मान के समय बिहार पुलिस के राइफल ने एक बार फिर में फिर बिहार सरकार की फजीहत कराई है ! फायर करने आयी 11 राइफल में से सिर्फ 2 राइफल ही राजकीय सम्मान में सम्मान कर सकीं। बाकी राइफल फिर फुस्स हो गई। यह तब हुआ जब रोहतास जिले के करगहर में बुधवार को बिहार सरकार के पूर्व मंत्री रामधनी सिंह के अंत्येष्टि के दौरान राजकीय सम्मान को लेकर राइफल से फायरिंग करते हुए उन्हें सम्मान दिया जा रहा था। रोहतास जिला के करगहर में बुधवार को बिहार सरकार के पूर्व मंत्री रामधनी सिंह के अंत्येष्टि के दौरान राजकीय सम्मान को लेकर जब राइफल से फायरिंग की जाने लगी तो 11 राइफलों में से मात्र दो राइफल से ही फायर हो सकी, बाकी 9 राइफल से फायर नहीं हो सका। इस दौरान उन्ट नवीन कुमार तथा रद विनीत कुमार भी वहां मौजूद थे। उन दो राइफल के द्वारा फायर के बाद अंत्येष्टि की शुरुआत की गई। आज की यह घटना पहली घटना नहीं है बल्कि इससे पहले भी बिहार सरकार के राइफल कई मौकों पर धोखा दे चुकी है। खासकर अंत्येष्टि के दौरान कई बार बिहार सरकार के पुलिस की राइफल फेल हो चुकी है। इस बार रोहतास जिला के करगहर के देव खैरा गाँव में यह दृश्य देखने को मिली। एक तरफ बिहार पुलिस को हाईटेक करने की बात की जा रही है, वहीं दूसरी ओर पुलिस की राइफल से फायरिंग ही नहीं हो पा रही है। पूर्व मंत्री रामधनी सिंह का निधन मंगलवार को पटना में हो गया था। इसके बाद बुधवार को राजकीय सम्मान के साथ उनकी अंत्येष्टि उनके पैतृक गाँव में की गई। इस दौरान राजकीय सम्मान की घोषणा की गई थी, लेकिन जब बंदूक से सलामी दी जाने लगी तो 11 रायफल में से मात्र दो राइफल ही फायर कर सके। बाकी 9 फायर खामोश ही रह गये।

## वाल्मीकि टाइगर रिजर्व से लाल सोना की खेप बरामद



**पटना।** बिहार में लाल सोना के नाम जाने जाने वाली लकड़ी को वन विभाग ने वाल्मिकी नगर टाइगर रिजर्व (वीटीआर) इलाके से बरामद किया है। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश के हनुमानगंज गांव के मुसहरी टोला के पास छितौनी तटबंध से की गई है। दरअसल, तस्कर वाल्मीकि टाइगर रिजर्व से काटकर गंडक के रास्ते उत्तर प्रदेश में ले जा रहे 65 बोटा लाल सोना के नाम से जाने जाने वाला खैर की लकड़ियों को उत्तर प्रदेश में वन विभाग ने जब्त किया है। खैर की लकड़ी काफी महंगी होती है। इसकी कीमत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इसे लाल सोना का भी दिया गया है। इधर, लकड़ी के अवैध कटान से जंगल की सुरक्षा पर सवाल खड़ा हो गया है। वीटीआर या सोहगीबरवा के जंगल से लकड़ी काटे जाने की आशंका है। छितौनी तटबंध से सटे गंडक नदी में खैर की लकड़ी छुपाकर रखी गई थी। रेंजर प्रकाश पांडेय और डिप्टी रेंजर अमित तिवारी ने वन कर्मचारियों के साथ इस जगह पर छापेमारी की तो पानी में रखा 35 बोटा खैर की लकड़ी बरामद की गई। इससे पहले पिछले शनिवार को भी वन विभाग की टीम को 30 बोटा खैरे की लकड़ी मिली थी। हालांकि इस लकड़ी को किसने काटा और लाकर रखा, यह पता नहीं चल पाया है। वन विभाग ने लावारिस हाल में लकड़ी जब्त करते हुए खडडा वन कार्यालय लाकर वैधानिक कार्रवाई करने में जुटी हुई है। डिप्टी रेंजर अमित तिवारी ने बताया कि अलग अलग कारवाई में 65 बोटा खैरे की लकड़ी लावारिस हालत में नदी से बरामद की गई है। अनुमान है कि लकड़ी को सोहगीबरवा या वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के जंगल से काटकर लाया गया होगा। इस लकड़ी का पहले पूजा पाठ में प्रयोग होता था।

लोग इसके गुण के बारे में अनजान थे, पूजा पाठ और घरों के चौखट, खम्भा लगाने के अलावा इसका कोई इस्तेमाल नहीं था, लेकिन दशक बाद धिरे धिरे इस लकड़ी का डिमांड बढ़ गया जिसके बाद तस्कर इसे चोरी छिपे काटने और तस्करी करने लगे।

## शिक्षक भर्ती परीक्षा में एक लाख 22 हजार 324 अभ्यर्थी सफल, इनमें 72419 प्राइमरी टीचर



पटना। बिहार लोक सेवा आयोग ने शिक्षक भर्ती परीक्षा के उच्च माध्यमिक स्कूल के लिए परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों का रिजल्ट जारी कर दिया है। दो दिन के अंदर माध्यमिक और प्राथमिक स्कूल में शिक्षक बनने के लिए परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों का रिजल्ट भी जारी कर दिया जाएगा। मंगलवार को उच्च माध्यमिक स्तर के 16 विषयों का परीक्षाफल जारी कर दिया था। आज 7 और विषय का रिजल्ट आ गया। बुधवार को बीपीएससी के अध्यक्ष अतुल प्रसाद ने प्रेस कॉफ्रेंस किया। उन्होंने कहा कि कहा जिस समय से भर्ती परीक्षा की प्रक्रिया शुरू हुई, उस समय कई लोग तरह-तरह के आरोप लगाते रहे। ऐसा कोई दिन नहीं था जब लोगों ने परीक्षा को रद्द करवाने की कोशिश नहीं की गई। इसके बाद बीएड बनाम यूजीसी का प्रश्न भी सुप्रीम कोर्ट में गया। उस दौरान हमलोग ने निर्णय लिया हमलोग 75 प्रतिशत रिक्ति को पूरा करेंगे। इसके लिए कट ऑफ भी कम किए जा सकते हैं। इस पर भी सवाल उठे। गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए। परीक्षा के बाद कई लोगों ने हंगामा किया कि प्रश्न बहुत कठिन पूछे गए। तरह-तरह की बातें की गई। सोशल मीडिया पर भी कई तरह के भ्रम फैलाए गए। ओएमआर सीट अपलोड करने को लेकर भी सवाल उठाए गए। बीपीएससी अध्यक्ष ने कहा कि आरोप और उठते सवालों के बीच आयोग ने महज 60 दिनों के अंदर 43 विषयों का रिजल्ट बना लिया। इतना भी नहीं पास हुए अभ्यर्थियों का जिला आवंटन का भी लिस्ट तैयार कर लिया गया है। अगले दो दिन में माध्यमिक और प्राथमिक स्तर का रिजल्ट जारी हो जाएगा। बीपीएससी अध्यक्ष ने कहा कि आज तक बीपीएससी के इतिहास में इतनी जल्दी इतने संख्या में रिजल्ट नहीं दिया गया है। कटऑफ को लेकर जिन्होंने सवाल उठाए, वह भी गलत साबित हुआ। बिहार के अभ्यर्थी काफी काबिल हैं। इस परीक्षा में हमलोगों बड़े पैमाने में तकनीक का उपयोग किया। कई फर्जीवाड़ा करने वाले भी पकड़े गए। एक लाख 22 हजार 324 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। इसमें प्राथमिक शिक्षकों के लिए 72419 रिजल्ट दे रहे हैं। बीपीएससी अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि दुर्गा पूजा से पहले सभी रिजल्ट घोषित कर दिए जाएंगे। अब तक 1 लाख 22 हजार 324 अभ्यर्थी सफल हुए। यानी 72 प्रतिशत रिजल्ट हुए। बीएड अभ्यर्थियों पर शायराना अंदाज में टिप्पणी करते हुए कहा कि जिसने दर्द दिया, वही दवा भी देंगे। सूत्रों की मानें तो बीएड अभ्यर्थी का रिजल्ट फिलहाल होल्ड कर दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट से डिसीजन आने के बाद उनके रिजल्ट पर बीपीएससी फैसला लेगी। फिलहाल, 72,419 प्राथमिक शिक्षकों का रिजल्ट जारी किया जाएगा। इसमें केवल डीएलएल के अभ्यर्थी ही होंगे।

## नालंदा से लापता बुजुर्ग का पईन में मिला शव



**नालंदा।** बिहार के नालंदा में पानी भरे पईन में बुजुर्ग का शव मिलने से बुधवार को सनसनी फैल गई। मामला चण्डी थाना क्षेत्र के गंगौरा गांव स्थित पईन का है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के डेहरी गांव निवासी दिवंगत मेवी लाल के बेटे राम जन्म सिंह (70) के रूप में की गई है। बुजुर्ग बीती शाम से लापता थे। मृतक के परिजन ने बताया कि राम जन्म सिंह मंगलवार की शाम नरसंडा मोड़ की तरफ घूमने के लिए गए थे। जहां से वापस घर लौट रहे थे। तभी शौच के दरम्यान पानी लेने के दौरान गंगौरा गांव के पईन में पैर फिसल गया और डूब गए। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटे तो उनकी खोजबीन की जाने लगी। लेकिन उनका कहीं अता-पता नहीं चल सका। बुधवार को गांव के ही कुछ लोग उधर घूमने गए तो देखा की पानी में उनका शव उतरा रहा है। इसके बाद फोन से उन लोगों को सूचना मिली, जिससे घटना का खुलासा हुआ। बुजुर्ग का गमछा भी पईन किनारे ही रखा हुआ था। शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों की चीत्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। इसके बाद स्थानीय थाना को इस घटना की सूचना दी गई। चंडी थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। अप्राकृतिक मौत का मामला (यूडी केस) दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। शौच के बाद पानी लेने के दौरान पईन में डूबने से बुजुर्ग की मौत की आशंका परिजन जता रहे हैं।

# 'मेरे पूर्वज बिहारी, मैं भी यहां की': राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए कही यह बात



**पटना।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बिहार आ चुकी हैं। पटना एयरपोर्ट पर राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने राष्ट्रपति का स्वागत किया। अपने तीन दिवसीय दौरे के पहले दिन राष्ट्रपति बापू सभागार पहुंचीं। यहां पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पौधा, राष्ट्रपति की पोट्रेट और भागलपुरी सिल्क की साड़ी देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद राष्ट्रपति ने चौथे कृषि रोड मैप को लॉन्च किया। कृषि रोडमैप का प्रजेंटेशन दिया गया। पीपीपी मोड में खेती की जाएगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि आज बिहार के चतुर्थ कृषि रोडमैप के शुभारंभ के मौके पर आप सबके बीच उपस्थित होकर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। राष्ट्रपति के रूप में मेरी भले ही यह पहली यात्रा है लेकिन मैं बिहार और बिहार के लोगों और संस्कृति से भलीभांति परिचित हूं। पड़ोसी राज्य झारखंड में छह साल राज्यपाल रही। मैंने बिहार की जीवनशैली और संस्कृति को करीब से जाना है और महसूस भी किया है। मेरा गृह राज्य उड़ीसा भी ऐतिहासिक रुप से बिहार से जुड़ा हुआ है। इसीलिए मुझे लगता है कि मैं भी अपने आपको बिहारी कह सकती हूं। मैं बिहार को अपना राज्य मानती हूं। मुझे बिहार के मुख्यमंत्री अक्सर बुलाते हैं इसलिए मैं बीच बीच में आती रहूंगी। मुझे प्रेसिडेंट के बाद अपने गांव जाकर कृषि का कार्य करना है। बिहार हर क्षेत्र में रोड मैप बनाकर काम कर रहा है। बिहार हैपिनेस इंडेक्स पर कार्य कर रहा है, इसलिए विकास कर रहा है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है। बिहार इससे अलग नहीं है। नई तकनीक अपनाकर हम अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं। हमलोगों को प्राकृतिक खेती अपनाने की जरुरत है, जो पारंपरिक है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि चतुर्थ कृषि रोड मैप के शुभारंभ कार्यक्रम में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का मैं अभिनंदन करता हूं। आज राष्ट्रपति के द्वारा चतुर्थ कृषि रोड मैप की शुरूआत की गई है, यह बहुत खुशी की बात है। महामहिम राष्ट्रपति जी ने हमारे अनुरोध को स्वीकार किया और आज इस कार्यक्रम में उपस्थित हुई हैं, इसके लिए मैं उनका आभार प्रकट करता हूं। देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की भूमि पर आप आई हैं। बिहार के लिये यह बड़ी. खुशी की बात है कि आज से चतुर्थ कृषि रोड मैप की शुरूआत हो रही है। वर्ष 2008 में पहले कृषि रोड मैप की शुरूआत की गयी थी। वर्ष 2008 से वर्ष 2012 तक पहले कृषि रौड मैप के तहत कार्य किये गये। दूसरे कृषि रोड मैप का शुभारंभ तत्कालीन राष्ट्रपति श्रद्धेय प्रणब मुखर्जी जी द्वारा तथा तीसरे कृषि रोड का शुभारंभ रामनाथ कोविंद जी द्वारा किया गया था। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल महोदय से आग्रह करते हुए कहा कि आप बिहार में घूमते रहते हैं, जहां भी जायें, वहां पर कृषि रोड मैप के तहत कराये जा रहे कार्यों का निरीक्षण करें और जरूरी समझें तो अधिकारियों को निर्देश भी दें। राष्ट्रपति महोदया से आग्रह है कि आप हमेशा बिहार आते रहिये। आप बिहार से अलग नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यहां किसान बंधु भी पधारे हुए हैं, मैं उनका भी अभिनंदन करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में कृषि रोड मैप से किसानों को काफी फायदा हुआ है। धान, मक्का, गेहूं और आलू का उत्पादन और उत्पादकता बढ़ी है। वर्ष 2011-12 में नालंदा के एक किसान ने प्रति हेक्टेयर धान का सबसे ज्यादा उत्पादन कर चीन को पीछे छोड़ दिया। इससे पहले प्रति हेक्टेयर का रिकॉर्ड चीन के नाम था। आलू के उत्पादन में भी नालंदा जिले के एक गांव ने भी विश्व कीर्तिमान बनाया। वर्ष 2012 से वर्ष 2017 तक दूसरे कृषि रोड मैप के तहत कार्य किये गये, जिसके फलस्वरूप फल, सब्जी, दूध, अंडा एवं मछली का उत्पादन काफी बढ़ा है। उत्पादकता बढ़ने से किसानों को काफी फायदा हुआ है। वर्ष 2017 से वर्ष 2022 तक तीसरे कृषि रोड मैप के अन्तर्गत कार्य तय किये गये थे लेकिन इसका कार्यकाल एक साल के लिये बढ़ाकर वर्ष 2023 तक कर दिया गया। बचे हुये कार्य एवं आगे के कार्य के और विस्तार को लेकर आज से चतुर्थ कृषि रोड मैप की शुरूआत की गयी है। इसके तहत तेजी से कार्य होंगे ताकि किसानों को और फायदा हो सके। उन्होंने कहा कि चौथे कृषि रोड मैप शुरू करने के पहले किसानों से भी राय ली गई थी। बिहार में मछली का उत्पादन ढाई गुणा बढ़ा है। अब बिहार मछली उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर हो गया है। अब बिहार में बाहर से मछली मंगाने की जरूरत नहीं है।

## बदमाशों ने रजिस्ट्री ऑफिस कैंपस में एलआईसी एजेंट से दो लाख रुपये लूट हुए फरार, लोगों में हड़कंप



**मुजफ्फरपुर।** जिले के नगर थाना क्षेत्र के कचहरी कैंपस स्थित रजिस्ट्री ऑफिस में बाइक सवार बदमाशों ने एलआईसी एजेंट को अपना निशाना बनाया। इस दौरान बदमाश एजेंट से दो लाख की नकदी लूटकर फरार हो गए। घटना को लेकर घंटों रजिस्ट्री कार्यालय परिसर में लोगों के बीच हड़कंप मचा रहा। पीड़ित मुशहरी थाना के नया गांव निवासी दिनेश गुप्ता बताया गया है। पीड़ित दिनेश गुप्ता ने बताया कि उसने क्लब रोड स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से दो लाख रुपये निकाले थे। रुपये बैग में रखकर रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचे थे। तभी एक युवक 500 रुपये खुले कराने के बहाने उनके पास पहुंचा था। दिनेश गुप्ता ने खुले रुपये ने होने की बात कही। उक्त युवक चला गया। थोड़ा देर में ही एक व्यक्ति ने बताया कि आपके रुपये गिरे हुए हैं। जैसे ही दिनेश ने नीचे देखा, वह व्यक्ति उसका बैग लेकर फरार हो गया। दिनेश ने उसका पीछा भी किया। लेकिन वह अपने सहयोगी के बाइक पर बैठाकर फरार हो गया। शोर मचाने पर स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची नगर थाना पुलिस ने मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। दरोगा प्रवीण कुमार ने बताया कि जानकारी मिली है कि एक व्यक्ति से बाइक सवार के द्वारा पैसा छीना गया है। दो लाख कैश था। मामले की तहकीकात की जा रही है। पीड़ित व्यक्ति को थाने बुलाया गया है।

## संक्षिप्त डायरी

### प्राइवेट स्कूल में संचालक की पत्नी से रेप, वीडियो बना मंगलसूत्र लेकर भागा आरोपी, अब यह धमकी दी



**लखीसराय।** प्राइवेट स्कूल के संचालक की पत्नी का रेप हुआ है। इतना ही नहीं दरिंदे ने रेप का वीडियो बना लिया और उसका मंगलसूत्र लेकर फरार हो गया। घटना रामगढ़ चौक थाना क्षेत्र की है। रेप की बात सामने आने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। लोग दरिंदे पर कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। इधर, शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और छापेमारी कर आरोपी विकास कुमार को गिरफ्तार कर लिया। वहीं घटना के बाद पीड़ित महिला ने रामगढ़ चौक थाना में लिखित आवेदन देकर बताया कि रविवार को उसके पति किसी काम से बाहर गए हुए थे। वह स्कूल में अकेली थी। इसका फायदा उठाकर बिहरौरा ग्राम निवासी विकास कुमार (25) जबरन स्कूल में घुस गया। और, मेरा रेप किया। इस दौरान मैं चीखती-चिल्लाती रही लेकिन हैवान ने मेरी एक नहीं सुनी। इतना ही नहीं रेप की घटना का उसने वीडियो भी बना लिया। इसके बाद मेरे गले का मंगल सूत्र छीन लिया। पीड़िता ने बताया कि घटना के बाद उसने वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इसी डर से मैं डर से चुप रही और पति को कुछ नहीं बताया। इसके बाद गांव गई तो अपनी सास और गोतनी को जानकारी दी। इसके बाद ससुराल वालों को पता चला। पति को जब जानकारी हुई तो वह मंगलवार को रामगढ़ चौक थाना आकर मामला दर्ज कराया। इस पर रामगढ़ चौक थानेदार अमित कुमार त्वरित कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म मामले में संलिप्त युवक विकास कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले का अनुसंधान जारी है। पीड़ित महिला का भी बयान लिया गया है।

### वर्चस्व की लड़ाई में आधा दर्जन राउंड फायरिंग, दो गिरफ्तार



**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा में फसल चराने के विवाद में किसान और भैंस चरवाहे के बीच आधा दर्जन राउंड फायरिंग होने की खबर सामने आई है। इससे इलाके में सनसनी फैल गई है। मौके पर पहुंची पुलिस दो लोगों को एक देशी कट्टे, दो खोखे और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना कुशेश्वरस्थान थाना क्षेत्र के उजुआ सिमरटोका पंचायत के कोदरा गांव की है। जानकारी के मुताबिक, समस्तीपुर, दरभंगा, सहरसा और खगड़िया जिले के सीमावर्ती इलाकों में बाढ़ का पानी सूखते ही फिर वर्चस्व की लड़ाई में बंदूकें गरजने लगी हैं। यह इलाका दियारा के नाम से जाना जाता है। थाना क्षेत्र की उजुआ सिमरटोका पंचायत के कोदरा गांव में फसल चराने के विवाद में किसान और भैंस चरवाहे के बीच विवाद में आधा दर्जन राउंड फायरिंग होने से लोग दहशत में आ गए हैं। हालांकि गोलीबारी की इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि उजुआ गांव के कई किसानों के खेत कोदरा गांव में हैं। उसमें धान की फसल लगी हुई है। गांव से खेत दूर रहने के कारण किसान खेत की रखवाली नहीं कर पाते हैं। इसका फायदा उठाकर कोदरा के पशु पालक खेत में लगी फसल को मवेशी से चरा लिया करते थे। गत 15 अक्टूबर की शाम में कोदरा निवासी लक्ष्मी यादव अपने पशुओं को उजुआ के किसान घनश्याम राय के खेत में लगी धान की फसल को चरा रहा था। खबर मिलने पर पहुंचे घनश्याम राय ने खेत से मवेशी निकालने के लिए कहा। इस पर दोनों लोगों में विवाद बढ़ गया और दोनों ओर से फायरिंग शुरू हो गई। स्थानीय लोगों से सूचना मिलते ही कुशेश्वरस्थान थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर घनश्याम राय और लक्ष्मी यादव को गिरफ्तार कर लिया है। तलाशी लेने पर घनश्याम के पास से एक कट्टा और कारतूस बरामद हुआ है। जबकि लक्ष्मी यादव के पास से दो खोखे बरामद किए गए हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में दोनों तरफ से एक दूसरे पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और दो खोखे बरामद किए गए हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस दियारा क्षेत्र के इलाके में अब तक कई लोगों की जान जमीन विवाद में जा चुकी है। इस इलाके में वर्चस्व को लेकर अक्सर विवाद होता रहता है।

### सीवान सीजेएम कोर्ट ने ओसामा शहाब को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

**सीवान।** बिहार के सीवान के पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब को बुधवार को सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। जहां अदालत ने न्यायिक हिरासत में उसे जेल भेज दिया। वहीं, ओसामा के वकील द्वारा अदालत में जमानत अर्जी दाखिल की गई थी, जिस पर कल गुरुवार को सुनवाई होने की बात बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, हुसैनगंज थाना पुलिस ओसामा शहाब को राजस्थान के कोटा से गिरफ्तार कर सड़क माध्यम से सीवान लेकर आई। लगभग सैकड़ों गाड़ियों का काफिला ओसामा शहाब के पीछे चलता रहा। ओसामा शहाब के व्यवहार न्यायालय सीवान पहुंचने पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। जहां प्रशासन ने पहले से ही भारी तादाद में पुलिस बल को मुस्तैद कर रखा था। इसके बाद ओसामा को अउखट 9 के समक्ष पेश किया गया। जहां कल सुनवाई का आदेश करते हुए फिलहाल ओसामा शहाब को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। ओसामा शहाब के वकील मो. मोबीन ने बताया कि पेशी के बाद 14 दिन के न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अब तो न्यायिक प्रक्रिया के तहत हम लोग आगे की अपील में जाएंगे। वहीं, ओसामा को न्यायिक हिरासत में भेजने के बाद उसके समर्थक अजय भास्कर चौहान ने कहा कि ओसामा शहाब को राजनीति के तहत फंसाया गया है। अजय ने कहा कि यह साफ है कि जिस दिन घटना हुई उस दिन ओसामा शहाब दिल्ली में थे और जान-बूझकर उन्हें इस मामले में फंसाया गया है।

## यहां विराजमान हैं मां छिन्नमस्तिका, यहीं महाविद्वान बने कालिदास, श्रीराम ने की थी पूजा



**दरभंगा।** शारदीय नवरात्र से चारों तरफ माहौल भक्तिमय हो उठा है। नवरात्र के दौरान सिद्धपीठ उच्चैठ भगवती स्थान में रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां उच्चैठ वासिनी की पूजा अर्चना करने पहुंच रहे हैं। जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर व अनुमंडल मुख्यालय से महज 5 किलोमीटर की दूरी पर सिद्धपीठ उच्चैठ भगवती स्थान अवस्थित है। यहां मां छिन्नमस्तिका दुर्गा विराजमान हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार उच्चैठ मंदिर का ऐतिहासिक महत्व है। यहीं मां दुर्गा से वरदान पाने के बाद महामूर्ख कालिदास महाविद्वान बने थे। सिद्धपीठ उच्चैठ भगवती स्थान में ढाई फीट के शिलाखंड पर मां दुर्गा की प्रतिमा बनी हुई है। मां दुर्गा सिंह पर कमलासन पर विराजमान हैं। मां दुर्गा को मस्तक नहीं है, इसी कारण इन्हें छिन्नमस्तिका के नाम से भी श्रद्धालु पुकारते हैं। माता के मंदिर से पूरब में शमशान घाट और सरोवर है, जहां आज भी तंत्र साधना की जाती है। माना जाता है कि मां के दरबार में जो भी आते हैं, उनकी मुरादें मां अवश्य पूर्ण करतीं हैं। इसीलिए भक्त इन्हें मां सिद्धिदात्री के नाम से भी पुकारते हैं। इस स्थान का जिक्र त्रेता युग में भी मिलता है। भगवान श्रीराम ने जनकपुर यात्रा के समय मां दुर्गा की पूजा अर्चना की थी। प्राचीन मान्यता के अनुसार मां दुर्गा के मंदिर से पूरब दिशा में एक संस्कृत पाठशाला थी और मंदिर तथा पाठशाला के बीच एक नदी थी। महामूर्ख कालिदास अपनी विदुषी पत्नी विद्योतमा से तिरस्कृत होकर मां दुर्गा भगवती के शरण में उच्चैठ पहुंचे थे और उस संस्कृत पाठशाला के विद्यार्थियों के लिए खाना बनाने का काम करते थे। एक बार भयंकर बाढ़ आयी और नदी का बहाव इतना तेज था कि मंदिर में संध्या दीप जलाने का कार्य जो छात्र किया करते थे, वो सब मंदिर में दीप जलाने जाने से डरते थे। उन विद्यार्थियों ने महामूर्ख जानकर कालिदास को कहा कि आज शाम का दीप जला आईये और आप जो गये थे इसकी निशानी मंदिर में कहीं दे दिजियेगा, ताकि सभी को विश्वास हो सके की आप सही में मंदिर गये थे। इतना सुनते ही महामूर्ख कालिदास उस नदी में कूद गये और किसी तरह तैरते-डूबते मंदिर पहुंच गये।

# नवरात्रि पर मिशन शक्ति के माध्यम से नारी सशक्तिकरण

नारी सुरक्षा और नारी सम्मान को बढ़ावा देने एवं स्त्रियों को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में नवरात्रि के पावन अवसर पर विगत तीन वर्ष से मिशन शक्ति से तस्वीर काफी बदली है। इस नवरात्रि पर भी योगी सरकार ने मिशन शक्ति अभियान के चतुर्थ चरण का श्रीगणेश किया है। योगी आदित्यनाथ नवरात्रि में नौ दिनों का व्रत रखते हैं और गोरखनाथ पीठ में परम्परानुसार कन्या पूजन करते हैं। वह प्रदेश की बेटियों का जीवन सुरक्षित, समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए भी संकल्पवान हैं। उनका सपना है कि मां दुर्गा के नौ रूपों के अनुरूप ही प्रदेश की बेटियां का जीवन हो। मिशन शक्ति अभियान और कन्या पूजन के कारण प्रदेश का विपक्ष भी दबाव का अनुभव कर रहा है। इसी दबाव को कम करने के लिए कांग्रेस ने भी नरम हिंदुत्व का नकली चोला ओढ़कर कन्या पूजन करवाने का फैसला लिया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा महिलाओं व बेटियां के लिए चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की सफलता से प्रेरित होकर प्रियंका गांधी ने पिछले चुनाव में ह्लमैं लड़की हूं लड़ सकती हूंह्व का नारा भी दिया था किंतु कथनी और करनी के विरोधाभासों के चलते यह नारा बुरी तरह विफल रहा। संसद व विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम -2023 के पारित हो जाने के बाद अब भाजपा ने हर विधानसभा क्षेत्र में बड़ा सम्मेलन करने की योजना बनाई है। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बेटियों के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का प्रसार करने का अभियान भी चलाया जा रहा है। सरकार की विभिन्न योजनाओं का परिणाम है कि आज प्रदेश में महिलाओं की आय पहले से अधिक हो गई है। विगत वित्त वर्ष में जुलाई से सितंबर के मध्य ग्रामीण महिलाओं की आय 8,936 रुपये थी जो अप्रैल से जून 23 के बीच 20 हजार रुपये से अधिक हो गई है। केंद्र सरकार के पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे में उत्तर प्रदेश में महिलाओं की आय में लगातार वृद्धि हो रही है। ग्रामीण महिला श्रम बल भागीदारी दर के अनुसार वर्ष 2018- 19 में यह दर लगभग 20 प्रतिशत थी जो बढ़कर 2022 -23 में 56 फीसदी तक पहुंच गई है। मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण में सरकार ग्रामीण और शहरी महिलाओं को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आजीविका गतिविधियों से जोड़ने पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। मिशन के चतुर्थ चरण को महिला स्वास्थ्य के प्रति समर्पित किया गया है। 30 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को मधुमेह, उच्च रक्तचाप, स्तन व सर्वाइकल कैंसर का निःशुल्क परामर्श दिया जा रहा है। कुपोषित बालिकाओं के लिए विशिष्ट पोषण पुनर्वास केंद्र बनाने का भी फैसला लिया गया है। योगी प्रदेश की बेटियों की सुरक्षा को लेकर बहुत ही सचेत तथा कठोर हैं । वे कई अवसरों पर स्पष्ट संदेश दे चुके हैं कि प्रदेश की सीमा के अंदर अगर कोई भी व्यक्ति हमारी बहन-बेटियों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार से सेंध लगाने का प्रयास करेगा तो ऐसे तत्वों को अगले चौराहे पर यमराज प्रतीक्षा करता मिलेगा। इस चेतावनी का असर भी दिखाई पड़ा है। सरजू एक्सप्रेस में महिला पुलिसकर्मी से अभद्रता व छेड़छाड़ करने वाले बदमाशों का एनकाउंटर किया गया। बेटियों की सुरक्षा के लिए योगी सरकार ने अपनी पहली ही बैठक में एंटी रोमियो स्क्वायड का गठन किया था। इसके तहत सैकड़ों शोहदों को दबोचा जा चुका है। लव जिहाद की शिकार बेटियां को बचाने में मदद मिली है। सुरक्षित यात्रा के लिए परिवहन विभाग की सिटी बसों में सीसीटीवी के संग पैनिक बटन भी लगाए जा रहे हैं। मिशन शक्ति अभियान का श्रीगणेश करते समय मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इससे अपराधियों को सजा दिलाने में सफलता मिली है। 2020 में नारी सम्मान, सुरक्षा व स्वावलंबन को लेकर मिशन शक्ति अभियान की शुरूआत की गई थी। इसके तहत प्रदेश पुलिस में 20 प्रतिशत महिला कर्मियों की भर्ती को सुनिश्चित किया गया था। 1947 से लेकर 2017 तक यूपी पुलिस में महिला कार्मिक दस हजार के आसपास थीं जो अब बढ़कर 40 हजार हो गई हैं। प्रदेश में निराश्रित व विधवा महिलाओं को दी जा रही पेंशन का भी व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। गरीब परिवारों की बेटियां का विवाह करवाया जा रहा है। स्नातक तक की पढ़ाई के लिए 15 हजार रुपये की धनराशि सरकार की ओर से दी जा रही है। सुरक्षा के लिए जगह -जगह पिंक बूथ बनाये गए हैं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगलम योजना के लिए करोड़ों रुपये की व्यवस्था की जाती है। स्कूल-कालेजों में बेटियों को स्वतः सुरक्षा के गुर भी सिखाये जा रहे हैं। कालेजों में कानूनी अधिकारों के बारे में भी बताया जा रहा है। केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल से जल योजना का लाभ गरीब महिलाओं का मिल रहा है। आज प्रदेश में तीन तलाक पीड़ित मुस्लिम महिलाओं को भी उनके भरण पोषण के लिए पेंशन दी जा रही है। प्रदेश की महिलाओं को अब सरकार की हर योजना का लाभ शत प्रतिशत पारदर्शी रूप से मिल रहा है। प्रदेश में महिला कल्याण के लिए अब तक 10 लाख स्वयं सहायता समूह बनाए गए हैं। उनमें एक करोड़ महिलाओं को जोड़ा गया है। पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत दो लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो चुकी हैं। योगी सरकार आने के बाद प्रदेश में सरकारी नौकरियों में अब तक डेढ़ लाख से अधिक महिलाओं को नौकरी प्राप्त हो चुकी है। आज प्रदेश की बेटियां जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की नई कहानियां गढ़ रही हैं।

# एएमयू में गद्दार हजार, कार्रवाई की दरकार

ANALYSIS



योगेश कुमार सोनी

**अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के सैकड़ों छात्रों ने फिलिस्तीन के समर्थन में कैंपस में प्रदर्शन किया और इस ही शुक्रवार को हमास के लिए नमाज भी पढ़ी और वी स्टैंड फिलिस्तीन के साथ धार्मिक नारेबाजी भी की। छात्रों ने धार्मिक नारेबाजी करते हुए अल्लाह हू अकबर के नारे भी लगाए। इस घटनाक्रम का यदि आकलन करें तो इसे मात्र किसी विश्वविद्यालय का किसी के प्रति समर्थन या विरोध नहीं माना जा सकता। प्रश्न यह है कि क्या इन छात्रों के पीछे कोई बड़ी राजनीतिक सत्ता है या किसी आतंकी संगठन? चूंकि देश में एकमात्र यही ऐसी यूनिवर्सिटी है जो देश-विदेश में हो रहे बड़े मामलों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराती है। पूरे देश में इस मामले को लेकर कहीं भी किसी भी यूनिवर्सिटी या छात्र समूह ने कोई भी बयान नहीं दिया। इससे पहले भी कई बार यहां से विवादित बयान आ चुके हैं। इस प्रकरण में यह बात समझ नहीं आती कि आखिर वहां पढ़ रहे विद्यार्थियों का माइंड वॉश करने के पीछे क्या व किस किसकी मंशा है।**

एक बार फिर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) सुर्खियों में हैं। पहले तो देश में होने वाले विवादों पर ही यहां से बयान आते थे लेकिन अब विदेश में हो रही गतिविधियों को लेकर यहां छात्र प्रदर्शन करने लगे हैं। बीते कुछ दिनों से इजरायल और हमास के बीच युद्ध जारी है। 7 अक्टूबर को हमास ने चंद मिनट में इजरायल पर हजारों रॉकेट दागे थे। उसके बाद एक्शन में आए इजरायल ने जवाब दिया। इस बीच अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के सैकड़ों छात्रों ने फिलिस्तीन के समर्थन में कैंपस में प्रदर्शन किया और इस ही शुक्रवार को हमास के लिए नमाज भी पढ़ी और वी स्टैंड फिलिस्तीन के साथ धार्मिक नारेबाजी भी की। छात्रों ने धार्मिक नारेबाजी करते हुए अल्लाह हू अकबर के नारे भी लगाए। इस घटनाक्रम का यदि आकलन करें तो इसे मात्र किसी विश्वविद्यालय का किसी के प्रति समर्थन या विरोध नहीं माना जा सकता। प्रश्न यह है कि क्या इन छात्रों के पीछे कोई बड़ी राजनीतिक सत्ता है या किसी आतंकी संगठन? चूंकि देश में एकमात्र यही ऐसी यूनिवर्सिटी है जो देश-विदेश में हो रहे बड़े मामलों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराती है। पूरे देश में इस मामले को लेकर कहीं भी किसी भी यूनिवर्सिटी या छात्र समूह ने कोई भी बयान नहीं दिया। इससे पहले भी कई बार यहां से विवादित बयान आ चुके हैं। इस प्रकरण में यह बात समझ नहीं आती कि आखिर वहां पढ़ रहे विद्यार्थियों का माइंड वॉश करने के पीछे क्या व किस किसकी मंशा है। यदि आंतकी व अन्य किसी बड़ी पार्टी इस खेल के पीछे हैं, तो निश्चित तौर पर देश को एक बड़ा खतरा है। हम बाहरी लोगों से लड़ने में तो पूर्णतः सक्षम हैं लेकिन आस्तीन में पल रहे सांपों का इलाज मुश्किल है। बीते दिनों किसी अन्य मामले पर मेरे साथ एक टीवी चैनल डिबेट में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी छात्रसंघ के पूर्व उपाध्यक्ष सज्जाद राथर ने लाइव यह कहा कि कश्मीर हिंदुस्तान का भाग नही हैं। इसके अलावा भी कई देश विरोधी बातें कहते हुए उसने कांग्रेस व भारतीय जनता पार्टी पर कई आरोप लगाए । साथ में यह भी कहा इन सबके के लिए पार्टियां ही जिम्मेदार हैं जो यहां पढ़ रहे छात्रों में मतभेद समझती हैं लेकिन जब उससे पूछा गया कि क्या मतभेद हैं तो वह कोई उत्तर नहीं दे पाया। चूंकि वह सिर्फ तथ्यहीन बातों को लेकर ही आग उगल रहा था। उसके इन वाकयों से स्पष्ट हो चुका था कि जो इतने बड़े प्लेटफॉर्म पर हमारे देश के लिए आग उगल सकता है तो उसके मन में और कितना जहर होगा। यह तो केवल एक ही छात्र की कहानी है। बाकी ऐसे लोगों की तो पूरी जमात ही है। सबसे ज्यादा मुसलमान हमारे देश में हैं। हम यह कहते हैं कि हमारा देश धर्मनिरपेक्ष है। बावजूद इसके, ऐसी घटनाएं मन को कचोटती हैं। यदि एएमयू व जेएनयू जैसी संस्थाओं पर निगरानी नहीं रखी गई तो कहीं यह संस्थाएं आतंकियों का अड्डा व फैक्टरी न बन जाएं। यहां हमारे शासन-प्रशासन पर सवालिया निशान उठता है कि लगातार हो रही इस तरह कि घटनाओं पर हमारा सिस्टम गंभीरता क्यों नहीं दिखा रहा। क्या यह चुनौती है या फिर विफलता ? चुनौती है तो भी स्वीकार करनी पड़ेगी व विफलता है तो भी उसमें सुधार करना होगा। क्योंकि दोनों ही स्थिति में बड़ा नुकसान देश के वर्तमान व भविष्य को है। समय रहते इस जहर को फैलने से रोकना होगा, क्योंकि यह इन संस्थाओं मे पढ़ रहे बच्चों के माता-पिता के लिए एक चिंता का विषय हो सकता है। कोई भी अभिभावक नहीं चाहता कि उसके बच्चे इस तरह की राह पर चलें। अभिभावकों को भी बच्चों के व्यवहार व गतिविधि पर निगाह रखनी चाहिए। वैसे तो यहां पढ़ रहे अधिकतर बच्चों के अभिभावक उनसे दूर ही रहते हैं, फिर भी किसी भी रूप में सही, निगरनी जरूरी है। इसके अलावा ऐसी यूनिवर्सिटी में प्रशासन की वो यूनिट तैनात करनी चाहिए जिससे वहां विद्यार्थियों में कानून के प्रति डर व सम्मान का माहौल का माहौल बना रहे। यूनिवर्सिटी में तमाम ऐसे उपकरणों का भी उपयोग करना चाहिए, जिससे किसी भी संदेह की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। कॉलेज के समय से ही विद्यार्थियों के छात्रसंघ के चुनाव होते हैं लेकिन उनके नेताओं के किसी देश व दुनिया में हो रही बड़ी घटनाओं को लेकर विवादास्पद बयान देने पर कड़ी कार्रवाई की जरूरत है। बीते कुछ समय से देखा जा रहा है कि एएमयू के छात्रों ने शिक्षकों व अन्य स्टाफ की इज्जत करनी बंद कर दी है। सरकारी आदेशों को अपने स्वयं के बनाए फरमानों में बदल दिया है, जिससे वहां की स्थिति अच्छी नहीं बताई जा रही।



बीते सोमवार को उत्तर प्रदेश भाजपा के नेता संगीत सोम ने भी एएमयू को निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि एएमयू जैसे संस्थानों पर ताला डाल देना चाहिए। इन संस्थाओं में शिक्षा नहीं आतंकवाद का पाठ पढ़ाया जा रहा है। हमास के लिए एएमयू की नारेबाजी दुर्भाग्यपूर्ण है। ये लोग हिंदुस्तान में नया हमास खड़ा करना चाहते हैं। फंडिंग के लिए 50 से लेकर 100 रुपये की रसीद काटकर चंदा इकट्ठा किया जा रहा है। यानी देश खिलाफ इनकी फंडिंग चल रही है। इससे बचने के लिए एक विशेष समुदाय के ठेला और खोमचा लगाने वालों से सामान खरीदने का बहिष्कार करना होगा। हालांकि सामाजिक तौर इस बात का भी समर्थन नहीं किया जा सकता। मगर कुछ लोगों की वजह से पूरी कौम को गलत नहीं कहा जा सकता। बहरहाल,पक्ष-विपक्ष को तो किसी भी मुद्दे पर राजनीति करनी होती है लेकिन विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा पर ध्यान देना होगा। क्योंकि विद्या अर्जन का समय सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। देश की तस्वीर बदलनी है तो एक साथ चलना होगा और इस बात को एएमयू को समझना होगा। यदि वह इस बात को प्यार से समझते हैं तो ठीक, अन्यथा इस मामले पर बड़े एक्शन ऑफ प्लान की जरूरत है। यदि विद्यार्थियों के मन में अभी देश विरोधी भावना बस गई तो देश में विरोधाभास बढ़ जाएगा। यह देश की एकता के लिए घातक होगा है। युवाओं में देश को एक साथ लेकर चलने की भावना उत्पन्न होगी तभी बात बनेगी। इसके लिए सबको एक-दूसरे को समझने की जरूरत है।

**लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

# राजस्थान में बदलाव की बयार

राजस्थान में पिछले तीस वर्ष से हर पांच साल बाद सत्ता बदलने का रिवाज चला आ रहा है। अगले महीने होने वाले राजस्थान विधानसभा के चुनाव में जहां भारतीय जनता पार्टी हर बार राज बदलने के रिवाज को बनाए रखने का प्रयास कर रही है। वही सत्तारूढ़ कांग्रेस फिर से सरकार बनाकर रिवाज बदलना चाहती है। चुनाव में दोनों ही पार्टियों पूरे दमखम के साथ उतरने जा रही है। तीसरे मोर्चे के रूप में बसपा, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, आम आदमी पार्टी, ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिममीन, भारतीय आदिवासी पाटी, वामपंथी पार्टियां जैसे छोटे राजनीतिक दल भी प्रदेश की राजनीति में तीसरी शक्ति बनकर सत्ता की चाबी अपने हाथ में लेना चाहते हैं। राजस्थान में पिछले 30 वर्ष से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस की मुख्य धुरी बने हुए हैं। तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके अशोक गहलोत के इर्द-गिर्द ही कांग्रेस की राजनीति घूमती है। कांग्रेस में जैसा गहलोत चाहते हैं वैसा ही होता है। 1998 में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहते अशोक गहलोत पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। तब राजस्थान में कांग्रेस की राजनीति में कई दिग्गज नेता सक्रिय थे, जिनमें मुख्य परसराम मदेरणा, शीशराम ओला, नवल किशोर शर्मा, नटवर सिंह, शिवचरण माथुर, जगन्नाथ पहाड़िया, हीरालाल देवपुरा, बलराम जाखड़, चौधरी नारायण सिंह, रामनारायण चौधरी, कमला बेनीवाल, खेत सिंह राठौड़, प्रद्युम्न सिंह, गुलाब सिंह शक्तावत जैसे दिग्गज नेता मौजूद थे। उस वक्त गहलोत ने इन सभी को मात देकर मुख्यमंत्री का पद हासिल किया था। बाद में गहलोत ने एक-एक कर सभी बड़े नेताओं को सक्रिय राजनीति से किनारे लगा दिया। आज स्थिति यह है कि कांग्रेस की राजनीति में मुख्यमंत्री गहलोत के प्रतिद्वंद्वी बनकर उभरे सचिन पायलट भी साइड लाइन हो चुके हैं। गांधी परिवार के वफादार भंवर जितेंद्र सिंह का व्यक्तित्व इतना बड़ा नहीं है कि उनके नाम पर मुख्यमंत्री पद के लिए आम सहमति बन सके। 2008 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहते सीपी जोशी मुख्यमंत्री पद के सबसे मजबूत दावेदार बने थे। मगर उनकी एक वोट से हुई हार ने उनका राजनीतिक करियर ही चौपट कर दिया था। गत वर्ष कांग्रेस आलाकमान ने गहलोत के स्थान पर सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने का प्रयास किया था। इसके लिए मल्लिकार्जुन खड़गे व अजय माकन पर्यवेक्षक बन कर जयपुर आए थे। मगर विधायकों द्वारा विधायक दल की बैठक का बहिष्कार कर देने से सचिन पायलट दूसरी बार मुख्यमंत्री बनते-बनते रह गए थे। मुख्यमंत्री गहलोत पिछले पांच साल से लगातार अपनी सभाओं में कहते आ रहे हैं कि वह चौथी बार भी मुख्यमंत्री बनेंगे। मगर लगता है कि अब कांग्रेस में भी बड़ा उलट-पुलट होने वाला है। विधानसभा चुनाव के बाद यदि कांग्रेस फिर से सरकार बनाती है तो गहलोत के स्थान पर किसी नए नेता को ही कमान मिलने की अधिक संभावना नजर आने लगी है। पिछले पांच वर्ष में जिस तरह से गहलोत ने सरकार चलाई है। उससे कांग्रेस नेता राहुल गांधी संतुष्ट नहीं बताए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा हायर की गई एक निजी प्रचार एजेंसी को लेकर भी पार्टी में बड़ा विवाद हुआ था। डिजाइन बाक्स को गहलोत ने अपनी छवि चमकाने के लिए हायर किया था। इस एजेंसी की कार्यप्रणाली को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की एजेंसी के फाउंडर से तकरार हो चुकी है। एजेंसी की नियुक्ति कांग्रेस आलाकमान को पसंद नहीं आ रही है। कांग्रेस आलाकमान कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस के रणनीतिकार रहे सुनील कानुगोलू को राजस्थान में कांग्रेस की चुनावी रणनीति बनाने के लिए नियुक्त करना चाहता था। मगर मुख्यमंत्री गहलोत के विरोध के चलते उन्हें मध्य प्रदेश भेजना पड़ा था। कांग्रेस आलाकमान ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को इस बार कांग्रेस कार्यसमिति का सदस्य भी नहीं बनाया है। जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी सचिन पायलट व कैबिनेट मंत्री महेंद्रजीत मालवीय को कार्य समिति में लिया गया है। आदिवासी नेता महेंद्रजीत मालवीय को कार्य समिति में लाकर राहुल गांधी प्रादेशिक नेतृत्व में बदलाव के संकेत दे रहें हैं। गहलोत के स्थान पर राजस्थान में सचिन पायलट, भंवर जितेंद्र सिंह, महेंद्रजीत मालवीय, सीपी जोशी जैसे नेताओं को बड़ी भूमिका मिल सकती है। राजस्थान में भाजपा भी पूरे बदलाव के दौर से ही गुजर रही है। 2002 से लेकर अब तक पार्टी की एक छत्र नेता रही वसुंधरा राजे के स्थान पर पार्टी में कई नेताओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। भाजपा में नया नेतृत्व लाने के लिए ही पार्टी ने इस बार किसी भी नेता के चेहरे पर चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। भाजपा सामूहिक नेतृत्व व कमल के निशान पर चुनाव मैदान में उतरने जा रही है। अभी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी, अर्जुन मेघवाल, सांसद दीया कुमारी, किरोड़ीलाल मीणा, राज्यवर्धन राठौड़ अग्रिम पंक्ति के नेताओं में शुमार हैं। प्रदेश में यदि भाजपा की सरकार बनती है तो इनमें से ही कोई मुख्यमंत्री बन सकता है। जिस तरह से वसुंधरा राजे समर्थक नेताओं के टिकट काटे जा रहे हैं उससे लगता है कि आने वाला समय वसुंधरा राजे के लिए अच्छा नहीं रहने वाला है। 2013 से 20118 के कार्यकाल में वसुंधरा राजे के इर्द-गिर्द ऐसे चापलूस नेताओं की का जमावड़ा हो गया था जो सिर्फ उनकी जी हजूरी में ही लगे रहते थे। उस कार्यकाल में वसुंधरा राजे ने एक मुख्यमंत्री की बजाय महारानी के रूप में शासन चलाया था, जिसके चलते ही 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा 163 सीटों से घटकर 73 सीटों पर सिमट गई थी।

# Social Media Corner

सच के हक में...



आज से लगभग 106 वर्ष पहले चंपारन में गांधीजी के कहने पर लोगों ने सामाजिक समानता और एकता का रास्ता अपनाया और ब्रिटिश हुकूमत को झुकने पर मजबूर कर दिया। आज भी सामाजिक समानता और एकता का वही रास्ता देशवासियों को आधुनिक विकास के रास्ते पर आगे ले जाएगा और भारत एक विकसित देश के रूप में प्रतिष्ठित होगा।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)**



दिल्ली में जनजातीय युवा एक्सचेंज कार्यक्रम में जनजातीय समुदाय के प्रतिभाशाली युवा मित्रों के साथ संवाद किया। जनजातीय समुदाय और विशेषकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के जनजातीय युवाओं को नक्सलवाद के दंश से दूर रखने और विकास की मुख्यधारा से उन्हें जोड़ने के लिए मोदी सरकार ने अभूतपूर्व कार्य किये हैं। इन्हीं प्रयासों से इन क्षेत्रों के जनजातीय युवाओं में न सिर्फ सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है, बल्कि लोकतंत्र में सहभागी बन देश के विकास में योगदान देने की भावना भी प्रबल हुई है।

**(गृह मंत्री अमित शाह के ट्विटर अकाउंट से)**

# नोबेल की रोशनी में महिला श्रम शक्ति

इस वर्ष अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार एक ही व्यक्ति को मिला है- हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर क्लॉडिया गोल्डिन को। वह अर्थशास्त्र का नोबेल पाने वाली तीसरी और यह पुरस्कार अकेली जीतने वाली पहली महिला हैं। नोबेल प्रशस्ति में उनके पांच दशकों के काम का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि पुरस्कार उन्हें महिला श्रम बाजार के बार में हमारी समझ बढ़ाने के लिए दिया गया है। उनके कई महत्वपूर्ण योगदानों की जानकारी अब आम हो चुकी है, जिनकी चर्चा जरूरी है। उनका सबसे गहन अध्ययन अमेरिका के 200 से ज्यादा वर्षों के इतिहास में महिला श्रम की हिस्सेदारी और उसके परिणामों के बारे में है। अमेरिकी आंकड़ों से निकले उनके बहुत सारे निष्कर्ष दूसरे देशों पर भी लागू होते हैं, जिनमें भारत भी शामिल है। किसी भी अर्थव्यवस्था के विकसित होने पर महिलाओं की रिकवरी यू-शेप में होती है। आर्थिक विकास के साथ, अर्थव्यवस्था में कृषि की जगह, पहले उद्योगों और अंत में सेवा क्षेत्र का प्रभुत्व बढ़ जाता है। कृषि वाले दौर में, महिलाएं पुरुषों के साथ खेतों में काम करती हैं। औद्योगिक चरण में काम ज्यादा बंधा हो जाता है, और कारखानों में उत्पादन की प्रक्रिया का हिस्सा बनना पड़ता है, जिससे महिलाओं की हिस्सेदारी घट जाती है। आर्थिक तरक्की होने के साथ सेवा क्षेत्र का दबदबा बढ़ता जाता है, और महिलाएं फिर से बड़ी संख्या में योगदान करने में सक्षम हो पाती हैं। यह यू-शेप योगदान है, जिसमें आरंभिक चरण में हिस्सेदारी ज्यादा होती है, फिर घटती है और फिर समृद्धि आने पर दोबारा ऊंची हो जाती है। अमेरिका के आर्थिक इतिहास में यह लंबे समय तक देखा जाता रहा। यही मिसाल दूसरे देशों में भी देखी जाती रही, जो अभी विकास के अलग चरणों में हैं। इस तरह, यह पैटर्न देश और काल की सीमा से परे लागू होता है। तो इसमें कोई हैरानी नहीं होनी चाहिए कि ज्यादातर अमीर मुल्कों में सेवा क्षेत्र बहुत बड़ा होता है, और ऐसे में वहां श्रम में महिलाओं की हिस्सेदारी का दर (एफएलएफपीआर) भी ज्यादा होता है। यह 85 प्रतिशत, और स्वीडन जैसे देशों के मामले में 90 प्रतिशत तक हो सकता है। इस दर का मतलब ये है कि कामकाजी उम्र वाली 90 प्रतिशत महिलाएं या तो रोजगार से आय प्राप्त कर रही हैं, या काम खोज रही हैं। भारत में यह दर कम है। कुछ रिपोर्टों के अनुसार यह 20 प्रतिशत से भी कम है, और जी-20 देशों में सबसे कम है। वैसे इसे लेकर विवाद रहा है। भारत सरकार के इस साल के आर्थिक सर्वेक्षण में इसे 27.7 प्रतिशत बताया गया है। महिला श्रम की यू-शेप हिस्सेदारी का एक और पहलू पारिवारिक आय और सामाजिक रीतियों से सामने आता है। बहुत गरीब परिवारों में महिलाओं के काम नहीं करने से घर नहीं चल सकता। इसलिए महिला श्रम की हिस्सेदारी ज्यादा होगी। परिवार की आय बढ़ने पर, महिलाएं कदम पीछे लेती हैं, और घर तथा बच्चों का ध्यान रखने लगती हैं। अमीरी और अत्यंत अमीर घरों में महिला श्रम की हिस्सेदारी फिर से बढ़ने लगती है। यानी यह भी यू-शेप में होता है, मगर पारिवारिक आय के आधार पर। इस पैटर्न पर सामाजिक रीतियों का भी असर पड़ता है। अगर कोई महिला घर से बाहर जाकर काम करती है, तो उसके साथ एक कलंक वाली भावना आ जाती है। समझा जाने लगता है कि घर का ह्यमर्दह्न या तो आलसी है या परिवार के लिए पर्याप्त कमाने में सक्षम नहीं है। यह धारणा हर समाज और संस्कृति में देखी गयी है। तो, सामाजिक कलंक की वजह से भी शायद मध्यवर्गीय परिवारों में महिलाएं काम में हिस्सा नहीं ले पातीं। यू-शेप हिस्सेदारी के पैटर्न में एक और कारण महिलाओं की शिक्षा का भी जुड़ जाता है। अनपढ़ या कम शिक्षित महिलाएं श्रम में ज्यादा हिस्सा लेती हैं।

# गर्भपात और जीवन

फैसला करना कठिन काम होता है। लेकिन, अदालतों का तो काम ही फैसला करना होता है। न्यायाधीश एक निश्चित प्रक्रिया के अंतर्गत सुनवाई के बाद अपने विवेक का इस्तेमाल कर फैसला सुनाते हैं। लेकिन, कई बार यह उलझ जाता है। ऐसा ही एक मामला पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। इस मामले में एक पलड़े पर व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार था, और दूसरे पर जीवन का अधिकार। और सुप्रीम कोर्ट ने जीवन के अधिकार को महत्वपूर्ण करार देते हुए अपना फैसला सुनाया है। यह मामला एक गर्भवती महिला का था जो अपने पेट में पल रहे 26 सप्ताह के गर्भ को गिराने की अनुमति चाहती थी। भारत में मौजूदा कानूनों के तहत 24 साल तक के गर्भ के ही गर्भपात की अनुमति दी जा सकती है। लेकिन, इस मामले में महिला ने मानवीय आधार पर अदालत से रियायत देने की फरियाद की थी। उसका कहना था कि उसे डिप्रेशन के अलावा सेहत की और भी समस्याएं हैं। पहले से दो बच्चों की मां इस महिला का कहना था कि वह शारीरिक, मानसिक और आर्थिक तौर पर तीसरे बच्चे का ख्याल रखने की स्थिति में नहीं है। उसने संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का हवाला देकर गर्भपात की अनुमति मांगी थी। उसके वकील की दलील थी कि अपनी जिंदगी के बारे में फैसला करने की स्वतंत्रता का अधिकार गर्भपात के अधिकार से ज्यादा बड़ा है। सुप्रीम कोर्ट ने महिला को गर्भपात की अनुमति दे दी थी। लेकिन, एक एम्स चिकित्सक के भ्रूण के जीवित बचने की संभावना जताने वाले ईमेल के बाद सरकार ने आदेश पलटने की अपील की। फिर दो जजों की बेंच ने दोबारा सुनवाई की। मगर दोनों न्यायाधीशों का मत अलग रहा, जिसके बाद मामला मुख्य न्यायाधीश के पास गया। चीफ जस्टिस की अगुआई वाली पीठ ने आखिर फैसला सुना दिया है कि गर्भ 24 सप्ताह की सीमा को पार कर चुका है इसलिए गर्भपात की अनुमति नहीं दी जा सकती।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

जानकारी

# प्रेगनेंट महिलाओं के लिए बहुत फायदेमंद होती है चॉकलेट

प्रेगनेंसी के दौरान डॉक्टर महिलाओं को खाने-पीने की कई चीजों से दूर रहने की सलाह देते हैं।चॉकलेट भी ऐसी ही कुछ चीजों में शामिल होती है। इसमें मौजूद फैट, शुगर और कैफीन मां और बच्चे की सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। हालांकि, एक नए शोध की मानें तो गर्भावस्था के दौरान चॉकलेट खाने से कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को कम किया जा सकता है।

## ब्लड सर्कुलेशन ठीक रहता है

कोको से बनी चॉकलेट खाने का सबसे पहला फायदा यह होता है कि इससे शरीर में ब्लड सर्कुलेशन ठीक बना रहता है, जिसकी वजह से भ्रूण के पास मां का पर्याप्त खून पहुंच पाता है।

## आयरन और मैगनीशियम से भरपूर

इसमें बहुत सारा मैगनीशियम और आयरन मौजूद होता है, जिसकी वजह से महिला के शरीर में खून की कमी नहीं होती है। इसमें मौजूद मैग्नीशियम से फैटी एसिड कामेटाबॉलिज्म बढ़ता है।

## दिल की बीमारी से राहत

प्रेगनेंसी के समय चॉकलेट खाने से दिल मजबूत बनता है, जिसकी वजह से व्यक्ति को दिल से जुड़ी बीमारी नहीं होती।

## कोलेस्ट्रॉल की मात्रा घटती है

डार्क चॉकलेट में चीनी और वसा की मात्रा बेहद कम होने की वजह से यह शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा घटा कर रखती है।

## तनाव से छुटकारा दिलाए

यह ब्लड प्रेशर को मेंटेन करने के साथ तनाव के लेवल को भी कम करती है।





# हृदय और मस्तिष्क पर असर डालता है तनाव

इंसान के शरीर में तनाव झेलने की क्षमता होती है, लेकिन एक सीमित समय तक। ताजा अध्ययन में पता चला है कि तनाव जब लंबे समय तक बना रहता है तो यह कई तरह से घातक साबित होता है। इसका सबसे ज्यादा असर हृदय, मस्तिष्क और अहम अंगों पर पड़ता है। यूं तो दुनियाभर में तनाव के खतरों पर रिसर्च हो रही है, तनाव कम करने के लिए उपाय भी तलाशे जा रहे हैं, लेकिन यह भी सच है कि नई पीढ़ी पर इसका जोरदार हमला हो चुका है, इससे भारत भी अछूता नहीं है। जानिए तनाव के मुख्य कारण, इससे शरीर को होने वाले नुकसान और बचने के उपायों के बारे में–

तनाव के कारण अलग-अलग हो सकते हैं। काम का दबाव, आपसी रिश्तों की खटास या आर्थिक तंगी, कारण चाहे जो हों, लेकिन असर एक जैसे हैं। तनाव जितना ज्यादा रहेगा, हमारे शरीर को स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल से जूझना पड़ेगा। कुछ मामले में तनाव स्थायी हो जाता है और यह स्थिति बहुत बुरी होती है।

## शरीर को ऐसे पहुंचाता है नुकसान

शरीर में लंबे समय से तनाव बना हुआ है तो यह दिमाग पर असर डालता है। इंसान की मानसिक शक्ति कमजोर होती जाती है। उसका मूड बनता-बिगड़ता रहता है। थोड़ा तनाव अच्छा होता है। इससे प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, लेकिन तनाव लंबे समय से बना हुआ है तो प्रतिरोधक क्षमता घटा देता है। ऐसे इंसान पर बीमारियां हावी होने लगती हैं। लंबे समय से शरीर में तनाव है तो इसका असर एक किस्म की व्हाइट ब्लड सेल साइटोटोक्सिक टी लिम्फोसाइट्स की कार्यक्षमता पर पड़ता है, जो शरीर को कैंसर जैसी बीमारी से लड़ने की ताकत देती है।

## समझिए हार्ट पर कैसे करता है अटैक

जब कोई इंसान तनाव में होता है तो शरीर का नर्वस सिस्टम सिम्पेथेटिक अल्फा-एड्रीनर्जिक रिसेप्टर्स रिलीज करता है। इसके साथ ही गुर्दे से जुड़ी ग्रंथियां रक्त में कैटेकोलामाइन या तनाव हार्मोन जारी करती हैं। इन दोनों (रिसेप्टर्स और हार्मोन) के मिलने से हृदय की धड़कनें बढ़ती हैं। इस कारण हाथ, पैर और हार्ट की तरफ रक्त का प्रवाह बढ़ता है। नतीजन शरीर में ऑक्सीजन की जरूरत बढ़ती है और यह जरूरत पूरी नहीं होती है तो सीधा असर हार्ट पर पड़ता है और अटैक की आशंका रहती है।

## न भूख लगेगी, न खाया हुआ पचेगा

तनाव का शरीर पर एक और बड़ा हमला गैस्ट्रोइन्टेस्टनल सिस्टम यानी जठरांत्र प्रणाली या पाचन प्रणाली पर होता है। यह हमला दो मोर्चों पर होता है। पहला - तनाव में इंसान को भूख नहीं लगती और दूसरा - वो जो भी खाता है, वो पचता नहीं है। इसके कारण इरिटेबल बाउल सिन्ड्रॉम (IBS) जैसे डिस्ऑर्डर पैदा होते हैं। IBS से सबसे ज्यादा नुकसान बड़ी आंत को होता है। यानी तनाव हमारी आंतों पर भी नकारात्मक असर डालता है।

## तनाव से डरे नहीं, ऐसे करें सामना

विभिन्न रिसर्च में कहा गया है कि थोड़ा–बहुत तनाव जिंदगी का हिस्सा है। हमें यह समझना होगा कि तनाव से कैसे निपटा जाए। परिस्थितियों का सामना सही तरीके से करेंगे तो तनाव का बुरा असर नहीं होगा। कितना भी काम हो, कितना भी तनाव हो, रिलेक्स होने का समय निकालें। कोई समस्या है तो अपने रिश्तेदारों–दोस्तों से बात करें। समस्याओं का सही हल, तनाव से निजात दिला सकता है। तनाव को दूर रखना है तो खुद को सेहतमंद रखें। अच्छा खाएं, योगा–प्राणायम, व्यायाम करें। पैदल चले, स्वीमिंग करें, दौड़े– किसी भी तरह की ऐसी वर्जिश दिन में कम से कम 35 मिनट जरूर करें। ऐसा करने पर अच्छा महसूस होगा और शरीर में खुशी पैदा करने वाला एंडोर्फिन यानी हैप्पी हार्मोन दिनभर बना रहेगा।

तनाव से मुक्ति चाहते हैं तो दिन में कम से कम 7 से 8 घंटे जरूर सोएं। वैज्ञानिकों ने अब पता लगा लिया है कि अच्छी नींद का हेल्दी हार्ट और हेल्दी ब्रेन के साथ पक्का संबंध है। जब हम सोते हैं तब हमारा दिमाग सूचनाओं को खंगालता है। अगली बार यदि कोई आइडिया चाहिए तो संबंधित टॉपिक पर रिसर्च करने के बाद सो जाएं, उठेंगे तो शानदार आइडिया मिलेगा। हां, यह जरूर देखे लें कि आइडिया मिलने के बाद प्रजेंटेशन बनाने के लिए कितना समय मिलेगा, क्योंकि जो लोग जरूरी काम को अंतिम समय तक टालते हैं, वे ज्यादा तनाव में रहते हैं। अपने हर काम को अच्छी तरह प्लान करें। किसी भी योजना पर काम शुरू करने से पहले अच्छी और बुरी बातों का अध्ययन जरूर कर लें। इससे आप गैरजरूरी तनाव से बचे रहेंगे।

सुझाव

# चंद दिनों में मस्सों को जड़ से गायब कर देगा केला

बेदाग खूबसूरत त्वचा का सपना हर कोई देखता है, लेकिन चेहरे की ये खूबसूरती उस समय फीकी पड़ जाती है, जब चेहरे पर किसी जगह मस्सा उग आए। चेहरे पर ही नहीं मस्से शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकते हैं।

हालांकि वैसे तो मस्से व्यक्ति को किसी भी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाते हैं, लेकिन यह आपके लुक को प्रभावित कर सकते हैं और आपकी सुंदरता को बिगाड़ सकते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं आखिर कैसे इन बिन बुलाए मेहमानों से बड़ी आसानी से छुटकारा पाया जा सकता है।



## केले का छिलका

केला ही नहीं इसके छिलकों के भी बेशुमार फायदेमंद हैं। सेहत बनाने के साथ इसका छिलका आपकी खूबसूरती में भी चार चांद लगा सकता है। केले के छिलके में मस्से को सुखाने की क्षमता अद्भुत होती है। इसके लिए आप रात को शरीर में मस्से वाली जगह पर केले के छिलके को रखकर उस पर एक कपड़ा बांध लें। ऐसा तब तक करें जब तक कि शरीर की उस जगह से मस्सा साफ न हो जाए।

## बेकिंग सोडा


शरीर से मस्सा हटाने के लिए एक चम्मच बेकिंग सोडा में कुछ बूंदें कैस्टर ऑइल डालकर इस पेस्ट को मस्से पर लगाकर हल्के हाथों से उस जगह की मसाज करें। ऐसे नियमित एक घंटे तक करें। चेहरे को एक घंटे बाद स्वच्छ पानी से धो लें। इस तरह से एक महीने में आपको मस्सों की परेशानी से निजात मिल जाएगी।

## लहसुन का पेस्ट

लहसुन में पाए जाने वाले एंटीफंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण त्वचा से मस्से हटाने में मदद करता है। मस्से हटाने लहसुन की दो कलियां लेकर उनका पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को मस्से पर एक घंटे तक लगाकर रखें। थोड़ी देर बाद त्वचा को पानी से धो लें। दिन में दो बार इस उपाय को करें।

## डॉक्टर से सलाह अवश्य लें

मस्से हटाने के लिए किए गए इन उपायों को करते समय अगर आपको किसी तरह की कोई जलन या परेशानी महसूस हो तो तुरंत उस जगह को साफ कर लें और फिर अपने डॉक्टर से सलाह लें।



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-2-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। काम में लगे रहें लाभ होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। शत्रु से सावधान रहें। शुभांक-1-3-5

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-3-4-5


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। पत्नी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-2-4-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-4-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-1-3-5

## काकुरो पहेली - 2979




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो -2978 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

न्यायाधीश (एक बूढ़े चोर से)- तुम्हारी इतनी हिम्मत कि तुमने दिनदहाड़े चोरी की? तुम्हे पकड़े जाने जरा भी डर नहीं लगा।

कटघरे में खड़ा बूढ़ा चोर बोला- क्या करूँ सरकार! आजकल मुझे रात में बहुत नींद आती है, इसलिए मैंने दिन में दिनदहाड़े चोरी कर ली।

पुलिस इंस्पेक्टर (रमन से)- नालायक...! तुम इते गिरे हुए हो कि केवल पाँच सौ रुपए के लिए इस बुजुर्ग व्यक्ति का सिर फोड़ दिया?

रमन हवलदार- और क्या करता साहब... मजबूरी है! ऐसे ही तो बूँद-बूँद से घड़ा भरता है हुजूर।


न्यूक्लियर फैमिली में रहने वाला चंपू अपने पिता से बोलता है, पापा-पापा मैं भी अपनी शादी में आइटम गर्ल को डाँस करवाऊँगा।

पापा- बेवकूफ क्या बकता है, यह तमाशा किस गधे की शादी में देख लिया?

चंपू- आपकी शादी के वीडियो में।

पापा- अबे नालायक अपनी मौसी और बुआ को नहीं पहचानता!!

## फिल्म वर्ग पहेली- 2979



**बायें से दायें:-**

१. जॉय मुखर्जी, नंदा की 'मुझे इश्क है तुम्हीं से' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मेरे टूटे हुए दिल से कोई तो' गीत वाली राजकपूर, नूतन की फिल्म-३
६. आमिर, फैजल, ट्विंकल की 'तुझे रब ने बनाया है' गीत वाली फिल्म-२
७. अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-२
८. 'तसवीर बनाता हूँ' गीतवाली फिल्म-४
९. 'जब लिया हाथ' गीत वाली राजेंद्र कुमार, गीता बाली की फिल्म-३
११. राजकुमार, प्रिया की 'ये पर्वतों के दायरे ये शाम' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'दिल में जिगर में' गीत वाली संजय, जैकी, शिल्पा, रवीना की फिल्म-२
१३. विकास भल्ला, सुमीत, की 'कोई दिल ना किसी' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'काहे कोयल शोर मचाये' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
१५. विश्वजीत, माला सिन्हा की फिल्म-३
१७. राजकुमार, मीना की 'चलते चलते यूंही कोई मिल' गीत वाली फिल्म-३
१९. जैकी श्रॉफ, रति की फिल्म-२
२१. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'ये प्यार यार क्या' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'ना सतरा से ऊपर ना' गीत वाली नवीन निश्चल, रेखा की फिल्म-२
२३. 'दुपट्टे का पल्लू' गीतवाली फिल्म-४
२६. फिल्म 'दोस्ताना' में अमिताभ की नायिका?-३
२७. अभिषेक, अंतरा माली की 'इश्क दा तड़का' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'मेरे दिल में रहो या जिगर' गीत वाली अष्मित, मीरा की फिल्म-३
२९. गुरूदत्त, वहीदा रहमान की 'जाने क्या तूने कही' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'देर है अंधेर नही' गीत वाली शत्रुघ्न, राजकपूर, योगिता की फिल्म-२,२
३१. फिल्म 'सलाखें' में नायक?-२

**ऊपर से नीचे:-**

१.'मन क्यों बहका रे' गीत वाली शशि शेखर सुमन, रेखा, नीना की फिल्म-३
२. मिथुन, जुगल, सोनाली की 'तेरी चाहत में दिल' गीत वाली फिल्म-१,२
४. 'सीली हवा छू गई सीला' गीत वाली नसीर, शबाना आजमी की फिल्म-३
५. अमिताभ, अमजद खान, नीतू की 'छूकर मेरे मन' गीत वाली फिल्म-३
६. 'बोल बेबी बोल रॉक' गीत वाली अनिल कपूर, मीनाक्षी की फिल्म-२,२
१०. धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की 'राजा ना जा ना जा' गीत वाली फिल्म-३
११. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली अर्जुन रामपाल, जायेद, अमीषा की फिल्म-२
१४. धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की 'मैं लैला का मजनूं' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'कोरा कागज था मन' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-४
१६. संजय कपूर, माधुरी की 'फूल मांगू ना बहार माँगूं' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'दिले बेताब को सीने से' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वहीदा की फिल्म-३
१८. अमिताभ, अक्षय, जॉन, रिमी की 'फलक देखूं' गीत वाली फिल्म-३,३
२०. फिल्म 'देवी' में नायिका कौन थी-३
२४. 'अंखियां मिलाके जिया' गीत वाली फिल्म-३
२५. नसीर, अष्मित, उर्मिला की फिल्म-४
२६. 'शहर शहर डगर डगर' गीत वाली जैकी, संजय, सोनम की फिल्म-२,१

फिल्म वर्ग पहेली- 2978



## सूडोकु -2979


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2978 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## शब्द पहेली - 2979




**बाएँ से दाएँ**

1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरुरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**

1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

शब्द पहेली -2978 का हल



## वर्ल्ड कप : पुणे में भारत की लगातार चौथी जीत, कोहली ने बनाई 48वीं सेंचुरी

# कोहली का सिक्स और भारत ने हासिल कर ली बांग्लादेश पर 7 विकेट से जीत

**AGENCY PUNE :**

टीम इंडिया ने वर्ल्ड कप 2023 में लगातार चौथी जीत हासिल की है। भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया। विराट कोहली (103* रन) ने 48वां वनडे शतक जमाया। उन्होंने सबसे तेज 26 हजार इंटरनेशनल रन भी पूरे कर लिए हैं। विराट ने 567 पारियों में यह अचीवमेंट हासिल की। कोहली से पहले सचिन तेंदुलकर 600 पारियों में 26 हजारी बने थे। पुणे के एमसीए मैदान पर गुरुवार को बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट पर 256 रन बनाए। 257 रन का टारगेट भारतीय बल्लेबाजों ने 41.3 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। कोहली के अलावा, शुभमन गिल (53 रन) ने 10वां अर्धशतक जमाया, जबकि कप्तान रोहित शर्मा ने 48 रनों का योगदान दिया। इससे पहले बांग्लादेश का स्कोर एक समय बिना किसी नुकसान के 93 रन था लेकिन इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने हार्दिक पंड्या के चोटिल हो जाने के बावजूद उसे बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। हार्दिक ने नौवें ओवर में गेंद संभाली लेकिन लिटन दास के स्ट्रेट ड्राइव को रोकने के प्रयास में उनका टखना मुड़ गया।



### कोहली ने फेंकी तीन गेंद

*टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने विश्व कप में आठ साल बाद गेंदबाजी की। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ खेले जा रहे मैच में हार्दिक के चोटिल होने के बाद हाथ में गेंद थामी और बाकी तीन गेंदें फेंकी। 2015 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार्दिक पांड्या ने सेमीफाइनल मैच में गेंदबाजी की थी। वहीं, वनडे में विराट ने अगस्त 2017 में कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ बॉलिंग की थी।*

### तंजीद और लिटन का अर्शशतक

*बांग्लादेश की पारी का शुरुआती चरण हालांकि युवा तंजीद हसन और अनुभवी लिटन दास के नाम रहा। तंजीद 43 गेंद पर 51 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल हैं। यह वनडे में उनका पहला अर्धशतक है। लिटन दास ने 82 गेंद पर सात चौकों की मदद से 66 रन बनाए जबकि रहीम ने 38 रन का उपयोगी योगदान दिया। पारी के अंतिम चरण में महमूदुल्लाह ने 36 गेंद पर 46 रन की आक्रामक पारी खेली जिसने तीन चौके और इतने ही छक्के शामिल हैं। तंजीद और लिटन दास ने 93 रन जोड़े जो विश्व कप में बांग्लादेश की तरफ से पहले विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है।*

### स्कोर बोर्ड

| बांग्लादेश | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| तंजीद पगबाधा बो कुलदीप | 51 | 43 | 5 | 3 |
| दास का गिल बो जडेजा | 66 | 82 | 7 | 0 |
| शंटो पगबाधा बो जडेजा | 08 | 17 | 0 | 0 |
| मिराज का राहुल बो सिराज | 03 | 13 | 0 | 0 |
| ह्रदय का गिल बो शारदुल | 16 | 35 | 0 | 0 |
| रहीम का जडेजा बो बुमराह | 38 | 46 | 1 | 1 |
| महमूदुल्लाह बो बुमराह | 46 | 36 | 3 | 3 |
| नासुम का राहुल बो सिराज | 14 | 18 | 2 | 0 |
| मुस्ताफिजुर रहमान नाबाद | 01 | 07 | 0 | 0 |
| शरीफुल इस्लाम नाबाद | 07 | 03 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 50 ओवर में 256/8

गेंदबाजी : बुमराह 10-1-41-2, सिराज 10-0-60-2, पंड्या 0.3-0-8-0, कोहली 0.3-0-2-0, शारदुल 9-0-59-1, कुलदीप 10-0-47-1, जडेजा 10-0-38-2.

**शीर्ष स्कोरर**



डेवोन कॉनवे

249 रन

न्यूजीलैंड

**शीर्ष विकेट टेकर**



मिचेल सेंटनर

11 विकेट

न्यूजीलैंड

### वर्ल्ड कप : अंक तालिका

| टीम | खेले | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| न्यूजीलैंड | 4 | 4 | 0 | 8 |
| भारत | 4 | 4 | 0 | 8 |
| द.अफ्रीका | 3 | 2 | 1 | 4 |
| पाकिस्तान | 3 | 2 | 1 | 4 |
| इंग्लैंड | 3 | 1 | 2 | 2 |
| बांग्लादेश | 4 | 1 | 3 | 2 |
| ऑस्ट्रेलिया | 3 | 1 | 2 | 2 |
| नीदरलैंड्स | 3 | 1 | 2 | 2 |
| अफगानिस्तान | 4 | 1 | 3 | 2 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 3 | 0 |

**बैडमिंटन...**



## सिंधू ने डेनमार्क ओपन के क्वार्टर में बनाई जगह

*__ओडेंसे।__ पीवी सिंधू ने गुरुवार को इंडोनेशिया की विश्व में सातवें नंबर की खिलाड़ी ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजंग को हराकर डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पिछले सप्ताह आर्कटिक ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने अपना जज्बा दिखाया तथा 71 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में तुनजंग को 18-21, 21-15, 21-13 से हराया। दोनों खिलाड़ियों के बीच इस साल जो तीन मैच खेले गए हैं उनमें इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने दो मैच में जीत दर्ज की, जिनमें मैड्रिड स्पेन मास्टर्स फाइनल भी शामिल है। इस मैच से पहले हालांकि सिंधू का तुनजंग के खिलाफ ओवरऑल रिकॉर्ड 8-2 था।*

## राशिद को खतरनाक होने ही नहीं दिया



*__चेन्नई।__ विकेटकीपर बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स ने कहा कि राशिद खान की फिरकी से मिलने वाली चुनौती से बखूबी वाकिफ न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने अफगानिस्तान के खिलाफ 149 रन से मिली जीत में इस खतरे को उभरने ही नहीं दिया। राशिद ने दस ओवर में 43 रन देकर सिर्फ एक विकेट लिया।फिलिप्स ने पत्रकारों से कहा, 'हर कोई राशिद के खिलाफ अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ रणनीति बनाता है। कई बार वह असाधारण प्रदर्शन कर जाता है और उसे खेलना मुश्किल होता है।'*

## खबर संक्षेप



### मेसी को दो करोड़ 40 लाख डॉलर मिले

**न्यूयॉर्क।** मेजर लीग फुटबॉल खिलाड़ी संघ ने बताया कि लियोनेल मेसी को इंटर मियामी के साथ एमएलएस अनुबंध के सालाना अनुबंध के दो करोड़ 40 लाख डॉलर मिले हैं। मेसी को बाकी सभी खिलाड़ियों के कुल वेतन से ज्यादा मिलता है। उनकी मूल तनख्वाह एक करोड़ 20 लाख डॉलर है और कुल मिलने वाली रकम दो करोड़ 40 लाख डॉलर से ऊपर है। मेसी को लीग में सबसे नीचे काबिज ओरलैंडो सिटी के 9.6 मिलियन डॉलर कुल वेतन से दुगुना मिलता है।

### भारत को हराना कठिन : सेंटनेर

**चेन्नई।** न्यूजीलैंड के स्पिनर मिशेल सेंटनेर का मानना है कि भारत को उसकी धरती पर हराना कठिन है और विश्व कप में रविवार को दो अपराजेय टीमों के बीच धर्मशाला के होने वाले आगामी मुकाबले में



उनके लिए हालात को आंकना और फॉर्म में चल रहे रोहित शर्मा के बल्ले पर अंकुश लगाना अहम होगा। न्यूजीलैंड ने अभी तक विश्व कप में अहमदाबाद, हैदराबाद और चेन्नई में खेलते हुए चारों मैच जीते हैं। अब उसे धर्मशाला में भारत से खेलना है।

### एकजुट होकर प्रदर्शन करने की उम्मीद

**बेंगलुरु।** विश्व कप में अब तक ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों ने एकजुट होकर प्रदर्शन नहीं किया है और कप्तान पैट कमिंस ने उम्मीद जताई कि शुक्रवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ उनके बल्लेबाज अपनी क्षमता



के अनुसार प्रदर्शन करेंगे। जोश इंगलिस और मिशेल मार्श के अलावा ऑस्ट्रेलियाई का कोई और बल्लेबाज अब तक टूर्नामेंट में अर्धशतक नहीं बना पाया है और कमिंस को उम्मीद है कि चिन्नास्वामी स्टेडियम की बल्लेबाजी की अनुकूल पिच पर उनके बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

## डब्लूपीएल-2 में सभी फ्रेंचाइजी ने शीर्ष खिलाड़ियों को बरकरार रखा

**AGENCY NEW DELHI :**

महिला प्रीमियर लीग की टीमों ने अपने सभी मारकी खिलाड़ियों को बरकरार रखने का फैसला किया है जिनमें हरमनप्रीत कौर मुंबई इंडियंस के लिए, मेग लानिंग दिल्ली कैपिटल्स के लिए और स्मृति मंधाना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए ही खेलेगी। पांचों फ्रेंचाइजी के लिए डब्लूपीएल 2024 में खिलाड़ियों को 'रिटेन' करने के लिए 15 अक्टूबर तक का ही समय था। पांच फ्रेंचाइजी ने 21 विदेशी क्रिकेटरों समेत 60 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है जबकि 29 को फारिग कर दिया गया है। मुंबई टीम ने हरमनप्रीत के अलावा हेली मैथ्यूज, यास्तिका भाटिया, नताली स्किवेर ब्रंट, एमेलिया केर और इसाबेले वोंग को बरकरार रखा है। दिल्ली टीम ने 15 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। वहीं यूपी वारियर्स ने अपना कोर ग्रुप समान ही रखा है।

### बाहर और रिटेन खिलाड़ियों की सूची



#### दिल्ली कैपिटल्स

**रिटेन खिलाड़ी :** एलिसे कैप्सी, अरुंधति रेड्डी, जेमिमा रोड्रिग्स, जेस जोनासेन, लौरा हैरिस, मरियाने कैप, मेग लानिंग, मीनू मणि, पूनम यादव, राधा यादव, शेफाली वर्मा, शिखा पांडे, स्नेहा दीप्ति, तान्या भाटिया, टिटास साधु।
**रिलीज़ खिलाड़ी:** अपर्णा मंडल, जसिया अख्तर, तारा नॉरिस.

#### गुजरात दिग्गज

**रिटेन खिलाड़ी :** एशले गार्डनर, बेथ मूनी, डी हेमलता, हरलीन देयोल, लौरा वोल्वार्ड्ट, शबनम शकील, स्नेह राणा, तनुजा कंवर।
**रिलीज़ खिलाड़ी :** एनाबेल सदरलैंड, अश्विनी कुमारी, जॉर्जिया वेयरहैम, हर्ले गाला, किम गार्थ, मानसी जोशी, मोनिका पटेल, पारुनिका सिसौदिया, एस मेघना, सोफिया डंकले, सुषमा वर्मा

#### मुंबई इंडियंस

**रिटेन खिलाड़ी :** अमनजोत कौर, अमेलिया केर, क्लो ट्रायॉन, हरमनप्रीत कौर, हेले मैथ्यूज, हुमैरा काज़ी, इसाबेल वोंग, जिन्तिमनी कलिता, नताली साइवर, पूजा वस्त्राकर, प्रियंका बाला, सैका इशाक, यास्तिका भाटिया।
**रिलीज़ खिलाड़ी :** धारा गुज्जर, हीदर ग्राहम, नीलम बिष्ट, सोनम यादव

#### रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर

**रिटेन खिलाड़ी :** आशा शोभना, दिशा कसाट, एलिसे पेरी, हीदर नाइट, इंद्राणी रॉय, कनिका आहूजा, रेणुका सिंह, ऋचा घोष, श्रेयंका पाटिल, स्मृति मंधाना, सोफी डिवाइन।
**रिलीज़ खिलाड़ी :** डेन वान नीकेर्क, एरिन बर्न्स, कोमल जांजाद, मेगान शट, पूनम खेमनार, प्रीति बोस, सहाना पवार

#### यूपी वारियर्स

**रिटेन खिलाड़ी :** एलिसा हीली, अंजलि सरवानी, दीप्ति शर्मा, ग्रेस हैरिस, किरण नवगिरे, लॉरेन बेल, लक्ष्मी यादव, पार्श्वी चोपड़ा, राजेश्वरी गायकवाड़, एस. यशश्री, श्वेता सहरावत, सोफी एक्लेस्टोन, ताहलिया मैकग्रा।
**रिलीज़ खिलाड़ी :** देविका वैद्य, शबनम इस्माइल, शिवली शिंदे, सिमरन शेख।

## तरुणदीप की भारतीय टीम में वापसी, अतनु दास बाहर

**AGENCY NEW DELHI :**

अनुभवी तीरंदाज तरुणदीप राय और सेना के उनके साथी प्रवीण जाधव ने बैंकॉक में तीन से 10 नवंबर के बीच होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए गुरुवार को भारतीय टीम में वापसी की। यह प्रतियोगिता ओलंपिक के लिए महाद्वीपीय क्वालीफायर्स भी है। यह बर्लिन में विश्व चैंपियनशिप और हांगझोउ एशियाई खेलों के बाद पेरिस ओलंपिक के लिए तीसरी क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है।

तरुणदीप और जाधव को पांच दिन के चयन ट्रायल के बाद ओलंपियन अतनु दास और मृणाल चौहान के स्थान पर टीम में रखा गया। धीरज बोम्मदेवरा रिकर्व टीम में शामिल सेना के तीसरे तीरंदाज हैं। तुषार शाल्के टीम में शामिल चौथे खिलाड़ी हैं। महिला रिकर्व टीम में प्राची सिंह की जगह तिशा पूनिया को शामिल किया गया है।

### टीम इस प्रकार हैं

**रिकर्व : पुरुष :** तरुणदीप राय, धीरज बोम्मदेवरा, प्रवीण जाधव (सभी एसएससीबी) और तुषार शाल्के (एआईपीएससीबी)। महिला: तिशा पूनिया, भजन कौर (दोनों हरियाणा), सिमरनजीत कौर (पंजाब) और अंकिता भक्त (झारखंड)।

**कंपाउंड : पुरुष:** ओजस देवताले, प्रथमेश फुगे (दोनों महाराष्ट्र) और अभिषेक वर्मा, प्रियांश (दिल्ली)। महिला: ज्योति सुरेखा वेन्नम (एपी), अदिति स्वामी (महाराष्ट्र), मुस्कान किरार (एमपी), परनीत कौर (पंजाब)।

## रिजर्व खिलाड़ी मैथ्यूज, चमीरा टीम से जुड़ेंगे



**नई दिल्ली।** अनुभवी ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज और तेज गेंदबाज दुष्मंता चमीरा शुक्रवार को लखनऊ में रिजर्व खिलाड़ियों के रूप श्रीलंका की टीम से जुड़ेंगे। देश के क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को यह घोषणा की। मैथ्यूज और चमीरा दोनों ने पिछली एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला अफगानिस्तान के खिलाफ जून में खेली थी। मैथ्यूज 36 साल के हैं और उन्होंने 221 मैच में छह हजार के करीब रन बनाने के अलावा 120 विकेट भी चटकाए हैं। दाएं हाथ के 31 साल के तेज गेंदबाज चमीरा ने 44 एकदिवसीय मैच में 50 विकेट चटकाए हैं।

## कार्तिकेयन ने क्लासिकल चेस में कार्लसन को हराया...




*__नई दिल्ली।__ भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर कार्तिकेयन मुरली ने खास उपलब्धि हासिल की है। 24 वर्षीय मुरली ने दुनिया के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को क्लासिकल चेस में हराया है। वह ऐसा करने वाले तीसरे भारतीय हैं। उनसे पहले सिर्फ पेंटाला हरिकृष्णा और विश्वनाथन आनंद ही ऐसा कर पाए थे। कार्तिकेयन ने टूर्नामेंट के सातवें दौर में जीत हासिल की, जहां उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस महत्वपूर्ण जीत के साथ वह टूर्नामेंट में एसएल नारायण, जावोखिर सिंदारोव, डेविड परव्यान, अर्जुन एरिगैसी और नोदिरबेक याकुबोएव जैसे अन्य प्रमुख खिलाड़ियों की श्रेणी में शामिल हो गए, जिनमें से सभी ने 7 में से 5.5 का उल्लेखनीय स्कोर हासिल किया। तमिलनाडु के तंजावुर के रहने वाले मुरली दो बार के राष्ट्रीय चैंपियन रह चुके हैं। उन्होंने कार्लसन के खिलाफ कोई गलती नहीं की। टूर्नामेंट के छठे दौर में ईरान के परहम माघसूदलू के खिलाफ ड्रॉ के बाद उन्होंने शानदार जीत हासिल की।*

## वनडे क्रिकेट में कंगारुओं का पाक के खिलाफ रिकॉर्ड 69-34 का

# आस्ट्रेलिया-पाकिस्तान को हासिल करनी होगी लय

**AGENCY NEW DELHI :**

परिपक्वता की पर्याय आस्ट्रेलिया और आक्रामकता की मिसाल पाकिस्तान की टीमें विश्व कप के मुकाबले में शुक्रवार को जब आमने सामने होंगी तो उन्हें खेल के हर विभाग में सुधार करके अपने रसूख के मुताबिक प्रदर्शन करना होगा। पाकिस्तान को दबाव में बेखौफ क्रिकेट खेलने के लिए जाना जाता है लेकिन इस बार भारत के खिलाफ महा मुकाबले में 1992 चैंपियन टीम दबाव नहीं झेल सकी। भारत ने बिल्कुल एकतरफा अंदाज में सात विकेट से जीत दर्ज की। श्रीलंका के खिलाफ हैदराबाद में प्रदर्शन भले ही अच्छा रहा हो लेकिन श्रीलंका का आक्रमण भी आला दर्जे का नहीं था। अब सामना आस्ट्रेलिया से है और पांच बार की चैंपियन टीम अपनी ही समस्याओं से जूझ रही है।



आस्ट्रेलिया की चुनौती इस समय भारत की तरह दुश्वार भले ही नहीं हो लेकिन उसे हराना आसान नहीं होगा। वनडे क्रिकेट में आस्ट्रेलिया का पाकिस्तान के खिलाफ रिकॉर्ड 69-34 का है और 50 ओवरों के विश्व कप में आस्ट्रेलिया ने छह मैच जीते जबकि चार हारे हैं।

### फार्म में नहीं कंगारू बल्लेबाज

*भारत और दक्षिण अफ्रीका से मिली हार ने आस्ट्रेलिया को ऐसी स्थिति में पहुंचा दिया है जिसके वह आदी नहीं है। एक और हार सेमीफाइनल की उनकी राह मुश्किल कर सकती है। जोश इंग्लिस को छोड़कर आस्ट्रेलिया का कोई बल्लेबाज अभी तक अर्धशतक नहीं बना सका है। मार्नस लाबुशेन अकेले बल्लेबाज हैं जो कुल 100 रन से अधिक बना सके हैं। मिचेल स्टार्क (55) ने ग्लेन मैक्सवेल (49) से अधिक रन बनाए हैं। तीन मैचों में स्टीव स्मिथ 65, डेविड वॉर्नर 65 और मिशेल मार्श 59 रन ही बना सके हैं। गेंदबाजों में स्टार्क, एडम जाम्पा और जोश हेजलवुड प्रभावी रहे हैं लेकिन कप्तान पैट कमिंस कमजोर कड़ी साबित हुए हैं।*

### पाक बल्लेबाजी लाइनअप

पाकिस्तान के लिए सलामी बल्लेबाज इमामुल हक ने तीन मैचों में सिर्फ 63 रन बनाए हैं। उन्हें अब्दुल्ला शफीक का बखूबी साथ निभाना होगा जिन्होंने खराब फॉर्म से जूझ रहे फखर जमां की जगह ली है। कप्तान बाबर आजम भी लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। पाकिस्तानी बल्लेबाजी की धुरी बाबर ने भारत के खिलाफ अर्धशतक बनाया लेकिन नीदरलैंड और श्रीलंका के खिलाफ नाकाम रहे। उन्हें मध्यक्रम में मोहम्मद रिजवान पर अत्यधिक निर्भरता से भी बचना होगा। नीदरलैंड के खिलाफ अर्धशतक बनाने वाले सऊद शकील और आक्रामक इफ्तिखार अहमद को भी लगातार अच्छा खेलना होगा।

## आज नहीं खेल पाएंगे फखर और सलमान

*__बेंगलुरु।__ पाकिस्तान के चोटिल सलामी बल्लेबाज फखर जमां और अस्वस्थ ऑलराउंडर सलमान अली आगा शुक्रवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप मैच में चयन के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। जमां घुटने की चोट से उबर रहे हैं जबकि सलमान बुखार से पीड़ित हैं। पाकिस्तान के मीडिया मैनेजर ने गुरुवार को एक बयान में कहा, 'फखर जमां का घुटने की चोट के लिए इलाज चल रहा है। उम्मीद है कि वह अगले सप्ताह चयन के लिए उपलब्ध रहेगा।*

## पहलवानों के यौन शोषण केस में सुनवाई

**PANIPAT :** महिला पहलवानों के यौन शोषण केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने पेशी से छूट दी और उनकी ओर से वकील ने दलीलें रखीं। बृजभूषण सिंह के वकील ने कहा कि अगर अनजान शख्स किसी को गले लगता है तो यह समझ में आता है कि नीयत सही नहीं थी, लेकिन जहां पर एक खेल का इवेंट चल रहा हो और वहां खिलाड़ी एक-दूसरे को गले लगाते हैं, ऐसे में वहां नीयत पर सवाल नहीं उठाया जाता है। शिकायतकर्ता ने दिल्ली की दो घटनाओं का जिक्र किया है। कोर्ट ने बृजभूषण के वकील से कहा कि जितना हमने चार्ज फ्रेम करने के लिए सुनवाई की है, उतने में तो आधा ट्रायल हो जाता है। साथ ही कहा कि आप अपने बचाव में ऐसी बातें कह रहे हैं जो चार्ज फ्रेम करते समय नहीं की जाती हैं। इस पर बृजभूषण के वकील ने कहा कि शिकायतकर्ता 6,5,4,3 के मामले में इस अदालत के क्षेत्राधिकार में नहीं आता है। कोर्ट में अब अगली सुनवाई 21 अक्टूबर को होगी।

## गेहूं का एमएसपी बढ़ाना मजबूरी : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भले ही गेहूं पर न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी बढ़ाने का श्रेय लेने का प्रयास कर रही है लेकिन सच यह है कि ऐसा करना आवश्यकता थी इसलिए समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की गई है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां जारी बयान में कहा कि गेहूं की एमएसपी में बड़ी बढ़ोतरी करने का श्रेय लेने की बजाय श्री मोदी को जवाब देना चाहिए कि आखिर मध्य प्रदेश में सोयाबीन एमएसपी से नीचे क्यों बिक रहा है और सरकार सस्ते दाम पर खाद्य तेलों का आयात क्यों कर रही है। उन्होंने कहा 'गेहूं के एमएसपी में 150 रुपए प्रति कुंतल बढ़ोतरी की गई है। हमेशा की तरह, प्रधानमंत्री इस 'बड़ी' बढ़ोतरी के लिए श्रेय ले रहे हैं। लेकिन हक़ीक़त कुछ और ही है। यह सरकार के गेहूं भंडार के एकदम ख़ाली होने के कगार पर पहुंचने के कारण हुआ है।' श्री रमेश ने कहा 'दरअसल सच्चाई यह है कि यह पहली बार नहीं हुआ है जब गेहूं के एमएसपी में इस तरह 150 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई है। एमएसपी में बढ़ोतरी पहले भी हुई है और इससे काफ़ी ज़्यादा हुई है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के शासनकाल में गेहूं के एमएसपी में 119 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी जबकि नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में सिर्फ़ 57 प्रतिशत हुई है, लेकिन अभी एमएसपी का बढ़ना, जो कि एक आवश्यकता है, उसे भी प्रधानमंत्री उपकार के रूप में पेश कर रहे हैं।' उन्होंने कहा 'एमएसपी बढ़ाने का श्रेय लेने से पहले इन सवालों का भी जवाब देना चाहिए कि संयुक्त किसान मोर्चा की एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी की मांग का क्या हुआ। यह तो ऐसे समय में और भी महत्वपूर्ण है जब प्रधानमंत्री के मित्रों द्वारा निजी खरीदारी बढ़ती जा रही है। मध्यप्रदेश में सोयाबीन एमएसपी से नीचे क्यों बिक रहा है और सरकार सस्ते खाद्य तेल का आयात क्यों कर रही है, जो इस साल 1.7 लाख टन को पार करने जा रहा है - अब तक का सबसे ज़्यादा। इन सवालों पर प्रधानमंत्री चुप्पी कब तोड़ेंगे।'

## हनुमानगढ़ी के पुजारी की गला काटकर हत्या

अयोध्या। अयोध्या के हनुमानगढ़ी के सहायक पुजारी की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या की खबर है। मंदिर के आश्रम के एक कमरे में मिली लाश के चारों तरफ खून बिखरा हुआ था। मृतक पुजारी की शिनाख्त संत कबीरनगर के कांटा निवासी राम सहारे दास के तौर पर हुई। जिस कमरे में वारदात हुई वहां से महज 40-50 फीट की दूरी पर पुलिस तैनात थी। लेकिन, पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। आइजी रेंज प्रवीण कुमार और एसएसपी राजकरन नय्यर ने घटनास्थल का जायजा लिया। वहां लगा सीसीटीवी कैमरा कई दिनों से बंद मिला है। मृतक हनुमानगढ़ी के साकेतवासी महंत दुर्बल दास के शिष्य थे। घटना की जानकारी गुरुवार की सुबह हुई। उनके कमरे का दरवाजा काफी देर तक न खुलने पर लोगों को शंका हुई। राम सहारे दास का कमरा बंद देख एक साधु के धक्का देने पर खुले दरवाजे के अंदर शव देख पु?लिस को जानकारी दी। राम सहारे दास बसंतिया पट्टी से जुड़े थे। थाना प्रभारी मणिशंकर तिवारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि राम सहारे दास का अंबेडकरनगर के भीटी में जमीनी विवाद चल रहा है।

## ऑपरेशन अजय के तहत भारत वापस आए 1200 भारतीय, एमईए ने कहा- गाजा में हालात कठिन

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि अजय ऑपरेशन के तहत 5 फ्लाइट में 1200 लोग वापस आए हैं इनमें से 18 नागरिक नेपाल के भी हैं और फ्लाइट भेजने का प्लान चल रहा है। परिस्थिति का जायज़ा लिया जा रहा है। गाज़ा में पहले तकरीबन 4 लोग थे लेकिन हमारे पास पुख्ता आंकड़े नहीं हैं, वेस्ट बैंक में 12-13 लोग थे। गाज़ा में स्थिति ऐसी है कि वहां से निकलना थोड़ा मुश्किल है। जी 20 वर्चुअल शिखर सम्मेलन पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि निमंत्रण बढ़ा दिए गए हैं। देशों को तारीख पता है। हमारे पास नवंबर में एक निश्चित तारीख है। हम अधिक से अधिक नेताओं की भागीदारी की आशा करते हैं। वे कर सकते हैं। यह एक आभासी कार्यक्रम है। भागीदारी आमंत्रित व्यक्ति पर निर्भर है। लेकिन हमें उम्मीद है कि इस शिखर सम्मेलन में उच्च स्तर की भागीदारी होगी। मालदीव के साथ सहयोग पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि हमने जो सहायता और मंच प्रदान किया है, उसने लोगों के कल्याण, मानवीय सहायता, आपदा राहत और अवैध समुद्री गतिविधियों से निपटने जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पिछले पांच वर्षों में, 500 से अधिक चिकित्सा निकासी की गई हैं... भारत मालदीव के लिए पहला प्रतिक्रियाकर्ता रहा है। हम आने वाले प्रशासन के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने और अपने संबंधों को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए तत्पर हैं।




## गाजियाबाद में मोदी की जनसभा को लेकर सुरक्षा चाकचौबंद

गाजियाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 20 अक्टूबर को होने जा रही जनसभा को लेकर कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद कर दी गई है। कार्यक्रम स्थल पर संदिग्ध वस्तुओं की जांच के लिए बम निरोधक दस्ता भी पहुंचा था। इस दौरान रैपिडएक्स रेल का ट्रायल भी किया गया। दिल्ली मेरठ रैपिडएक्स ट्रेन के उद्घाटन और जनसभा को संबोधित करने प्रधानमंत्री 20 अक्तूबर को साहिबाबाद पहुंचने वाले हैं। उससे पहले जनसभा स्थल पर तैयारियां युद्ध स्तर पर पूर्ण कर ली गईं। इसी कड़ी में जनसभा स्थल पर जांच के लिए सुरक्षा एजेंसी के सदस्य भी पहुंचे हुए थे। गौरतलब है कि देश की पहली रैपिडएक्स ट्रेन के कॉरिडोर का उद्घाटन 20 अक्तूबर को प्रधानमंत्री मोदी साहिबाबाद से करेंगे। पहले चरण में साहिबाबाद से दुहाई तक 17 किलोमीटर लंबे प्राथमिकता खंड पर ट्रेनों का परिचालन प्रधानमंत्री के हरी झंडी दिखाने के बाद दूसरे दिन से सेवाएं प्रारंभ हो जाएगीं। इससे पहले रैपिडएक्ट रेल का ट्रायल किया गया, जिसमें रैपिड रेल ने 152 किलोमीटर प्रति घंटा से ज्यादा की स्पीड पकड़ी। जहां तक रैपिडएक्स रेल में यात्रियों के लिए सुविधाओं की बात है तो ट्रेन के कोच में धूप और रोशनी से बचने के लिए व्हाइट बोर्ड फ्रेम लगाया गया है। ट्रेन में छह कोच होंगे, इनमें प्रीमियम श्रेणी के टिकट पर सफर करने वाले यात्रियों के लिए एंट्री अलग होगी। प्लेटफार्म के जिस हिस्से पर कोच लगेगा, उसके सामने ही यात्रियों के बैठने के लिए कुर्सियों का इंतेजाम रहेगा, ताकि ट्रेन आने का यदि इंतजार करना पड़े तो यात्री आराम से बैठ सकें। इसके लिए भी टोकन या टिकट स्कैन करने पर एंट्री गेट खुलने की व्यवस्था की गई है। स्टैंडर्ड श्रेणी वाले टिकट धारी यात्रियों के लिए यह सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

## मौत सामने दिखी तो टॉप फ्लोर से छलांग लगाने से नहीं चूका शख्स

बेंगलुरु। बीते रोज कोरामंगला इलाके की एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लगी हुई थी। लोग अपनी अपनी जान बचाकर भाग रहे थे। वहीं दूसरी तरफ कई दमकलें आग बुझाने का प्रयास कर रही थीं जबकि प्रशानिक अमला रेस्क्यू में लगा हुआ था। इसी बीच एक शख्स ने जब देखा कि आग अपना भयंकर रुप ले रही है, और उसके बचने की चांस कम होते जा रहे हैं। ऐसे में उसे कुछ नहीं सूझा और अचानक इमारत की आखिरी मंजिल से छलांक लगा दी। जानकारी के मुताबिक छलांग लगाने वाला युवक गंभीर रुप से घायल हुआ है जिसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती करया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। इस घटना में दो लोग गंभीर रुप से झुलस गए है। बता दे कि बुधवार को मंजिला इमारत की सबसे ऊपरी मंजिल पर स्थित 'हुक्का बार एंड कैफे में दोपहर के आसपास आग लग गई जहां कई रसोई गैस सिलेंडर रखे थे। घटना के समय आसपास के लोगों ने एक विस्फोट की आवाज भी सुनी। एक दमकल अधिकारी ने कहा, ''हमने आठ दमकल वाहन मौके पर भेज दिये और हमारे वरिष्ठ अधिकारी वहां हैं। आग को बुझा लिया गया है। दो लोगों को गंभीर चोट आई है। लोगों ने जैसे ही इमारत से धुआं निकलता देखा, उन्होंने पुलिस और दमकल विभाग को सूचित कर दिया। उस समय कैफे में कोई ग्राहक नहीं था।



# सभी अटकलों पर शरद पवार ने लगाया विराम, नहीं लड़ेंगे 2024 का आगामी लोकसभा चुनाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार ने गुरुवार को स्पष्ट कर दिया कि वह 2024 में आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। सूत्रों के अनुसार, 82 वर्षीय नेता ने एक समीक्षा के दौरान यह बात कही। पश्चिमी और उत्तरी महाराष्ट्र के सात लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी की तैयारियों का जायजा लेने के लिए यह बैठक हुई थी। कथित तौर पर पार्टी नेताओं ने पवार से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने का आग्रह किया था। बैठक में एनसीपी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले, प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। राकांपा प्रमुख डिंडोरी, अहमदनगर, हिंगोली, वर्धा, अमरावती, बीड, भिवंडी और जालना सीटों पर तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

इससे पहले बुधवार को, पवार ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन के सदस्यों के बीच सीट आवंटन को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। महाराष्ट्र में पवार के नेतृत्व वाली राकांपा, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और कांग्रेस एमवीए के तीन सदस्य हैं। विशेष रूप से, ये तीनों दल विपक्ष के I.N.D.I.A गुट का भी हिस्सा हैं। सूत्रों ने कहा कि पवार ने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार की विफलताओं को भी उजागर किया और पार्टी कार्यकर्ताओं को इन कमियों के बारे में जनता को खुलकर बताने के लिए प्रोत्साहित किया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी फिलहाल टूट का भी सामना कर रही है।



अजित पवार भाजपा-शिंदे सरकार में शामिल हो गए। उनके साथ पार्टी के कई और बड़े नेता भी शामिल हुए। 18वीं लोकसभा के सदस्यों के चुनाव के लिए आम चुनाव अप्रैल और मई 2024 के बीच होने की उम्मीद है। वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल जून 2024 में समाप्त होने वाला है। पिछला आम चुनाव अप्रैल-मई 2019 में हुआ था। चुनाव के बाद, भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने केंद्र सरकार बनाई, जिसमें नरेंद्र मोदी प्रधान मंत्री बने रहे।

## नंबवर से मध्यप्रदेश, राजस्थान धुंआधर प्रचार करेगी मायावती, दोनों राज्यों में 8-8 सभाएं

नई दिल्ली। देश में अगले माह पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इस लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हैं। बीजेपी-कांग्रेस के दिग्गज नेता इन राज्यों में बड़ी-बड़ी जनसभाएं कर रहे हैं। इस बीच बसपा चीफ और पूर्व सीएम मायावती ने भी मैदान में उतरने का मूड बना लिया है। सूत्रों के अनुसार मायावती के प्रस्तावित शेड्यूल की जानकारी मिली है, जिस पर केंद्रीय कॉर्डिनेटर रामजी गौतम ने भी कहा कि बहन जी के कार्यक्रम की शीघ्र घोषणा होगी। जानकारी के मुताबिक बसपा प्रमुख मायावती नवंबर से चुनावी मैदान में उतरेंगी। इस दौरान वह 11 दिनों में 20 ताबड़तोड़ रैलियां करेंगी। इसके लिए मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के पदाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। पांच में से चार राज्यों में ही मायावती का दौरा होगा, इसमें भारी भीड़ जुटाने के आदेश प्रदेश यूनिट को जारी किए गए हैं। रैलियों में मायावती के भतीजे और पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद, पूर्व राज्यसभा सदस्य और केंद्रीय कोर्डिनेटर अशोक सिद्धार्थ, केंद्रीय कॉर्डिनेटर रामजी गौतम सहित आदि पदाधिकारी मौजूद रहने वाले हैं। बसपा की ओर से बताया जा रहा हैं कि बहनजी 6,7,8,14 नंवबर को मध्यप्रदेश में 8 सभाएं करेगी। वहीं 9 नवंबर को छत्तसीगढ़ में मायावती की दो जनसभा हैं प्रस्तावित हैं। राजस्थान में 17,18,19 और 20 नवंबर को 8 जनसभाएं करने का बहनजी का कार्यक्रम तय हो रहा हैं। 22 और 23 नम्बर को तेलंगाना का दौरा कर बसपा प्रमुख, दो जनसभाएं करेगी।



# गांधी का सामाजिक एकता और समानता का दृष्टिकोण ही आगे का रास्ता है: मुर्मू

**मोतिहारी (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि एक सदी पहले महात्मा गांधी द्वारा पेश की गई सामाजिक समानता और एकता की दृष्टि देश के आधुनिक और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अब भी प्रासंगिक है। मुर्मू ने बिहार के पूर्वी चंपारण जिला मुख्यालय मोतिहारी में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह में अपने संबोधन में यह टिप्पणी की।

राष्ट्रपति ने 15 मिनट से भी कम समय के अपने भाषण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा 'चंपारण सत्याग्रह' को समर्पित किया जिसमें गांधी ने क्षेत्र में नील बागान मालिकों के प्रतिरोध का नेतृत्व किया था। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं अन्य लोगों की मौजूदगी में मुर्मू ने कहा, 'चंपारण सत्याग्रह के दौरान लोगों ने खासकर खानपान के संबंध में जातिगत बाधाओं को त्याग दिया। उन्होंने साथ मिलकर खाना पकाया एवं खाया। 106 साल पहले गांधी ने जिस सामाजिक समानता और एकता की प्रेरणा दी थी उसने शक्तिशाली ब्रिटिश साम्राज्य को झुकने के लिए मजबूर कर दिया।' उन्होंने कहा, 'सामाजिक समानता और एकता का दृष्टिकोण आज भी प्रासंगिक बना हुआ है। आधुनिक समय में इसे उस नींव के रूप में अपनाया जाना चाहिए जिस पर हम एक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को साकार कर सकेंगे।'

इस शीर्ष संवैधानिक पद पर चुने जाने वाले अनुसूचित जनजाति की पहली शख्स ने कहा कि गांधी 'जनजातियों' पर केंद्रित शैक्षणिक कार्यों को प्रोत्साहित करते थे। उन्होंने भारत आकर यहीं बस गए और राष्ट्रीय आंदोलन का समर्थन करने एवं मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के आदिवासियों का अध्ययन करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर देने वाले ब्रिटिश मूल के नृवंशविज्ञानी और मानवविज्ञानी वेरियर एल्विन के साथ गांधी की घनिष्ठ मित्रता को भी याद किया। मुर्मू ने भारत-नेपाल सीमा के साथ तराई क्षेत्र में रहने वाले थारू जनजाति के सदस्यों पर अध्ययन को प्रोत्साहित करने के लिए इस केंद्रीय विश्वविद्यालय की सराहना भी की।

उन्होंने सम्राट अशोक के कई स्तंभ शिलालेखों का गढ रहे चंपारण के समृद्ध इतिहास को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा, ''दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आने वाले सभी आगंतुक रामपुरवा बुल कैपिटल को ध्यान से देखते हैं, जो पश्चिम चंपारण जिले में पाया गया था और जिसे दरबार हॉल के प्रवेश द्वार पर स्थापित किया गया है।' राष्ट्रपति ने पास में स्थित वाल्मिकी टाइगर रिजर्व और क्षेत्र में उगाई जाने वाली प्रसिद्ध लीची का भी उल्लेख किया जो दूर-दराज के देशों में निर्यात की जाती है। उन्होंने कहा, 'मुझे यह जानकर खुशी हुई कि इस विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों में शीर्ष रैंक पाने वालों में छात्राओं की संख्या करीब 60 प्रतिशत है। जब मैं लड़कियों को आत्मविश्वास के साथ पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हुई पाती हूं तो मुझे देश का उज्ज्वल भविष्य दिखाई देता है। गांधी भी बालिका शिक्षा के एक महान समर्थक थे।'




## भारत सरकार की चेतावनी, बिना अनुमति हैंग ग्लाइडर उड़े तो मार गिराया जाएगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने हैंग ग्लाइडर उड़ाने को लेकर साफ कहा है कि यदि बिना अनुमिति हैंग ग्लाइडर आसमान में उड़े तो तत्काल मार गिरया जाएगा। सरकार ने इसके उपयोग को लेकर नियम सख्त कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि अब बिना परमिशन के हैंग ग्लाइडर नहीं उड़ाए जा सकते है। बता दें कि इजराइल पर हमास के आतंकी हमले के बाद भारत में डीजीसीए ने नेशनल सिक्योरिटी को देखते हुए हैंग ग्लाइडिंग के नियमों को कड़ा कर दिया है। भारत में हैंग ग्लाइडर उड़ाने के लिए अब डीजीसीए से परमिशन लेने की जरूरत होगी। बिना परमिशन इसकी बिक्री भी नहीं की जा सकती है और ऐसा कोई करता है तो दुकान शट डाउन कर दी जाएगी। इसके साथ ही हैंग ग्लाइडर्स पायलटों को सभी मानदंड पूरे करने होंगे और लाइसेंसिंग की जरूरतो को भी पूरा करना होगा। बता दें कि यह उपाय हमास के हमलों के बाद किए जा रहे हैं क्योंकि हमास ने हैंग ग्लाइडर का भी प्रयोग किया था। नए नियमों के अनुसार भारतीय आसमान में हैंग ग्लाइडर उड़ाने के लिए डीजीसीए से परमिशन लेनी होगी। अनधिकृत हैंग ग्लाइडर उड़ानों के गंभीर परिणाम होंगे।

बता दें कि इसमें ग्लाइडर को मार गिराए जाने या जब्त किए जाने की संभावना भी शामिल है। इसके अलावा निजी हैंग ग्लाइडर बेचने के लिए भी डीजीसीए से अनुमति लेनी होगी, वहीं संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने होंगे। ग्लाइडर के संभावित खरीदारों को अब केंद्रीय गृह मंत्रालय से मंजूरी प्रमाण पत्र लेना जरूरी होगा। ताकि इसे खरीदने वाले की जांच भी की जा सके। इनके अलावा हैंग ग्लाइडर पायलटों के लिए कड़ी सुरक्षा जरूरते भी पूरी करनी होगी। यानि हैंग ग्लाइडर को कम से कम 50 घंटे की उड़ान का अनुभव होना चाहिए। साथ ही दो इंजन वाले ग्लाइडर के लिए कम से कम 10 घंटे की उड़ान का अनुभव होना चारिए। हैंग ग्लाइडर बिना इंजन वाली हल्की उड़ने वाली मशीनों की तरह काम करते हैं। ये आम तौर पर साधारण, त्रिकोण के आकार के पंख पर लेटकर लोगों को हवा में उड़ान कराते हैं। यह एक फ्रेम के माध्यम से पायलट को अपनी जगह पर रखते हैं। ऊपर, नीचे या अगल-बगल जाने के लिए पायलट अपने शरीर को हिलाता है और कंट्रोल पैनल का उपयोग करता है।

## हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की

**शिमला(एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और राज्य में भारी बारिश के कारण हुई क्षति के मौजूदा हालातों पर चर्चा की। बृहस्पतिवार को जारी एक बयान में कहा गया कि ठाकुर ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार राज्य को सहायता देना जारी रखेगी। ठाकुर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा घोषित 4,500 करोड़ रुपये के विशेष राहत पैकेज में बड़ी हिस्सेदारी केंद्र की है। नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि आपदा आते ही राज्य सरकार ने डीजल के दाम पांच रुपये प्रति लीटर बढ़ा दिये और क्रेशर बंद कर दिये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को आपदा प्रभावित लोगों के प्रति नरमी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनावी वादे पूरे करने के लिए होते हैं, न कि पिछली सरकार के विकास कार्य को रोकने के लिए। ठाकुर ने प्रधानमंत्री से किरतपुर-सुंदरनगर चार लेन राजमार्ग का उद्घाटन के लिए हिमाचल प्रदेश का दौरा करने का भी अनुरोध किया। राज्य में अगस्त और सितंबर में हुई भारी बारिश के कारण कई लोगों को जान चली गई थी और बड़े स्तर पर बुनियादी ढांचे को भी नुकसान पहुंचा था।



# केसीआर विधानसभा चुनाव हारने वाले हैं : राहुल गांधी ने तेलंगाना रैली में कहा

**हैदराबाद, (एजेंसी)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह इस बात को महसूस कर रहे हैं कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) तेलंगाना में विधानसभा चुनाव हारने जा रही है। राज्य में कांग्रेस की जारी 'विजयभेरी' यात्रा के दौरान भूपालपल्ली से पेद्दापल्ली के रास्ते में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी चुनावी लड़ाई दोराला (सामंती) तेलंगाना और प्रजाला (जनता) तेलंगाना के बीच है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि केसीआर चुनाव हारने वाले हैं। यह दोराल तेलंगाना और प्रजाला तेलंगानाज राजा और प्रजा के बीच लड़ाई है।'

राहुल गांधी ने चंद्रशेखर राव पर निशाना साधते हुए कहा कि 10 साल बाद भी तेलंगाना के मुख्यमंत्री लोगों से दूरी बनाए हुए हैं। तेलंगाना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए राहुल ने केसीआर का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य में सारा नियंत्रण सिर्फ एक परिवार के पास है। एआईसीसी नेता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केसीआर को छोड़कर सभी विपक्षी नेताओं पर हमला करती है और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) एवं आयकर विभागों का इस्तेमाल कर उनके खिलाफ मामले दर्ज करती है। उन्होंने कहा कि जब वह देश में जाति जनगणना का मुद्दा उठाते हैं तो न तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और न ही केसीआर इस पर कुछ बोलते हैं।



# मध्यप्रदेश में 20 साल पुराना इतिहास दोहराने की तैयारी में सपा, अखिलेश यादव ने बनाई रणनीति

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में भले ही समाजवादी पार्टी ने साल 2024 के चुनाव कांग्रेस के साथ चुनाव लड़ने की तैयारी कर रखी हैं। लेकिन मध्य प्रदेश के चुनावी रणभूमि में सपा ने बीजेपी के साथ कांग्रेस को भी पटखनी देने की योजना बना ली है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव एमपी के रीवा में दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे थे। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या मध्य प्रदेश में सपा 20 साल पुराना चुनावी इतिहास दोहरा पाएगी। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा इस बार पूरे दमखम के साथ किस्मत आजमा रही है। सपा ने मध्यप्रदेश की छह विधानसभा सीटों पर अपने कैंडिडेट भी घोषित कर रखे हैं। सपा ने निवाड़ी सीट से पूर्व विधायक मीरा दीपक यादव, राजनगर सीट से बृजगोपाल पटेल, सीधी जिले की धौहनी विधानसभा सीट से विश्वनाथ सिंह गोंड मरकाम, चितरंगी सीट से श्रवण कुमार सिंह गोंड, भांडेर सीट से आरडी राहुल और मेहगांव सीट से बृजकिशोर सिंह गुर्जर को उतारा है।

### इन इलाकों में सपा का आधार

यूपी के सटे हुए एमपी के बुंदेलखंड, बघेलखंड और ग्वालियर-चंबल संभाग इलाके में सपा का खासा प्रभाव है। बुलंदेखंड क्षेत्र में निवाड़ी, राजनगर और भांडेर सीट तो मेहगांव सीट चंबल-ग्वालियर क्षेत्र में है। वहीं बिंध्य क्षेत्र में धौहनी और चितरंगी सीट आती है। वहीं समाजवादी पार्टी भी इन्ही इलाकों की सीटों पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित किए हुए है। मध्य प्रदेश अखिलेश यादव का दौरा भी बघेलखंड के इलाके में हो रहा है। यहीं से सपा प्रमुख चुनावी अभियान को धार दे रहे हैं। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव को सपा काफी गंभीरता के साथ लड़ने की रणनीति बना रही है।

### सपा आजमा रही किस्मत

गठबंधन के बाद से ही सपा मध्य प्रदेश में चुनावी किस्मत आजमाती रही है। लेकिन इस पार्टी का सबसे अच्छा प्रदर्शन साल 2003 के विधानसभा चुनाव में रहा था। मध्य प्रदेश में साल 2003 के चुनाव में सपा ने सात सीटें जीती थीं। जिसे वह दोबारा फिर हासिल नहीं कर सकी। सपा मध्यप्रदेश में हर चुनाव लड़ी है। लेकिन वह ना तो 20 साल पुराने नतीजे को बरकरार रख पाई और ना ही उसे दोबारा हासिल कर सकी। सपा का राजनीतिक ग्राफ चुनाव दर चुनाव मध्य प्रदेश की सियासत में लगातार गिरता जा रहा है। भले ही साल 2003 में समाजवादी पार्टी 7 सीटें जीतने में कामयाब हो गई थी। लेकिन फिर उसकी सीटें कम होती गईं। साल 2008 में सपा सिर्फ एक सीट पर ही जीत हासिल कर पाई थी। वहीं साल 2013 में सपा का मध्यप्रदेश में खाता तक नहीं खुल पाया था। वहीं साल 2013 में अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश में सीएम की कुर्सी पर विराजमान थे। हांलाकि साल 2018 के विधानसभा चुनाव में सपा एक सीट जीतने में कामयाब हुई थी। लेकिन सियासी उलटफेर में बिजावर सीट से जीतने वाले सपा विधायक राजेश शुक्ला ने भाजपा का दामन थाम लिया था। ऐसे में सपा प्रमुख अखिलेश 20 साल पुराने नतीजों को फिर से दोहराने के कोशिश में हैं। एमपी के चुनावी रण में उतरकर अखिलेश यादव अब कांग्रेस पर ज्यादा से ज्यादा सीटों के लिए दबाव बनाने की रणनीति अपना रहे हैं। जिससे कि वह कुछ सीटें हासिल कर किंगमेकर की भूमिका में आ सकें।

### राज्य में सपा का सियासी आधार

उत्तर प्रदेश में भले ही समाजवादी पार्टी का वोटबैंक यादव और मुस्लिक के इर्दगिर्द है, लेकिन एमपी में सपा का सियासी आधार सिर्फ यादव समुदाय है। कांग्रेस और बीजेपी का प्रभाव यादव समुदाय में सपा से ज्यादा है। बुलंदेखंड और चंबल के इलाके में 6 फीसदी यादव समुदाय किसी भी पार्टी का खेल बनाने और बिगाड़ने में सक्षम हैं। ऐसे में मध्य प्रदेश में यादव समुदाय के बीच सपा द्वारा अपनी पकड़ को मजबूत बनाए रखना किसी मुश्किल टास्क से कम नहीं है।

## आईडीएफ का दावा, आतंकवादी समूह से जुड़े सैकड़ों बुनियादी ढांचे नष्ट किए गए

जेरूसलम। इजरायल और हमास के बीच संघर्ष गुरुवार को भी जारी रहा। इजरायली रक्षा बलों ने कहा कि युद्ध की शुरुआत के बाद से फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह से जुड़े सैकड़ों बुनियादी ढांचे नष्ट किए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक आईडीएफ ने कहा कि वह पूरे गाजा पट्टी में हमले जारी है। सेना ने कहा कि एंटी-टैंक मिसाइल प्रक्षेपण स्थलों, सुरंग, खुफिया बुनियादी ढांचे, परिचालन मुख्यालय और अन्य मुख्यालयों को नष्ट कर दिया। आईडीएफ ने दावा किया कि दस से अधिक आतंकवादियों को भी मार गिराया गया। इजरायल-लेबनान सीमा पर चल रहे तनाव के बारे में आईडीएफ ने कहा कि 24 घंटों में पड़ोसी देश से कई टैंक रोधी मिसाइलें दागी गईं। लेबनान से इजराइल में 9 मिसाइल दागी गई। हमारी सेनाओं ने इसका जवाब हमलों गोलीबारी करके दिया और टैंक फायर का उपयोग करके हिजबुल्लाह आतंकवादी बुनियादी ढांचे पर हमला किया। आईडीएफ प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल जोनाथन कॉनरिकस ने स्वीकार किया कि हाल के दिनों में हिजबुल्लाह द्वारा इजराइल के साथ झड़पों में वृद्धि हुई है। कॉनरिकस ने कहा, हिजबुल्लाह ने लेबनान से इजराइल में कई एंटी-टैंक मिसाइलें दागीं, इससे सैन्य और नागरिक दोनों स्थलों को निशाना बनाया गया और दोनों का नुकसान हुआ।

## गूगल ने समाचार प्रभाग से 40-45 कर्मचारियों को निकाला

सैन फ्रांसिस्को। अनिश्चित आर्थिक स्थितियों को देखकर गूगल ने अपने समाचार प्रभाग में दर्जनों नौकरियों में कटौती की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अल्फाबेट कर्मचारी यूनियन के प्रवक्ता के अनुसार गूगल समाचार में कम से कम 40-45 कर्मचारियों ने अपनी नौकरी खो दी है। रिपोर्ट में कंपनी के प्रवक्ता के हवाले से बताया गया कि हम एक जीवंत सूचना पारिस्थितिकी तंत्र के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं और समाचार उस दीर्घकालिक निवेश का एक हिस्सा है। कंपनी ने कहा, हमने अपने संगठन को सुव्यवस्थित करने के लिए कुछ आंतरिक परिवर्तन किए हैं। बहुत कम संख्या में कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। हम आउटप्लेसमेंट सर्विस और पैसे के साथ हर किसी का समर्थन कर रहे हैं। गूगल समाचार प्रभाग अभी भी सैकड़ों लोगों को रोजगार देता है। गूगल समाचार हजारों प्रकाशकों और पत्रिकाओं के लेखों के लिंक प्रस्तुत करता है। गूगल न्यूज के स्टाफ इंजीनियर ने छंटनी के संबंध में लिंक्डइन पर लिखा, मैंने अब तक जिनके साथ काम किया है उनमें ये सबसे अच्छे और प्रतिभाशाली लोग हैं। हम निश्चित रूप से उन्हें बिना बढ़ावा स्थिति में हैं। जनवरी में गूगल ने घोषणा की थी कि वह 12,000 नौकरियों को कम कर रहा है, जिससे पूर्णकालिक कार्यबल का लगभग 6 प्रतिशत प्रभावित होगा। पिछले महीने, कंपनी ने अपने भर्ती संगठन से सैकड़ों पद हटा दिए।




## फिलिस्तीनियों का समर्थन, लेकिन उन्हें पनाह देने से डरे जॉर्डन और मिस्र

काहिरा। इजरायल और हमास के युद्ध के बीच अरब देश खुलकर फिलिस्तीनियों का समर्थन कर रहे हैं। लेकिन जब बात गाजा के लोगों के पनाह देने की आती है, तब वे दो टूक जवाब देकर अपनी सीमा खोलने से इनकार कर देते हैं। गाजा के लोग जंग के बीच शरण मांग रहे हैं लेकिन ना जॉर्डन उन्हें अपनाने को तैयार है और ना ही मिस्र। बता दें कि जॉर्डन में पहले से ही बड़ी संख्या में फिलिस्तीनी रहते हैं। वहीं मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी ने कहा है कि इजरायल का हमला इसकारण भी है, ताकि फिलिस्तीनी एजिप्ट चले जाएं। उन्होंने कहा कि इस युद्ध से क्षेत्रीय शांति भंग हो रही है। जानकारों का कहना है कि जॉर्डन और मिस्र को डर है कि कहीं इजरायल फिलिस्तीनियों को गाजा से निकालने के लिए उन्हें परमानेंट माइग्रेट ना कर दे। अगर ऐसा होता है, तब एजिप्ट के सिनाई में भी आतंकी संगठन पैदा हो सकते हैं जहां से वे इजरायल पर हमला कर 40 साल का शांति समझौता टूट जाएगा। मिस्र चाहता है कि इजरायल गाजा पर हमला रोक दे ताकि फिलिस्तीनी मिस्र में पनाह ना ढूंढें। वरना यह मिस्र के लिए बड़ा संकट बन सकता है। स्पष्ट बात यह है कि मिस्र उतना गाजा के लिए नहीं चिंतित है जितना खुद के लिए। कम से कम 60 लाख फिलिस्तीनी शरणार्थी वेस्ट बैंक, गाजा, लेबनान, सीरिया और जॉर्डन में रहते हैं। 1948 में इजरायल बनने के बाद फिलिस्तीनी इन इलाकों में जाकर बसने लगे थे। उस वक्त इजरायल से करीब 7 लाख फिलिस्तीनी निकले और इसे नकबा के नाम से जाना जाता है। इजरायल ने उन्हें फिर वापस नहीं आने दिया। यूएन के मुताबिक मिस्र पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहा है। सूडान से भी तीन लाख लोग मिस्र पहुंच गए हैं। इसके साथ ही मिस्र में कम से कम 90 लाख शरणार्थी हैं। अरब देश और बहुत सारे फिलिस्तीनियों को डर है कि इजरायल फिलिस्तीनियों की मांग को एकदम खत्म करने के लिए गाजा से भी उन्हें भगाकर कब्जा करना चाहता है।

## महिला पुलिसकर्मी ने बच्चे को थप्पड़ मारा, प्रत्यक्षदर्शी ने केस किया, मिली सजा

लंदन। बर्मिंघम में एक पूर्व महिला पुलिसकर्मी ने एक 12 साल के बच्चे को थप्पड़ जड़ दिया। इस घटना को लेकर एक प्रत्यक्षदर्शी को काफी गुस्सा आया और उसने मामला दर्ज करा दिया। प्रकरण कोर्ट में पहुंचा तो महिला को सजा दी गई और कहा गया कि यदि दोषी महिला नौकरी में होती तो बख्शती जरूर होती, चूंकि नौकरी में नहीं है कि इसलिए केवल सजा ही दी जा रही है। दरअसल पूर्व महिला पुलिसकर्मी शरणजीत कौर ने पिछले महीने वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस कांस्टेबल के पद से इस्तीफा दे दिया था। ब्रिटेन के इंडिपेंडेंट ऑफिस फॉर पुलिस कंडक्ट (आईओपीसी) की ओर से जांच किये जाने के बाद कौर को आरोपित किया गया था। पिछले हफ्ते, 41-वर्षीय कौर बर्मिंघम मजिस्ट्रेट कोर्ट के सामने पेश हुई थी जिसने उसे 12 महीने की सामुदायिक सजा सुनाई। यदि किसी दोषी व्यक्ति का अपराध जेल की सजा देने लायक नहीं होता है तो न्यायाधीश या मजिस्ट्रेट सामुदायिक आदेश सुना सकता है। आईओपीसी के क्षेत्रीय निदेशक डेरिक कैंपबेल ने कहा, ''पुलिस अधिकारी केवल तभी बल प्रयोग कर सकता है जब यह आवश्यक, आनुपातिक और परिस्थितियों की दृष्टि से उचित हो। महिला पुलिस अधिकारी के पास उस लड़के पर हमला करने का कोई पुलिसिंग उद्देश्य या अन्य उचित कारण नहीं था, क्योंकि अधिकारी को कोई वास्तविक खतरा नहीं था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, ''महिला अधिकारी के प्रहार से लड़के के गाल पर जख्म हो गया था। जब एक दर्शक ने उसे चुनौती दी तो उसने खुद को एक पुलिस अधिकारी बताया। अदालत ने कहा कि यदि वह (पूर्व अधिकारी) अब भी पुलिस कांस्टेबल के रूप में सेवा कर रही होती, तो उसे बर्खास्त कर दिया गया होता। कौर को 'कॉलेज ऑफ पुलिसिंग की प्रतिबंधित सूची में भी शामिल किया जाएगा, ताकि उसे भविष्य में ब्रिटिश पुलिस सेवा में नौकरी करने से रोका जा सके।

## ब्रिटेन के महाराजा ने इजराइल-गाजा संघर्ष के बीच धार्मिक सहिष्णुता की वकालत की

लंदन। ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय ने मौजूदा समय में अंतरराष्ट्रीय उथल-पुथल के कारण लोगों की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए धार्मिक सहिष्णुता और बहु-आस्था दृष्टिकोण के महत्व की वकालत की है। महाराजा चार्ल्स तृतीय ने परोक्ष रूप से पश्चिम एशिया में इजराइल-गाजा संघर्ष का उल्लेख करते हुए यह टिप्पणी की। ब्रिटेन के महाराजा ने बुधवार शाम को लंदन शहर के 'मैंशन हाउस' में एक भाषण में कहा कि ब्रिटेन में विभिन्न धर्मों को मानने वाले लोग रहते हैं और यही इसकी ताकत है तथा 'हमारे साझा मूल्य ही हमें एकजुट करने वाली शक्ति है' और यह याद दिलाते है कि 'हमें विभाजित करने की तुलना में हमें एकजुट करने वाले कारक अधिक हैं'। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ब्रिटेन का समाज दुनिया के चारों कोनों से आए लोगों से बना है तथा उनके साझा इतिहास और अनुभवों से पोषित एवं समृद्ध हुआ है। महाराजा चार्ल्स तृतीय ने कहा, ''संप्रभु के रूप में मेरे पहले कार्यों में से एक, लगभग एक साल पहले, इन द्वीपों में प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख धर्मों के नेताओं के लिए बकिंघम पैलेस के दरवाजे खोलना था। सम्मान और वास्तव में प्यार के साथ उनका स्वागत करने के लिए, और देश में विभिन्न धर्मों को मानने वाले लोगों की रक्षा करने के लिए अपना जीवन फिर से समर्पित करना ही मेरा कार्य है।'

# हमास को आर्थिक मदद करने वालों पर अमेरिकी प्रतिबंध

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** राष्ट्रपति जो बाइडेन के इजरायल पहुंचने और युद्ध को रोकने के तरीके पर इजरायल के नेताओं के साथ चर्चा करने के बाद अमेरिकी सरकार ने आतंकवादी संगठन हमास को वित्त पोषित करने के लिए मध्य-पूर्व के 10 प्रमुख हस्तियों पर प्रतिबंध लगाया है।

रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने मध्य-पूर्व, विशेष रूप से सूडान में हमास के दस सदस्यों और फाइनेंसरों पर वित्तीय प्रतिबंध लगाया, जिसमें आतंकवादी संगठन को लाभ पहुंचाने के लिए गुप्त निवेश पोर्टफोलियो से जुड़े आंकड़े भी शामिल थे। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने कहा कि नए प्रतिबंधों को गाजा और सूडान, तुर्किये, अल्जीरिया और कतर सहित अन्य जगहों पर दस प्रमुख हमास आतंकवादी समूह के सदस्यों, संचालकों और वित्तीय सुविधा देने वालों पर लक्षित किया गया था, जो एक सतत प्रयास का हिस्सा था। अमेरिका वेस्ट बैंक और गाजा और पूरे क्षेत्र में हमास के राजस्व के स्रोतों को जड़ से उखाड़ फेंकेगा।



रिपोर्ट में कहा गया है कि अब अमेरिकी प्रतिबंधों के दायरे में आने वालों में मूसा मुहम्मद सलीम डुडिन और अब्देलबासित हमजा एलहसन मोहम्मद खैर शामिल हैं, जो क्रमशः वेस्ट बैंक और सूडान में स्थित हमास के दो फाइनेंसर हैं। डुडिन समूह के राजनीतिक ब्यूरो और निवेश कार्यालय के सदस्य हैं, जिन्होंने हमास कैदियों पर बातचीत में भी भाग लिया है। आरोप है कि उन्होंने स्वीकृत कंपनियों का स्वामित्व हस्तांतरित कर उनमें हमास के हित को छुपाने का काम किया। ट्रेजरी विभाग ने कहा कि सूडान स्थित निवेशक हमजा पर हमास के निवेश पोर्टफोलियो में कई कंपनियों का प्रबंधन करने और पहले हमास को लगभग 2 करोड़ डॉलर के हस्तांतरण में शामिल होने का आरोप है। बयान में, ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन ने कहा कि अमेरिका बच्चों सहित इजरायली नागरिकों के क्रूर और अचेतन नरसंहार के बाद हमास के फाइनेंसरों और मददगारों को निशाना बनाने के लिए त्वरित और निर्णायक कार्रवाई कर रहा है।हम हमास के आतंकवादियों को अत्याचारों को अंजाम देने और इज़राइल के लोगों को आतंकित करने के लिए धन जुटाने और उपयोग करने की क्षमता से वंचित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाना जारी रखेंगे।उन्होंने कहा, इसमें प्रतिबंध लगाना और अपने अधिकार क्षेत्र में हमास से संबंधित किसी भी संपत्ति को ट्रैक करने, फ्रीज करने और जब्त करने के लिए सहयोगियों और भागीदारों के साथ समन्वय करना शामिल है।अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने स्पष्ट किया कि अमेरिकी प्रतिबंधों का लक्ष्य फिलिस्तीनियों को नहीं, बल्कि हमास के आतंकवादियों और उनके समर्थन नेटवर्क को निशाना बनाना है।हमास अकेले उस नरसंहार के लिए जिम्मेदार है जो उसके आतंकवादियों ने इज़राइल के लोगों का किया है। उन्होंने सभी बंधकों को तुरंत रिहा करने का आह्वान किया।अमेरिकी प्रतिबंधों की घोषणा तब की गई, जब राष्ट्रपति जो बाइडेन तेल अवीव की यात्रा के दौरान इजरायली नेताओं से मुलाकात कर रहे थे, जिसमें प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनके युद्ध मंत्रिमंडल के साथ शीर्ष पर थे।

## द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए विदेश मंत्री जयशंकर सिंगापुर के शीर्ष नेतृत्व से मिलेंगे

सिंगापुर। विदेश मंत्री एस जयशंकर सिंगापुर के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे। इसके साथ ही वह द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करेंगे और भविष्य में सहयोग बढ़ाने के अवसर तलाशेंगे। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जयशंकर 19 से 21 अक्टूबर तक सिंगापुर की यात्रा पर रहेंगे। सिंगापुर के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा, जयशंकर की यात्रा सिंगापुर और भारत के बीच घनिष्ठ और दीर्घकालिक संबंधों की पुष्टि करती है। यह संबंध रणनीतिक विश्वास की मजबूत बुनियाद पर बने हैं। यात्रा के दौरान जयशंकर सिंगापुर के राष्ट्रपति षणमुगरत्नम, उप प्रधानमंत्री और वित्तमंत्री लॉरेंस वोंग और वरिष्ठ मंत्री एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के समन्वय मंत्री टेयो ची हीन से मुलाकात करेंगे। थर्मन ने 14 सितंबर को सिंगापुर के राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभाला था। मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर रक्षा मंत्री एनजी इंग हेन, विदेश मंत्री डॉ विवियन बालकृष्णन, गृह और कानून मंत्री के षणमुगम और व्यापार और उद्योग मंत्री गैन किम योंग से भी मुलाकात करेंगे। बयान में कहा गया, 'यह यात्रा दोनों पक्षों के लिए हमारे द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करने, भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के तहत डिजिटलीकरण और कौशल विकास सहित उभरते क्षेत्रों में सहयोग का अन्वेषण करने और क्षेत्रीय तथा वैश्विक विकास पर विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर होगी।' भारत के विदेश मंत्रालय ने इस सप्ताह की शुरुआत में नयी दिल्ली में कहा था कि जयशंकर सिंगापुर में भारतीय मिशन प्रमुखों के क्षेत्रीय सम्मेलन की भी अध्यक्षता करेंगे।

# ये पूरी दुनिया की लड़ाई है...सुनक के सामने बोले नेतन्याहू- हमें एक साथ खड़े होने और जीतने की जरूरत

**तेल अवीव (एजेंसी)।** तेल अवीव में इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने संयुक्त प्रेस वार्ता की है। नेतन्याहू ने कहा कि यह केवल हमारी लड़ाई नहीं है बल्कि यह पूरी दुनिया की लड़ाई है। यह हमारा सबसे काला समय है, यह दुनिया का सबसे काला समय है। हमें एक साथ खड़े होने और जीतने की जरूरत है। ब्रिटिश के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि पिछले दो हफ्तों में यह(इज़रायल) देश कुछ ऐसे दौर से गुज़रा है जिसे किसी भी देश नहीं सहना चाहिए। मुझे पता है कि हमास के आतंकवादियों के बिल्कुल विपरीत आप नागरिकों को नुकसान पहुंचाने से बचने के लिए हर सावधानी बरत रहे हैं। मैं आपको उस समर्थन के लिए भी धन्यवाद देना चाहता हूं जो आपकी सरकार ने इस भयावहता में फंसे ब्रिटिश नागरिकों के परिवारों को दिया है, जिसमें बंधकों को रिहा करने, उनकी रिहाई सुनिश्चित करने के आपके प्रयास भी शामिल हैं।




सुनक ने कहा कि मैं यह भी कह सकता हूं कि हमने पिछले दिनों ऐसे दृश्य देखे हैं, जिन्होंने हम सभी को झकझोर कर रख दिया है, खासकर अस्पताल में मारे गए लोग और उसके अलावा मारे गए हर निर्दोष व्यक्ति, हर धर्म के नागरिकों, हर राष्ट्रीयता के नागरिकों की मौत पर हम संवेदना व्यक्त करते हैं। हम यह भी मानते हैं कि फ़िलिस्तीनी लोग भी हमास के पीड़ित हैं इसीलिए मैं कल आपके उस फैसले का स्वागत करता हूं जो आपने यह सुनिश्चित करने के लिए लिया कि गाजा में मानवीय सहायता के प्रवेश के लिए रास्ते खोले जाएंगे। मुझे इज़राइल के सबसे बुरे समय में आपके साथ यहां खड़े होने पर गर्व है... हम आपके लोगों के साथ खड़े रहेंगे और हम यह भी चाहते हैं कि आप जीतें।

## 'नासा का मार्स हेलिकॉप्टर मंगल पर नई उड़ान भरने का प्रयास करेगा'

**लॉस एंजिल्स (एजेंसी)।** अमेरिकी अंतरिक्ष संस्थान नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) अपना मार्स हेलीकॉप्टर को इस सप्ताह मंगल ग्रह (लाल ग्रह) भेजने की योजना बना रहा है। नासा ने बुधवार को यह जानकारी दी। नासा ने बताया कि लाल ग्रह की 63वीं नई उड़ान 19 अक्टूबर से पहले निर्धारित नहीं है। नासा ने उम्मीद जतायी है कि उसका मार्स हेलिकॉप्टर लाल ग्रह में एक नए हवाई क्षेत्र में खुद को स्थापित करने के लिए 137 सेकंड के लिए लगभग 574 मीटर की उड़ान भरेगा। प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक अब तक हेलीकॉप्टर ने 62 उडानें भरी है और मंगल ग्रह पर कुल 113 मिनट के समय में 13.9 किलोमीटर की कुल दूरी तय की है। नासा के मुताबिक इन्जनूइटी नाम का हेलिकॉप्टर 18 फरवरी, 2021 को मंगल ग्रह के जेज़ेरो क्रेटर पर पहुंचा, जो नासा के पर्सवीरेंस रोवर के बेली से जुड़ा हुआ था। यह पहली बार किसी अन्य ग्रह पर संचालित उड़ान का परीक्षण करने के लिए एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन है। नासा के अनुसार हेलिकॉप्टर को एक बार में लगभग 300 मीटर की दूरी और जमीन से लगभग तीन से 4.5 मीटर की दूरी तक 90 सेकंड तक उड़ान भरने के लिए डिज़ाइन किया गया था। नासा का मंगल ग्रह पर पर्सीवरेंस का एक बड़ा लक्ष्य खगोल जीव विज्ञान के बारे में सीखना है, जो प्राचीन छोटे जीवन रूपों के संकेत खोजने के बारे में है। नासा ने बताया वो ऐसे चीजों की तलाश कर रहे हैं जो केवल जीवत चीजों द्वारा बनायी जा सकती है। अब तक इस बात का कोई सबूत नहीं है कि लाल ग्रह पर जीवन मौजूद था, लेकिन छिपी हुई गुफाओं में या सतह के बहुत नीचे सरल जीवन रूप रहे होंगे। वैज्ञानिक यह भी सोचते है कि एन्सेलेड्स ओर यूरोप के महासागरों जैसे स्थानों में जीवन की संभावना हो सकती है। जो मंगल से भी दूर अंतरिक्ष में अन्य ग्रहों के रूप में है।

## 4 साल बाद पाकिस्तान लौट रहे नवाज शरीफ, भ्रष्टाचार के मामलों में कोर्ट से मिली जमानत

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने बुधवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) में एक सुरक्षात्मक जमानत याचिका दायर की, जिसमें पूर्व प्रधान मंत्री नवाज शरीफ को लंदन से लौटने पर अधिकारियों को हिरासत में लेने से रोकने की मांग की गई। पाकिस्तान की एक अदालत ने लंदन में चार साल से अधिक समय तक आत्म-निर्वासन के बाद देश लौटने से पहले पूर्व प्रधान मंत्री नवाज शरीफ को जमानत दे दी है। डॉन की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने गुरुवार को शरीफ की याचिका को स्वीकार कर लिया और उन्हें एवेनफील्ड और अल-अजीजिया मामलों में 24 अक्टूबर तक सुरक्षात्मक जमानत दे दी।

इसका मतलब यह है कि पीएमएल-एन सुप्रीमो को पाकिस्तान लौटने पर गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है, जो 21 अक्टूबर को होने की उम्मीद है। एसोसिएटेड प्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार, पीएमएल-एन ने बुधवार को आईएचसी में एक सुरक्षात्मक जमानत याचिका दायर की, जिसमें अधिकारियों को नवाज शरीफ को लंदन से लौटने पर हिरासत में लेने से रोकने की मांग की गई। तीन बार पूर्व प्रधान मंत्री शरीफ इस महीने तक लंदन में स्व-निर्वासित निर्वासन में रह रहे थे। 2019 में एक अदालत के सामने पेश होने में विफल रहने के बाद उन्हें भगोड़ा माना जाता है। भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद शरीफ ने 2017 में प्रधान मंत्री के रूप में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

दो साल बाद, भ्रष्टाचार के नए आरोपों का सामना करते हुए, उन्होंने सीने की बीमारियों की शिकायत की और उनके उत्तराधिकारी इमरान खान ने उन्हें चिकित्सा उपचार के लिए लंदन जाने की अनुमति दे दी। 2019 में, शरीफ ने चिकित्सा प्रतिबंधों का हवाला देते हुए लंदन में अपना प्रवास बढ़ा दिया, जिसने उन्हें देश छोड़ने से रोक दिया। 2018 में नवाज शरीफ को एवेनफील्ड प्रॉपर्टीज भ्रष्टाचार मामले में उनकी ज्ञात आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में 10 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी।

## जैसे ही पुतिन ने चीन में शिखर सम्मेलन में बोलना किया शुरू, उठ कर जाने लगे यूरोपीय यूनियन के प्रतिनिधि

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन ने अरबों डॉलर की बुनियादी ढांचा परियोजना बेल्ट एंड रोड कॉरिडोर (बीआरआई) का जश्न मनाने के लिए एक शिखर सम्मेलन इस सप्ताह आयोजित किया। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बीजिंग के ग्रेट हॉल ऑफ द पीपुल में कई विश्व नेताओं और 1,000 से अधिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में समारोह की शुरुआत की और व्लादिमीर पुतिन के साथ मंच साझा किया। इस दौरान पुतिन के भाषण से ठीक पहले यूरोपीय प्रतिनिधियों सहित कई लोग शिखर सम्मेलन से बाहर चले गये। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने बताया कि उन प्रतिनिधियों में फ्रांस के पूर्व प्रधान मंत्री, यूरोपीय जीन-पियरे रफ़रिन भी थे। कार्यक्रम के वीडियो में रफ़रिन और अन्य प्रतिनिधि ग्रेट हॉल से बाहर निकलते हुए नजर आए। एक क्लिप में पुतिन को अपने सहयोगियों के साथ तथाकथित परमाणु ब्रीफ़केस ले जाते हुए भी दिखाया गया है, जिसका उपयोग परमाणु हमले का आदेश देने के लिए किया जा सकता है। अपने भाषण में पुतिन ने चीनी नेता को उनके निमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि रूस चीन के प्राचीन सिल्क रोड के आधुनिक पुनरुद्धार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि रूस और चीन दुनिया के अधिकांश देशों की तरह, सभ्यता की विविधता और प्रत्येक के अधिकार का सम्मान करते हुए सार्वभौमिक टिकाऊ और दीर्घकालिक आर्थिक प्रगति और सामाजिक कल्याण प्राप्त करने के लिए समान, पारस्परिक रूप से लाभप्रद सहयोग की इच्छा साझा करते हैं। राज्य अपने स्वयं के विकास मॉडल के लिए। रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी नेता शी जिनपिंग ने बीजिंग में मुलाकात की और विदेश नीति में करीबी समन्वय का आह्वान किया। यूक्रेन पर मास्को के आक्रमण और ताइवान के खिलाफ बीजिंग के बढ़ते जोखिम पर पश्चिम के साथ संभावित टकराव को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। पिछले फरवरी में यूक्रेन पर रूस की कार्रवाई से कुछ हफ्ते पहले, पुतिन ने बीजिंग में शी से मुलाकात की थी और दोनों पक्षों ने असीमित रिश्तों का वादा करते हुए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।



## केरमाडेक द्वीप क्षेत्र में भूकंप के तेज झटके

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के उत्तर में स्थित केरमाडेक द्वीप क्षेत्र में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय समय के अनुसार गुरुवार को तड़के 00.45 बजे महसूस किए गए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.3 मापी गयी। भूकंप का केंद्र धरती की सहत से 10.0 किलोमीटर की गहराई में 29.38 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 176.22 डिग्री पश्चिम देशांतर में था।

# गाजा में हुए बदतर हालात: बगैर बेहोश किए फर्श पर हो रहे हैं ऑपरेशन

**गाजा पट्टी (एजेंसी)।** इजराइल और हमास आतंकियों के बीच चल रही जंग में हर रोज सैकड़ों लोग घायल हो रहे हैं। जिसमें बच्चे,बूढ़े और महिलाएं शामिल हैं। घायलों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। अस्पताल में मरीजों को भर्ती करने की जगह नहीं बची है। हालात इतने ज्यादा खराब हैं कि अस्पताल में न तो दवाएं हैं और न ही ऑपरेशन के लिए जरुरी उपकरण। ऐसे में मरीजों को बिना 'एनेस्थीसिया' मतलब बगैर बेहोश किए ही उनका ऑपरेशन करने को डॉक्टर मजबूर है। जो जहां है वहीं फर्श पर लिटाकर ऑपरेशन किए जा रहे हैं।

अल-अलही अस्पताल में काम करने वाले प्लास्टिक सर्जन ग़ासन अबू सित्ता ने कहा कि उन्होंने एक जोरदार विस्फोट की आवाज सुनी और उनके ऑपरेशन कक्ष की छत गिर गई। उन्होंने फेसबुक पर लिखा, घायल लड़खड़ाते हुए हमारी ओर आने लगे। ग़ासन ने कहा कि उन्होंने सैकड़ों मृत और गंभीर रूप से घायल लोगों को देखा। उन्होंने कहा, मैंने एक आदमी की जांघ पर पट्टी बांधी, जिसका पैर अलग हो गया था और फिर एक व्यक्ति की देखभाल करने गया, जिसकी गर्दन में गहरी चोट लगी थी। 'एसोसिएटेड प्रेस' ने एक वीडियो की पुष्टि की है, जिसमें अस्पताल के मैदान में शवों के टुकड़े बिखरे हुए दिख रहे हैं। मृतकों में कई छोटे बच्चे थे और इमारत में आग लगी हुई है। वीडियो में देखा जा सकता है कि अस्पताल के बाहर कंबल, स्कूल बैग और अन्य सामान बिखरा हुआ है।

एंबुलेंस और निजी कारों के जरिए लगभग 350 हताहतों को गाजा शहर के मुख्य अस्पताल अल-शिफा पहुंचाया गया, जो पहले से ही अन्य हमलों में घायल हुए लोगों से भरा हुआ है। अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सेल्मिया यह जानकारी दी। वहीं गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-किद्रा ने कहा कि पीड़ितों को गंभीर चोटें लगीं। कुछ के सिर फटे हुए थे जबकि कुछ के अंग कटे हुए या गायब थे। डॉक्टरों ने अस्पताल में फर्श पर और हॉल में सर्जरी कीं। ज्यादातर सर्जरी एनेस्थीसिया के बगैर की गईं। अबू सेल्मिया ने कहा हमें उपकरण, दवा, बिस्तर, एनेस्थीसिया और अन्य चीजों की जरूरत है।

बता दें ?कि इजरायल की तरफ से हो रही बमबारी और क्षेत्र की नाकाबंदी के बीच हुए इस हमले में अस्पताल के करीब शरण लिए हुए कई लोगों की मौत हो गई है। चरमपंथी समूह हमास ने अस्पताल पर हमले के लिए इजरायल को जिम्मेदार बताया है जबकि इजरायली सेना का कहा है कि फिलस्तीनी चरमपंथियों की ओर से दागा गया एक रॉकेट निशाना चूक गया, जिसकी वजह से यह घटना हुई। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार हमले में कम से कम 500 लोगों की मौत हुई है।





# सलमान खान ने जारी किया 'टाइगर 3' का नया पोस्टर

'टाइगर 3' टाइगर जिंदा है और एक था टाइगर का सीक्वल है. एक्टर सलमान खान, कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी की विशेषता वाली टाइगर सीरिज का तीसरा पार्ट फैंस को बेहद पसंद है. हाल ही में फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी किया और इसे फैंस से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है. सलमान खान और कैटरीना कैफ ने ट्रेलर को लेकर फैंस के उत्साह का खुलासा किया, वहीं फिल्म निर्माताओं ने फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया है, जिसमें सलमान खान, कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी नजर आ रहे हैं. टाइगर 3 के ट्रेलर ने फैंस के बीच भारी उत्साह पैदा कर दिया है क्योंकि वे इसे बड़े पर्दे पर देखने के लिए उत्सुक हैं. जहां फिल्म के ट्रेलर को अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी, वहीं फिल्म के निर्माता अब फिल्म का एक नया पोस्टर लेकर आए हैं जिसमें सलमान खान और कैटरीना कैफ नजर आ रहे हैं. इमरान हाशमी भी पोस्टर में दिखाई देते हैं और पोस्टर में एक खलनायक के रूप में अपना लुक दिखाते हुए उत्सुक नजर आ रहे हैं. फिल्म के ट्रेलर का 16 अक्टूबर को अनावरण किया गया और दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया. ऐसा लगता है कि उनकी प्रतिक्रिया ने सलमान खान और कैटरीना कैफ को खुशी से भर दिया है, क्योंकि उन्होंने प्यार के उमड़ने पर प्रतिक्रिया साझा की है. कैटरीना कैफ का धांसू लुक देख फैंस हैरान हो गए हैं. कैटरीना कैफ ने भी फिल्म के ट्रेलर पर फैंस की दिल छू लेने वाली प्रतिक्रियाओं पर चर्चा की और कहा कि यह अभूतपूर्व है कि पूरी टीम पर कितना प्यार बरसाया जा रहा है. टाइगर सीरिज का तीसरा भाग होने के नाते, उन्होंने फिल्म से लोगों की अपेक्षाओं के बारे में बताया और कहा, टाइगर और जोया एक ही पहेली के दो टुकड़े हैं. 'टाइगर 3' 12 नवंबर को दिवाली के मौके पर हिंदी सहित तमिल और तेलुगु भाषा में सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।



# पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक हुआ आउट

फिल्म 'सालार' से एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक आउट हुआ है। साउथ के सुपरस्टार 'प्रभास' की मच अवेटेड इस फिल्म का यह पोस्टर पृथ्वीराज के 41वें बर्थडे के मौके पर रिलीज हुआ है। पोस्टर में पृथ्वीराज का खतरनाक लुक देखने को मिल रहा है। फिल्म में वह वर्धाराज मन्नार का किरदार निभा रहे हैं। उनका यह लुक उनके नाम पर फिट बैठ रहा है। उन्होंने माथे पर एक लंबा टीका लगा हुआ है और नाक में एक बड़ी रिंग है। गले में स्कार्फ डाले हुए हैं। उनके पीछे भीड़ दिख रही है। उनके पीछे मंडराते बादल उनके कैरेक्टर और लुक को और भी इम्प्रेसिव बना रहे हैं। सालार' के मेकर्स ने पृथ्वीराज सुकुमारन का लुक जारी कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है।

होम्बाले फिल्म्स ने पृथ्वीराज का फर्स्ट लुक जारी करते हुए लिखा, 卐वर्धराजा मन्नार, राजा पृथ्वीराज को शाही जन्मदिन की शुभकामनाएं।卐 इसके रिप्लाई में पृथ्वीराज ने आभार जताया और लिखा,卐धन्यवाद! इसे दुनिया के देखने का इंतजार नहीं कर सकता।卐पृथ्वीराज सुकुमार ने खुद भी सालार से अपना फर्स्ट लुक जारी करते हुए लिखा, 'होम्बाले फिल्म्स, प्रशांत नील, प्रभास, प्रभास और साराल की पूरी टीम! इस एपिक कहानी को दुनिया के देखते हुए इंतजार नहीं कर सकता।'

'सालार' को 'केजीएफ' के डायरेक्टर प्रशांत नील डायरेक्ट किया है। यह फिल्म 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।'आदिपुरुष' के बाद, प्रभास के फैंस इस एक्शन थ्रिलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले, निर्माताओं ने घोषणा की थी कि फिल्म 28 सितंबर को रिलीज होगी। हालांकि इसे स्थगित कर दिया गया क्योंकि मेकर्स ने फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन पर काम करने का फैसला किया। प्रशांत नील की 'सालार' दो पार्ट में रिलीज होने वाली है। पहला पार्ट का नाम 'सालार- पार्ट 1 - सीजफायर' है, जिसमें प्रभास, पृथ्वीराज सुकुमारन और श्रुति हासन लीड रोल में हैं।

# दो पत्ती में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभायेगी काजोल

बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल अपनी आने वाली फिल्म दो पत्ती में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाती नजर आयेंगी। फिल्म दो पत्ती में काजोल उत्तर भारत की पृष्ठभूमि से जुड़ी एक निर्भीक और बेधड़क पुलिसकर्मी की भूमिका में होंगी। काजोल पहली बार पुलिसकर्मी की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म दो पत्ती में काजोल के साथ कृति सैनन भी अहम भूमिका में हैं। अभिनय के साथ-साथ कृति इस फिल्म से बतौर प्रोड्यूसर अपनी नई पारी शुरू कर रही हैं। 'दो पत्ती' ओटीटी प्लेटफॉर्म 'नेटफ्लिक्स' पर रिलीज होगी।



# माहिरा हुई डिप्रेशन का शिकार, दवाई बंद करते ही बिगड़ी तबीयत

एक्ट्रेस माहिरा खान इन दिनों डिप्रेशन का शिकार हो रही हैं। इसकी वजह दवाई बंद करना बताया जा रहा है। फिल्म रईस से फैंस के दिलों में राज करने वाली माहिरा खान इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। गौरतलब है कि एक्ट्रेस ने कुछ समय पहले ही अपने ब्वॉयफ्रैंड सलीम करीम के साथ शादी की है। अपनी शादी की हर तस्वीर एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया के जरिए फैंस के साथ शेयर की। शादी की तस्वीरों में वह काफी खुश भी नजर आ रही हैं। लेकिन बाद में वह डिप्रेशन का शिकार हो गई थी। इस बात का खुलासा उन्होंने खुद एक इंटरव्यू के दौरान किया था। साल 2016 में उरी अटैक के चलते भारत और पाकिस्तान में काफी भयानक जंग छिड़ गई थी। जिसके बाद पाकिस्तानी एक्टर्स को भारत में बैन कर दिया गया था। उस समय माहिरा ने शाहरुख के साथ अपनी डेब्यू फिल्म रईस की शूटिंग पूरी ही की थी।


इस बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा था कि मैंने फिल्म रईस पूरी कर ली थी और सब कुछ ठीक चल रहा था फिर अचानक उरी हमला हुआ।



फिर सबकुछ गड़बड़ हो गया। चीजें बहुत बिगड़ गई लेकिन मैं डरी नहीं थी पर मुझे धमकी दी गई थी लगातार ट्वीट मुझे कॉल आते थे और बहुत डरावने भी होते थे। माहिरा ने कहा कि मैं सिर्फ इतना ही चाहती थी कि मैं फिल्म का प्रचार करने भारत नहीं जा सकती लेकिन फिल्म पाकिस्तान में रिलीज हो जाए क्योंकि मेरे देश में लोग शाहरुख की फिल्म देखने जाते क्योंकि वह उन्हें पसंद करते हैं।

फिल्म रईस के बाद साल 2017 में एक्ट्रेस की रणबीर कपूर के साथ स्मोकिंग फोटो भी लिक हो गई थी इसके कारण वह बुरी तरह ट्रोल भी हुई। ट्रोल होने के चलते वह डिप्रेशन में चली गई। एक्ट्रेस ने कहा कि उस वजह से मुझे एंग्जायटी और डिप्रेशन हो गया। वह मेरे लिए एक कठिन समय था मुझे लगा कि मुझ पर हमला किया गया है। माहिरा ने बताया कि एक समय ऐसा था जब मैं बिल्कुल टूट गई थी और मुझे इतनी बुरी एंग्जाइटी हुई कि पैनिक अटैक आ गया और मैं बेहोश हो गई। इसके बाद वापिस दवाई लेने लगी तो अच्छा लगने लगा।

# शादी के बाद कियारा आडवाणी ने कराया अब तक का सबसे बोल्ड फोटोशूट



बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी अपने नए नए लुक से आए दिन फैंस के दिलों की धड़कने बढ़ाती रहती हैं.हाल में एक्ट्रेस ने अपने नए फोटोशूट से लोगों का दिल जीत लिया है. इस वायरल फोटोशूट में एक्ट्रेस का हॉट एंड बोल्ड लुक देखने को मिल रहा है. कियारा आडवाणी ने एक मैगजीन के कवर पेज के लिए लोटोस्ट फोटोशूट करावाया है, जिसकी वीडियो उन्होंने अपने इंस्टा पर भी शेयर किया है. इस वीडियो में एक्ट्रेस सिमरी ग्रीन कलर के आउटफिट में दिख रही हैं. कियारा ने अपना ये बोल्ड लुक ओपन फ्लिक हेयर के साथ पूरा किया है. वीडियो में एक्ट्रेस एक से बढ़कर एक पोज देती नजर आ रही हैं. वहीं दूसरे वीडियो में कियारा व्हाइट कलर के आउटफिट में दिख रही हैं. उन्होंने लॉग व्हाइट स्कर्ट और टिनी टॉप कैरी किया है. जिस पर हैवी वर्क है. कियारा ने अपना ये लुक भी ओपन हेयर के साथ पूरा किया है. एक्ट्रेस जमकर अपना टोन्ड फिगर फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं. हर कोई एक्ट्रेस के लुक की जमकर तारीफ कर रहा है.एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी फोटोज भी शेयर की हैं. एक फोटोज में वह ब्लू कलर के आउटफिट में नजर आ रही हैं. वहीं दूसरी फोटोज में उन्होंने लाइट ब्लू कलर की डीपनेक गाउन पहनी है. कियारा आडवाणी की इन फोटोज ने सोशल मीडिया का पारा हाई कर दिया है.



# टाइगर की फिल्म गणपत का काउंटडाउन शुरु

बालीवुड फिल्म गणपत: ए हीरो इज़ बॉर्न की रिलीज का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। यह फिल्म देशभर के सिनेमाघरों में एक साथ दस्तक देगी। हाल ही में गणपथ के पीछे की गतिशील टीम ने मुंबई के आइकोनिक गेयटी गैलेक्सी सिनेमा में एक ग्रैंड इवेंट का आयोजन किया, जिसे भारत के एक्शन सुपरस्टार टाइगर श्रॉफ ने अपनी मौजूदगी से और रोशन कर दिया।इस इवेंट की शुरुआत टाइगर श्रॉफ की ग्रैंड एंट्री के साथ हुई जिन्होंने पारंपरिक ढोल की धुन पर स्टेज पर एक शानदार डांस परफॉर्मेंस के साथ धूम मचाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। वहीं, क्राउड की जबरदस्त चियरिंग के बीच, मार्शल आर्ट के शौकीन बच्चों के सपने भी सच हो गए क्योंकि टाइगर ने उन्हें स्पेशल गणपत मर्चेंडाइज देखर उन्हें सरप्राइज किया, जिससे उनका दिन यादगार बन गया।

टाइगर श्रॉफ यहीं नहीं रुके, इस दौरान वह अपने फैन्स के बीच शामिल हो गए जो अपने फेवरेट सुपरस्टार की एक झलक पाने के लिए वहां आए थे। ऐसे में यह फैन्स के लिए टाइगर से मिलने, बातचीत करने, एक्साइटमेंट शेयर करने और यादगार पल बनाने का एक गोल्डन चांस था। वहीं एक स्पेशल ट्रीट के रूप में, टाइगर ने भी फिल्म के जल्द ही रिलीज़ होने वाले गाने सारा ज़माना की झलक दे फैन्स और दर्शकों को सरप्राइज कर दिया। इसके बाद तो मानों पूरा थिएटर ही सीटियों और तालियों से गूंज उठा क्योंकि फैन्स के लिए अपना एक्साइटमेंट कंट्रोल कर पाना मुश्किल हो गया।

ये मौका किसी शानदार तमाशे से कम नहीं था, जहां हर क्षेत्र के फैंस एक साथ आए, जल्द रिलीज होने वाले गणपत के रिलीज का जश्न मनाने के लिए। इस इवेंट का सबसे बड़ा अट्रैक्शन बेशक फिल्म का सबसे बड़ा कटऑउट था जिसने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा, जो चीज इस सिनेमेटिक फिल्म के इर्द गिर्द के बड़े इंतजार का सबसे बड़ा सबूत है। गणपत की दीवानगी देश में सभी के सिर चढ़कर बोल रही है, पूजा एंटरटेनमेंट गुड कंपनी के सहयोग से गणपत- ए हीरो इज़ बॉर्न प्रस्तुत करता है, जिसका निर्देशन विकास बहल ने किया है।

फिल्म का निर्माण वाशु भगनानी, जैकी भगनानी, दीपशिखा देशमुख और विकास बहल ने किया हैं। यह फिल्म 20 अक्टूबर, 2023 को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में दुनिया भर में रिलीज के लिए तैयार है।फैंस फिल्म के रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, यानी की 20 अक्टूबर, 2023। एक्शन से भरपूर यह फिल्म सिनेमेटिक एक्सपीरियंस है, जो फैंस के उम्मीदों से कहीं ज्यादा है, यह कहा जा सकता है इंडियन सिनेमा में फिल्म एक नया दौर ला सकती है।